सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 21 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 107, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 26.76 अंकों की उछाल

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 26.76 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 78,520.30 अंक पर बंद हुआ। } 10

बंगाल में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तृणमलू कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल को अराजकता के दौर में धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा महिला सुरक्षा के लिए दुर्गा स्कवाड का गठन किया जायेगा। } 12



जम्मू-कश्मीर : खाई में गिरी बस, 21 लोगों की मौत

प्रधानमंत्री समेत वरिष्ठ नेताओं ने जताया दुख, मृतकों को 2-2 लाख की मदद

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को एक बस के पहाड़ी मार्ग से गिरने के कारण 21 लोगों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बस ने एक ऑटो-रिक्शा को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीपहिया वाहन में सवार लोग घायल हो गए।

उन्होंने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 10 बजे रामनगर क्षेत्र में एक तीखे मोड़ पर उस वक्त हुआ जब निजी बस का चालक नियंत्रण खो बैठा। पहाड़ी मार्ग से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। बस में करीब 50 यात्री सवार थे जिनमें अधिकांश अपने दैनिक कामकाज के लिए रामनगर से उधमपुर जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका ऊपरी हिस्सा लगभग पूरी तरह उखड़ गया जिससे बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया। उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने घटनास्थल पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

मुख्यमंत्री ने गेहूं खरीद में किसानों को दी बड़ी राहत

फार्मर रजिस्ट्री के बिना भी सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेच सकेंगे किसान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद में किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने किसानों को हो रही असुविधा के दृष्टिगत बड़ा फैसला लेते हुए घोषणा की कि फार्मर रजिस्ट्री के बिना भी किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेच सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान पूर्व की भांति ही अपना गेहूं बेच सकेंगे। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को तत्काल इस व्यवस्था को लागू करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि क्रय केंद्रों पर गेहूं बिक्री के लिए आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बेतहाशा गर्मी को देखते हुए सभी क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए पानी, पंखा, छाजन समेत सभी मूलभूत आवश्यकताओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक, 20 अप्रैल दोपहर 11 बजे तक 42 हजार से अधिक किसानों से 2.38 लाख मीट्रिक टन से गेहूं खरीद की जा चुकी है। गेहूं बिक्री के लिए अब तक 4.77 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण भी कर लिया है। अब तक प्रदेश में 5400 से अधिक क्रय केंद्र स्थापित कर लिए गए हैं। यूपी सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि किसानों को हो रही असुविधा को देखते हुए यह बड़ा फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने कहा है कि अब किसानों को प्रदेश के किसी भी क्रय केंद्र पर अपना गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्री दिखाने की जरूरत नहीं होगी। इस फैसले से छोटे किसानों को फायदा होगा, क्योंकि वे अपना गेहूं सेंटर पर नहीं बेच पाते थे और बिचौलिये इसका फायदा उठाकर कमीशनखोरी करते थे। बता दें कि इस वर्ष गेहूं खरीद के लिए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य की गई थी। कई किसानों का पंजीकरण न होने या तकनीकी दिक्कतों के ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

जेल में ही रहेंगे पूर्व मंत्री आजम खां और अब्दुल्ला

रामपुर (उप्र)। फर्जी पैन कार्ड मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री आजम खां और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को रामपुर की सांसद (एमपी)/विधायक (एमएलए) सत्र न्यायालय से झटका लगा है। इस अदालत ने दोनों को सुनायी गयी सजा के खिलाफ उनकी अपीलें सोमवार को खारिज कर दीं। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सीमा सिंह राणा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जाली पैन पैनकार्ड बनवाने के मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की अपीलों को आज एमपीएमएलए सत्र न्यायालय के न्यायाधीश डॉक्टर विजय कुमार ने खारिज कर दिया। दोनों ने उन्हें सांसदविधायक अवर अदालत से नवंबर 2025 में सुनायी गयी सात-सात साल कैद की सजा के खिलाफ ये अपीलें दायर की थीं। सिंह ने बताया कि एमपीएमएलए सत्र न्यायालय ने इस मामले में अपना फैसला छह अप्रैल को सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज सुनाया गया।

तालाब में डूबने से तीन भाई-बहनों की मौत

प्रतापगढ़। जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर कंधई थानाक्षेत्र में सोमवार दोपहर एक तालाब में तीन सगे भाई-बहनों की डूबने से मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह ने बताया कि साल्हीपुर कंजास गांव में विजय बहादुर यादव की बेटी रानी (12), बेटे मोहित (नौ) एवं रोहित (छह) घर के निकट ही तालाब में रोज़ की तरह आज दोपहर भी नहाने गए थे, मगर बहुत देर तक घर वापस न आने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। ऐसे में परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों की तलाश शुरू की गयी, काफी मशक्कत के बाद तीनों बच्चे तालाब से बाहर निकाले गये लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

बंगाल में दीदी का खेला खत्म, अब होगा विकास : योगी

सैंड-कोल-कैटल माफिया चूस रहे बंगाल, ममता दीदी को जय श्रीराम के नारे से चिढ़

एजेंसी

पश्चिम मेदिनीपुर/पुरुलिया। पश्चिम बंगाल के चुनावी दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंगला, जॉयपुर और गारबेटा विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में नौजवान परेशान, किसान हताश और उद्योग-धंधे चौपट हो चुके हैं, जबकि ममता बनर्जी की सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में लगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैंड, कोल, लैंड और कैटल माफिया बंगाल को चूस रहे हैं, लेकिन सरकार कार्रवाई नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा, शोभायात्रा और धार्मिक आयोजनों पर प्रतिबंध जैसी घटनाएं राज्य की स्थिति को दशार्ती हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार आने से ही बंगाल में विकास की नई शुरूआत होगी।

जॉयपुर की सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की गौरवशाली परंपरा रवींद्रनाथ ठाकुर, स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस और रामकृष्ण परमहंस जैसी विभूतियों से जुड़ी है, लेकिन आज प्रतिभा पलायन कर रही है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी कहती हैं खेला होवे, लेकिन इस बार खेला खत्म होगा और विकास प्रारंभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी मुक्त बंगाल का मतलब है विकास की शुरूआत। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि केंद्र सरकार की भेजी गई विकास योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंच रहा। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि 2017 से पहले यूपी में अराजकता थी, लेकिन अब नो कर्फ्यू-नो दंगा की स्थिति है। उन्होंने कहा कि गरीबों को आवास, राशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ मिला है और कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का भी जिक्र किया। गारबेटा में आयोजित रैली में बड़ी संख्या में लोग सड़कों, छतों और वाहनों पर खड़े होकर मुख्यमंत्री का संबोधन सुनते नजर आए। यहां उन्होंने कहा कि टीएमसी का मतलब टेरर, माफियाराज और करप्शन है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

नारी शक्ति मुद्दे पर भाजपा आक्रामक विपक्ष को घेरने के लिए आज पदयात्रा

लखनऊ। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक संसद के विशेष सत्र में पारित न हो पाने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष के खिलाफ आक्रामक रुख अपना लिया है। पार्टी ने प्रदेश स्तर पर इस मुद्दे को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की है और कई बड़े कार्यक्रमों की घोषणा की है। भाजपा का कहना है कि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को पारित न होने देना विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को दर्शाता है। पार्टी अब जनसभाओं, महिला सम्मेलनों और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से इस विषय को जनता के बीच प्रमुखता से उठाने की तैयारी कर रही है।

रणनीति के तहत भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव और शहर-शहर जाकर महिलाओं से संवाद करेंगे और विपक्ष को महिला विरोधी बताने का अभियान चलाएंगे। पार्टी का लक्ष्य इस मुद्दे को जनचर्चा का केंद्र बनाना और राजनीतिक स्तर पर विपक्ष को घेरना है। भाजपा की ओर से 21 अप्रैल से राज्य में अभियान ...शेष पृष्ठ 10 पर

राहुल मामले की सुनवाई से अलग हुए न्यायाधीश

लखनऊ। राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता विवाद मामले में सुनवायी कर रहे, इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने खुद को इस केस की सुनवाई से अलग कर लिया है।

जस्टिस विद्यार्थी ने मामले के रिकॉर्ड को चीज जस्टिस के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है ताकि नये जज को मामले को आवंटित किया जा सके। अपने आदेश में जस्टिस विद्यार्थी ने स्वीकार किया कि राहुल गांधी के खिलाफ गत 17 अप्रैल को खुली अदालत में फैसला लिखाने से पहले उन्हें केस के प्रस्तावित अभियुक्त राहुल गांधी को नोटिस जारी कर उनका पक्ष सुनना चाहिए था। कोर्ट ने इसके लिए सभी पक्षकारों को आड़े हाथों लिया कि उन्होंने पूंछने के बावजूद कोर्ट को सही कानूनी स्थिति नहीं बतायी जिसके चलते उसके लिए मामले में अप्रिय स्थिति बन गयी। जस्टिस विद्यार्थी ने इस मामले में सुनवायी पूरी करके 17 अप्रैल को खुली अदालत में अपना फैसला लिखा दिया। किन्तु आदेश के टाइप होने व उस पर हस्ताक्षर करके जारी करने से पहले जस्टिस विद्यार्थी के संज्ञान में इलाहाबाद ...शेष पृष्ठ 10 पर

बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 10 जिलों के डीएम बदले

24 आईएएस अधिकारियों के तबादले, कल 40 अफसर हुए थे इधर से उधर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए दूसरे दिन कई जिलों में नए जिलाधिकारियों की तैनाती की है। इस बदलाव में अलीगढ़, अयोध्या, बाराबंकी और गाजीपुर समेत कई जिलों में नए डीएम नियुक्त किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार अविनाश कुमार को अलीगढ़, शशांक त्रिपाठी को अयोध्या तथा इशान प्रताप सिंह को बाराबंकी का जिलाधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही शासन स्तर पर भी कई आईएएस अधिकारियों को अहम विभागों में नई जिम्मेदारी दी गई है। रविवार को 40 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया था। इसके बाद सोमवार को फिर 24 अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया। इस क्रम में कुल 10 जिलों के जिलाधिकारियों को बदला गया है। सरकार का मानना है कि इस प्रशासनिक फेरबदल से कामकाज में तेजी आएगी और व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी। अधिकारियों को जल्द कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगातार दो दिनों से आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। सोमवार को जारी सूची के अनुसार, गाजीपुर के डीएम अविनाश कुमार को अलीगढ़ का डीएम, अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद अरविंद सिंह को एटा का डीएम, विशेष सचिव पीडब्ल्यूडी अमित आसेरी को बांदा का डीएम, उपाध्यक्ष बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण डॉ. अंकुर लाठर को फरूर्खाबाद का डीएम बनाया गया है। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष कविता मीना को हापुड़ का डीएम, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया को अम्बेडकरनगर का डीएम, यूपी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण कानपुर नगर के एसीईओ चर्चित गौड़ को सोनभद्र का डीएम, अम्बेडकरनगर के डीएम अनुपम शुक्ला को गाजीपुर का डीएम, बाराबंकी के ...शेष पृष्ठ 10 पर

जापान में 7.4 तीव्रता का भूकंप

तोक्यो। उत्तरी जापान के तटीय क्षेत्र के पास 7.4 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने स्थिति को देखते हुए सुनामी का अलर्ट जारी किया है। एजेंसी ने बताया कि स्थानीय समयानुसार शाम चार बजकर 53 मिनट पर आए इस भूकंप का केंद्र उत्तरी जापान के सनरिकु तट के पास समुद्र की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में था।

एजेंसी के अनुसार, कुजी बंदरगाह पर करीब 80 सेंटीमीटर (2.6 फुट) ऊंची लहरे उठीं, जबकि इसी प्रांत के एक अन्य बंदरगाह पर लगभग 40 सेंटीमीटर (1.3 फुट) ऊंची लहर दर्ज की गई। इसने चेतावनी जारी करते हुए क्षेत्र के लोगों से तत्काल समुद्र तटों और नदियों के किनारों से दूर रहने तथा सुरक्षित स्थानों ...शेष पृष्ठ 10 पर

ईरान-अमेरिका के बीच वार्ता पर संदेह

होर्मुज जलडमरूमध्य के आस-पास फिर से शुरू हुआ संघर्ष

एजेंसी

इस्लामाबाद। नाजुक युद्धविराम के समाप्त होने के कुछ ही दिन पहले पाकिस्तान सोमवार को अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता के एक नये दौर की तैयारी में जुट गया, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास फिर से शुरू हुए संघर्ष के कारण यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यह बैठक हो भी पाएगी या नहीं।

सप्ताहांत में, अमेरिका ने एक ईरानी ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर हमला किया और उसे जब्त कर लिया। अमेरिका का कहना था कि उसने (मालवाहक जहाज ने) ईरानी बंदरगाहों की उसकी नाकेबंदी से बचने की कोशिश की थी। ईरान के सरकारी मीडिया की खबर है कि तेहरान के संयुक्त सैन्य कमान ने जवाबी कार्वाई करने का संकल्प लिया और उसके विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष से कहा कि ईरानी जहाजों और बंदरगाहों पर अमेरिकी खतरे नियोजित वार्ता से पहले अमेरिका की कपटता के स्पष्ट संकेत हैं। तनाव बढ़ने और सप्ताह के मध्य में युद्धविराम की समाप्ति के मद्देनजर, पाकिस्तान ने योजनानुसार मंगलवार को फिर से वार्ता करने के उद्देश्य से पिछले 24 घंटों में अमेरिका और ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

हर घर रोशनी की योगी सरकार की नीति को मिली अंतर्राष्ट्रीय मान्यता

नासा के वर्ल्ड नाइट मैप में चमका यूपी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। नासा की ओर से जारी वर्ल्ड नाइट मैप में उत्तर प्रदेश का दुनिया के सबसे अधिक रोशन क्षेत्रों में प्रमुखता से उभरना प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बनकर सामने आया है। यह केवल रोशनी का दृश्यात्मक आंकलन नहीं, बल्कि योगी सरकार के सबको बिजली, पर्याप्त बिजली और गुणवत्तापूर्ण बिजली के संकल्प की वैश्विक पुष्टि है। दरअसल, नासा ने सैटेलाइट तस्वीरों पर आधारित एक नया ग्लोबल मैप जारी किया है, जिसमें दिखाया गया है कि 2014 से 2022 के बीच पृथ्वी पर रात की रोशनी में कैसे बदलाव आया है? वैज्ञानिकों ने पृथ्वी की तस्वीर बनाने के लिए नौ सालों तक हर रात जमा की गई 16 लाख सैटेलाइट तस्वीरों का विश्लेषण किया। नतीजों से पता चला कि शहरी विकास के कारण उत्तरी भारत में, खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार में रात की रोशनी का स्तर बढ़ गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने ऊर्जा क्षेत्र में बीते वर्षों में जो संरचनात्मक बदलाव किए हैं, उनका प्रभाव अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी दिखाई दे रहा है। गांव से शहर तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने नीति, प्रबंधन और तकनीक के स्तर पर व्यापक सुधार किए हैं। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को नई दिशा मिली है। उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड वृद्धि के साथ-साथ ऊर्जा के विविध स्रोतों को मजबूत किया गया है, जिससे बढ़ती ...शेष पृष्ठ 10 पर

आयुष्मान भारत का लाभ देने में यूपी देश में अव्वल

नेशनल हेल्थ अथॉरिटी ने पुणे में आयोजित शिविर में किया सम्मानित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ अधिकतम लाभार्थियों तक पहुंचाने में देश में अग्रणी स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के लिए नेशनल हेल्थ अथॉरिटी (एनएचए) ने पुणे में 17 और 18 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में उत्तर प्रदेश को सम्मानित किया। प्रदेश को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ-साथ आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के उत्कृष्ट संचालन के लिए भी पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और डिजिटल हेल्थ सिस्टम को मजबूत करने में किए गए प्रयासों की सराहना के रूप में दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी और साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने और डिजिटल प्लेटफॉर्म के व्यापक उपयोग के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, पारदर्शिता और डिजिटलीकरण की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है, जिससे लाभार्थियों को बेहतर और सुलभ इलाज मिल रहा है। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान समय में कुल 6,433 अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध हैं, जिनमें 3,521 निजी और 2,912 ...शेष पृष्ठ 10 पर

जनसेवा सरकार का कर्तव्य, इसी पथ पर चल रही सरकार : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार अपने कर्तव्य पथ पर चलकर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है। हर उचित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संकल्पित है।

बरेली की रहने वालीं दीप्ति 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना दर्द बयां किया। बताया कि वह किराए के मकान में रहती हैं और ठेला लगाकर जीवनयापन कर रही हैं। आर्थिक विपन्नता के कारण बच्चों के लालन-पालन में काफी परेशानी हो रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने बरेली के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला की समस्या सुनकर पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाते हुए स्थानीय स्तर पर समस्या का त्वरित समाधान कराएं।

सीएम की संवेदनशीलता को देखकर दीप्ति की आंखें भर आईं। चेहरे पर खुशी का भाव लिए हुए उन्होंने जाते-जाते मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और उन्हें ढेर सारी दुआएं भी दीं। 'जनता

- 'जनता दर्शन' में दर्द लेकर आईं, दुआ देकर गईं दीप्ति

दर्शन' में कुछ लोगों ने आवास की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने उनकी बातें सुनते हुए आश्वस्त किया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करा रही है। सीएम ने संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को आवेदकों का पत्र भेजते हुए उन्हें निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर इन्हें भी आवास योजना का लाभ दिलाएं। इन लोगों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। मुख्यमंत्री के पास कुछ लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने तत्काल एस्टिमेट बनवाकर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आप परिजन की चिंता कीजिए, इलाज की चिंता सरकार करेगी।

वहीं कुछ अभिभावकों ने आर्थिक परेशानी का जिक्र करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर चिंता जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी बच्चे का स्कूल नहीं छूटना चाहिए। बच्चे जहां पढ़ रहे हैं, वहीं उनकी शिक्षा जारी रहे, इसके लिए प्रबंधन से वार्ता कर बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जाए। सीएम ने अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही का संज्ञान लेते हुए इन प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई कराने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन समस्या का समाधान कराकर पीड़ितों को संतुष्ट करे।

महिला के विकास और उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध

लखनऊ। भाजपा लखनऊ महानगर की बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से देश की महिलाओं के लिए उत्थान एवं विकास के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं देने का काम किया है और इन योजनाओं से काफी सुखद अनुभव महिलाओं को हो रहा है। देश की आधी आबादी की दृष्टि से एक नारी शक्ति के लिए महायज्ञ का काम था । नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करना महिलाओं के लिए राजनीतिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में सभी विपक्षी पार्टी के सांसदों से इस अधिनियम को पास करने के लिए समर्थन एवं सहयोग मांगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमारा पोलिटिकल क्रेडिट लेने का कोई उद्देश्य नहीं है हमारा उद्देश्य महिलाओं को सशक्तिकरण करने के लिए प्रतिबद्धता है। भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ नीरज सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर में इस नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया था उससे ये विपक्षीय पार्टियों ने समर्थन नहीं किया इस पर विरोध दर्ज करने के लिए मंगलवार को सुबह सड़क पर महिला मतदाता उतरकर आक्रोश दर्ज करेगी। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि मंगलवार को कालिदास स्थित मुख्यमंत्री आवास से विशाल आक्रोश रैली में मतदाता महिलाए सड़को पर उतरकर विपक्षीय पार्टियों का विरोध प्रदर्शन करेगी। रैली मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ होकर विधानसभा तक आयोजित की जाएगी।

विकास के साथ विरासत का सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

- सरकार गढ़ रही नए उत्तर प्रदेश की पहचान
- एक्सप्रेस-वे से रश्मिरथी पर्व तक, विकास और संस्कृति का संतुलित मॉडल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ महापुरुषों की विरासत को सम्मान देने की दिशा में योगी सरकार लगातार सकारात्मक पहल कर रही है। प्रदेश में एक ओर जहां एक्सप्रेस-वे, मेडिकल कॉलेज, स्मार्ट सिटी, निवेश और रोजगार के नए अवसर तैयार किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रनायकों, संतों, साहित्यकारों और समाज सुधारकों की स्मृतियों को सहेजने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। यही संतुलित सोच योगी सरकार की कार्यशैली को अलग पहचान दे रही है।

सरकार का कहना है कि केवल भौतिक विकास ही पर्याप्त नहीं, बल्कि समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों, प्रेरणास्रोत महापुरुषों और ऐतिहासिक विरासत से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच के तहत प्रदेश में समय-समय पर महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि पर बड़े स्तर पर आयोजन किए जा रहे हैं। इनमें बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, स्वामी विवेकानंद, महाराजा सुहेलदेव, संत रविदास, कबीरदास, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जैसे महान व्यक्तित्वों को सम्मानपूर्वक याद किया जाता है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि पर 24 से 26 अप्रैल तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय ह्यरश्मिरथी पर्वह्न आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रकवि दिनकर की कालजयी कृति रश्मिरथी के हीरक जयंती वर्ष (75 वर्ष) पर हो रहे इस आयोजन में साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रचिंतन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि होंगे, जबकि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वहीं 24 अप्रैल को रश्मिरथी संवाद स्मारिका का लोकार्पण, राष्ट्रीय परिसंवाद तथा रश्मिरथी नाटक का मंचन होगा। 25 अप्रैल को स्वामी विवेकानंद के सांस्कृतिक भारत निर्माण में योगदान पर परिसंवाद और नाटक प्रस्तुत किया जाएगा। 26 अप्रैल को लोकमान्य तिलक एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर चर्चा होगी। साथ ही अटल जी की कविताओं पर आधारित संगीतमय नृत्य नाटिका अटल स्वरांजलि तथा लोकमान्य तिलक नाटक मंचित होगा। यूपी में ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान, संघर्ष और सामाजिक समरसता की प्रेरणा मिलती है। स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में निबंध, वाद-विवाद, कविता पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए नई पीढ़ी को महापुरुषों के विचारों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। योगी सरकार के कार्यकाल में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी नई ऊंचाई मिली है। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, चित्रकूट और नैमिषारण्य जैसे स्थलों का व्यापक विकास किया गया है। इससे प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान मजबूत हुई है और रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए हैं।

कुछ राजनीतिक दल स्वार्थ के चलते बिगाड़ रहे सरकार की छवि

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी का एक ही सिद्धांत है कि किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सभी सुविधाएं पहुंचे लेकिन कुछ राजनीतिक दल आपने निजी स्वार्थ के चलते अनाप-शनाप बयान बाजी कर सरकार की छवि को बिगड़ने का काम कर रहे हैं। यह बात सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य नौमेष त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा की भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है जनता का हित ही भाजपा के लिए सर्वोपरि है देश में जब से भाजपा की सरकार आई है पिछले 12 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी के नेतृत्व में कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जो विकास से वंचित हो उन्होंने कहा हमारे लिए राष्ट्र वाद सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश बुलंदियों को छू रहा है प्रदेश में सख्त कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों में की भावना व्याप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि आज निवेश के नाम पर प्रदेश में बड़ी-बड़ी कंपनियां आ रही हैं इससे नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। श्री त्रिपाठी ने कहा मुद्दा विहीन हो चुकी विपक्ष दल लोकसभा और राज्यसभा लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को पास नहीं होने दिया इससे यह साफ हो गया है कि यह दल महिलाओं को आगे नहीं बढ़ाना चाहती हैं।

गंगा एक्सप्रेसवे पर 120 किमी की रफ्तार से फर्राटा भरेंगे वाहन

विशेष संवाददाता (vol)

एक्सप्रेसवे के जरिए मेरठ से प्रयागराज तक सीधा संपर्क स्थापित होगा ‖ शाहजहांपुर के पास एक्सप्रेसवे पर 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी भी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में एक और बड़ा अध्याय जुड़ने जा रहा है। बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे का 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पण प्रस्तावित है। यह परियोजना प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों को सीधे जोड़ते हुए आवागमन, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली मानी जा रही है। गंगा एक्सप्रेसवे को 120 किमी/घंटा की स्पीड के अनुसार डिजाइन किया गया है। इसका मतलब है कि मेरठ से प्रयागराज की लंबी दूरी अब पहले के मुकाबले काफी कम समय में तय की जा सकेगी। जहां पहले यह सफर 10-12 घंटे लेता था, अब 6-7 घंटे में पूरा हो सकेगा। इससे आम यात्रियों के साथ-साथ माल ढुलाई करने वाले वाहनों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) के एसीईओ हरि प्रताप शाही के अनुसार, यह एक्सप्रेसवे 6 लेन में तैयार किया गया है, जिसे भविष्य में 8 लेन तक विस्तारित किया जा सकता है। इसकी कुल लंबाई लगभग 594 किमी है और राइट ऑफ-वे 120 मीटर चौड़ा रखा गया है, जिससे यातायात सुगम और सुरक्षित रहेगा। परियोजना को 4 समूहों में बांटकर विकसित किया गया है, जिससे निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सका। इसमें आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों और उच्च गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है।

एक्सप्रेसवे पर 2 मुख्य टोल प्लाजा (मेरठ और प्रयागराज) के साथ 19 रैम्प टोल प्लाजा बनाए गए हैं। इससे वाहन चालकों को विभिन्न कट्स पर एंट्री और एग्जिट में आसानी होगी और जाम की स्थिति कम होगी। इसके अलावा यात्रियों के लिए 9 जन-सुविधा परिसरों का निर्माण किया गया है, जहां ईंधन, खानपान, शौचालय और विश्राम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे लंबी दूरी की यात्रा अधिक आरामदायक बन सकेगी। इस परियोजना में गंगा नदी पर लगभग 960 मीटर लंबा और रामगंगा नदी पर करीब 720 मीटर लंबा पुल बनाया गया है। ये पुल न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि बाढ़ और जल प्रवाह को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक डिजाइन पर आधारित हैं। शाहजहांपुर के पास लगभग 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है, जो इस एक्सप्रेसवे की खास पहचान बन चुकी है। यहां इंडियन एयर फोर्स द्वारा इमरजेंसी लैंडिंग का सफल परीक्षण किया जा चुका है। यह सुविधा किसी भी आपात स्थिति जैसे प्राकृतिक आपदा या सैन्य जरूरत में बेहद उपयोगी साबित होगी, जिससे एक्सप्रेसवे की सामरिक महत्ता भी बढ़ जाती है। गंगा एक्सप्रेसवे के चालू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र और पूर्वी यूपी के कृषि प्रधान क्षेत्रों के बीच सीधा और तेज संपर्क स्थापित होगा। किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक पहुंचाने में आसानी होगी। उद्योगों को कच्चे माल और तैयार उत्पाद के परिवहन में समय और लागत की बचत होगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, खासकर धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंच आसान होगी। यह एक्सप्रेसवे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के समग्र विकास का इंजन है। बेहतर कनेक्टिविटी से निवेश आकर्षित होगा, नए रोजगार सृजित होंगे और प्रदेश ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में और मजबूत होगा।

पीड़ित परिवारों की हर संभव करेंगे सहायता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को विकास नगर क्षेत्र स्थित टेढ़ी पुलिया पहुंचकर हाल ही में हुए अग्निकांड से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों का हालचाल जाना और हर संभव सहायता करने का अश्वासन दिया। श्री राय ने कहा कि इस कठिन समय में कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को राशन, कपडे, खाने पीने की राहत सामग्री भी वितरित की तथा उनके पुनर्वास की दिशा में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, मुकेश सिंह चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डा. शहजाद आलम, आसिफ रिजवी रिंकू, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, डा. अमित राय, अरशद खुर्शीद, कै. वंशीधर मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, हम्माम वहीद, आर्यन मिश्रा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं स्थानीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

लगातार बढ़ रही है बेतहासा बेरोजगारी : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई और उनके संगी-साथी साजिशों से बाज नहीं आएंगे। अब नकली विरोध की शूटिंग कराई जा रही है,। इसमें शामिल युवक-युवतियों का हम कोई दोष नहीं मानते हैं क्योंकि बेतहाशा बेरोजगारी के इस भाजपाई दौर में मजबूर होकर दो पैसों की उम्मीद में लोग कुछ भी करने को तैयार हैं। भाजपा पहले गरीबी-मजबूरी पैदा करती है, फिर उन बेबस लोगों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए उन्हें अपने गंदे इरादों के लिए इस्तेमाल करती है। बंद कमरों में गुप्त योजना बनानेवाले ये भूमिगत लोग अपनी ह्यकाली करतूतोंह्न के कारण दुनिया के काले इतिहास में काली स्याही से लिखे जाएंगे। ये छल, धोखे और कपट का अंडरग्राउंड गैंग है।

मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर डुप्लीकेट मतदाता: सपा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि 166 दिनों तक चलाई गई एसआईआर प्रक्रिया के बाद भी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर डुप्लीकेट मतदाता व एक मतदाता का नाम चार-चार बार दर्ज होना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची की शुद्धता व त्रुटि रहित बनाने के दावे पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे है। समाजवादी पार्टी की माँग है कि प्रदेश की सभी 403 विधान सभाओं में डुप्लीकेट व मल्टीपल इन्टरीज (दोहरी व बहुप्रविष्ट) मतदाताओं की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाकर चिन्हित कर के डुप्लीकेट व चार-चार बार दर्ज मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटा कर मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाया जाये जिससे कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2027 स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक सम्पन्न हो सके। रायबरेली, 180-रायबरेली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के पोलिंग बूथ संख्या (भाग संख्या) 111 में मतदाता मो0 राशिद पिता का नाम मो0 याकूब का नाम चार जगह दर्ज है, तथा चारो जगह इपिक नम्बर अलग-अलग है।

स्कूल चलो अभियान से लाखों बच्चों की वापसी, सरकारी स्कूलों पर बढ़ा भरोसा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग ने पिछले नौ वर्षों में व्यापक बदलाव दर्ज किए हैं। स्कूल चलो अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों में नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2024-25 में 13.22 लाख और 2025-26 में 15.84 लाख बच्चों का नामांकन हुआ। चालू सत्र में 20 अप्रैल तक मात्र 20 दिनों में 8.79 लाख से अधिक नए बच्चों का पंजीकरण दर्ज किया गया है।

आउट ऑफ स्कूल बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सर्वे आधारित रणनीति अपनाई गई। वर्ष 2024-25 में 7.73 लाख बच्चों की पहचान कर उनमें से 2.69 लाख को कक्षा-1 में सीधे प्रवेश दिया गया, जबकि 5.04 लाख बच्चों को विशेष प्रशिक्षण के जरिए विद्यालयों से जोड़ा गया। आर्थिक बाधाओं को कम करने के लिए 1.30 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, बैग और स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये प्रति छात्र की सहायता दी जा रही है। कक्षा 1 से 8 तक निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत

- ऑपरेशन कायाकल्प व स्मार्ट क्लास से मजबूत हुई शिक्षा व्यवस्था

1.32 लाख से अधिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं विकसित की गईं। वर्ष 2017-18 में जहां 36 प्रतिशत विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से युक्त थे, वहीं अब यह आंकड़ा 96.30 प्रतिशत तक पहुंच गया है। प्रदेश के 75 जनपदों में 150 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हजारों स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। 2.61 लाख शिक्षकों को टैबलेट वितरित किए गए हैं और बड़ी संख्या में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के माध्यम से बालिका शिक्षा को मजबूती मिली है। वहीं पीएम पोषण योजना के तहत 1.52 करोड़ विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार ने शिक्षा कर्मियों के हित में 1.68 लाख शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि भी की है।

मोदी तय नहीं कर पा रहे हैं कि वे क्या कहें : अजय राय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक वीडियो मीडिया के समक्ष दिखाया, जिसमें वह वर्ष 2023 में समस्त विपक्ष को महिला आरक्षण बिल पास होने की बधाई दे रहे हैं। फिर वर्ष 2026 में उनका राष्ट्र के नाम संबोधन दिखा रहे हैं, जिसमें वह कांग्रेस को बिल ना पास होने देने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। श्री राय ने कहा कि मोदी तय नहीं कर पा रहे हैं कि वो क्या कहें, क्या इल्जाम लगाए, सच तो यह है कि वह अपने जाल में स्वयं फंस गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने बडी ही कुटिल तरीके से महिलाओं के आरक्षण को (जिस पर पहले ही निर्णय हो चुका था) परिसीमन के साथ जोड़ने का कुत्सित प्रसास किया। समूचे विपक्ष ने उनकी इस चाल को समझ लिया और उनके इस चालाकी भरे प्रयास को निर्णायक रूप से पराजित कर दिया। यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था, हमारे संघीय ढाँचे और संविधान की जीत है। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिला हितों के लिए समर्पित दल रहा है। हमारी सोच आजादी के नायकों द्वारा रखी गई नींव से प्रभावित है, हमने पहली महिला के रूप में एनी बेसेंट को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया था, आजादी के बाद पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में सुचेता कृपलानी, पहली महिला के रूप में इंदिरा गांधी जी को देश का प्रधानमंत्री, पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती प्रतिभा पाटिल तथा पहली महिला लोकसभा अध्यक्ष के रूप में मीरा कुमार के रूप नारी शक्ति के रूप में सशक्त बनाया।

समाजवादी सरकार बनने पर उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त: अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

- महिलाओं को साल में 40 हजार रुपए पेंशन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने घोषणा की है कि वर्ष 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। महिलाओं को साल में 40 हजार रुपए पेंशन में मिलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता स्वास्थ्य सेवाओं की बबार्दी, खाद की कमी से जूझ रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। श्री यादव सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में बुन्देल खण्ड सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए बड़ी संख्या में कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर चल रही बिजली की ठगी के खिलाफ उत्तर प्रदेश की जनता के गुस्से का मीटर हाई है, क्योंकि उसे पता चल गया है कि बेवजह जरूरत से ज्यादा मीटर रीडिंग आने और बिजली का खर्चा बेतहाशा बढ़ने का असली कारण भाजपा का भ्रष्टाचार है। भाजपा के बिजली मीटर भी, ईवीएम मशीन की तरह हेराफेरी करते हैं।

श्री यादव ने कहा है कि भाजपा झूठे आरोप लगाकर समाजवादियों को बदनाम करने की कोशिश करती है। भाजपा चाहे जितना भ्रामक प्रचार कर ले, उसकी एक भी चालाकी नहीं चल पाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकताओं को एकजुटता और आपसी तालमेल करके भाजपा को 2027 के विधानसभा चुनाव में पराजित करना है।

रेलवे तीन महीनों में देशभर में संचालित करेगा 18,262 विशेष ट्रेन ट्रिप

15 अप्रैल से 15 जुलाई तक 908 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों को मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय रेलवे ग्रीष्म ऋतु के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए और सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष ट्रेनें चला रहा है। रेलवे ने देश भर में बड़ी संख्या में विशेष ट्रेन सेवाओं को मंजूरी देकर गर्मी के चरम मौसम में यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 15 अप्रैल से 15 जुलाई, 2026 तक की अवधि के लिए कुल 908 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों को मंजूरी दी गई है, जो बढ़ी हुई यात्रा मांग को पूरा करने के लिए 18,262 ट्रिप संचालित करेंगी, इनमें से 660 ट्रेनों को पहले ही अधिसूचित किया जा चुका है, जिनमें 11,294 यात्राएं शामिल हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि नियोजित सेवाओं का एक बड़ा हिस्सा यात्रियों के लिए बुकिंग और यात्रा योजना बनाने के लिए काफी पहले से ही उपलब्ध है।

सभी प्रमुख जोनों में ग्रीष्मकालीन विशेष

- यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय

ट्रेनों का संचालन : दक्षिण मध्य रेलवे 124 ट्रेनों (1,184 ट्रिप) की मंजूरी और 76 ट्रेनों (324 ट्रिप) की अधिसूचना के साथ सबसे आगे है। पश्चिमी रेलवे ने 106 ट्रेनों (2,078 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 92 ट्रेनों (1,667 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। उत्तर पश्चिमी रेलवे ने 76 ट्रेनों (2,245 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है और 62 ट्रेनों (1,878 ट्रिप) को अधिसूचित कर दिया है। उत्तरी रेलवे ने 76 ट्रेनों (2,090 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 56 ट्रेनों (1,535 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। सेंट्रल रेलवे ने 74 ट्रेनों (3,082 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 70 ट्रेनों (2,238 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। दक्षिणी रेलवे ने 72 ट्रेनों (558 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 38 ट्रेनों (133 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने 64 ट्रेनों (2,711 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 38 ट्रेनों (1,060 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे ने 54 ट्रेनों (1,163 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 46 ट्रेनों (688 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। उत्तर पूर्वी रेलवे ने 52 ट्रेनों (814 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 34 ट्रेनों (477 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। ईस्ट कोस्ट रेलवे ने 28 ट्रेनों (410 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 18 ट्रेनों (88 ट्रिप) की सूचना जारी कर दी गई है। पश्चिम मध्य रेलवे ने 28 ट्रेनों (408 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 18 ट्रेनों (192 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। पूर्वी रेलवे ने 24 ट्रेनों (392 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 10 ट्रेनों (276 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे ने 24 ट्रेनों (220 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 20 ट्रेनों (141 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। दक्षिण पूर्वी रेलवे ने 20 ट्रेनों (276 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 18 ट्रेनों (250 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 10 ट्रेनों (122 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 8 ट्रेनों (70 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। दक्षिण पश्चिमी रेलवे ने 76 ट्रेनों (509 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 56 ट्रेनों (277 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है।

जीवन को सत्य और सदाचार से जोड़ता है श्रीमद्भागवत

धामी ने यमकेश्वर के वानप्रस्थ आश्रम में कथा श्रवण कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की

यमकेश्वर (पौड़ी गढ़वाल)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी जनपद के यमकेश्वर स्थित वानप्रस्थ आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सहभागिता कर श्रद्धालुओं के साथ कथा श्रवण किया। मुख्यमंत्री धामी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को प्रकाशमान करने वाला दिव्य ज्ञान है। यह मनुष्य में सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विकसित करती है।

उन्होंने कहा कि भागवत कथा भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों की अमूल्य धरोहर है। इसके श्रवण से व्यक्ति के भीतर आत्मिक शांति, संयम, करुणा, सेवा भाव और नैतिक चेतना का जागरण होता है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों की उपयोगिता और भी अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि ये समाज

को संस्कारों और नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, जहां आस्था, अध्यात्म और संस्कृति हर कण में बसती है। राज्य सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी गौरवशाली परंपराओं से जुड़ी रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। चारधाम यात्रा पहले की अपेक्षा अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनी है। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रू

नारी शक्ति वंदन पर 23 अप्रैल को विशेष सदन

महापौर ने बुलायी बैठक, विपक्ष करेगा बहिष्कार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम में 23 अप्रैल को विशेष सदन की बैठक बुलाई गई है। संसद के विशेष सत्र में पारित न हो पाने के बाद भाजपा पूरी तरह से विपक्ष पर आक्रामक है वहीं लखनऊ नगर निगम में भी इस मुद्दे पर निंदा प्रस्ताव लाए जाने की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक, इस प्रस्ताव के जरिए सत्तापक्ष महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल की ओर से विशेष सदन की बैठक बुलाए जाने के निर्देश नगर आयुक्त को दे दिए हैं।

बताया जा रहा है कि महापौर इस विशेष सदनके माध्यम से जनता को यह संदेश देने की कोशिश करेंगी कि विपक्ष महिलाओं से जुड़े अधिकारों के मुद्दों पर समर्थन नहीं दे रहा है। वहीं, विपक्ष की ओर से भी इस प्रस्ताव का विरोध करने और इसे राजनीतिक कदम बताए जाने की संभावना है। इस मुद्दे को लेकर सदन में तीखी बहस और हंगामे के आसार हैं, क्योंकि दोनों पक्ष अपने-अपने तर्कों के साथ रणनीति बना रहे हैं। वहीं, विपक्ष इस प्रस्ताव को राजनीतिक कदम बताते हुए इसका विरोध करने की तैयारी में है। विपक्षी पार्षदों का यह भी कहना है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के नाम पर प्रस्ताव लाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है। उनका यह भी तर्क है कि वास्तविक सशक्तिकरण के लिए जमीनी योजनाओं, बजट और सुविधाओं पर ठोस निर्णय जरूरी हैं। संभव है कि सपा व कांग्रेस दलों के पार्षद इस बैठक का बहिष्कार भी कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि विशेष सदन में नारी शक्ति वंदन प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के साथ अन्य नगर विकास से जुड़े मुद्दों को भी उठाया जा सकता है। पार्षद अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को लेकर भी आवाज उठा सकते हैं, जिससे बैठक में बहस का दायरा व्यापक होने की संभावना है। राजनीतिक दृष्टि से यह विशेष सदन अहम माना जा रहा है, क्योंकि दोनों पक्ष इस मुद्दे पर अपनी-अपनी रणनीति के साथ सदन में उतरेंगे। सत्तापक्ष जहां इसे महिलाओं के सम्मान से जोड़कर पेश करेगा, वहीं विपक्ष इसे राजनीतिक एजेंडा बताते हुए सवाल उठाने की तैयारी में है। ऐसे में सदन में तीखी बहस और संभावित हंगामे के आसार भी जताए जा रहे हैं।

विधायक डॉ. राजेश्वर ने खिलाड़ियों को दी सौगात

लखनऊ। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए बड़ा निर्णय लेते हुए आगामी टूर्नामेंट के लिए 2 लाख की आर्थिक सहायता तथा स्टेडियम की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से ही सशक्त, स्वस्थ और अनुशासित समाज का निर्माण संभव है।

सेक्टर-एच, ड्रीमवर्ल्ड वाटर पार्क, एलडीए कॉलोनी में उन्नाद टेनिस अकादमी की ओर से आयोजित मेन्स लॉन टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। साथ ही सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत इंटर स्कूल एवं इंटर स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए ड्रॉ एवं फिक्सचर मीट का आयोजन भी किया गया। भीषण गर्मी के बावजूद खिलाड़ियों के उत्साह की सराहना करते हुए विधायक ने युवाओं को हर संभव सहयोग देने की बात कही। उन्होंने सरोजनी नगर क्षेत्र में युवाओं के लिए मार्वल एवेंजर्स थीम पार्क विकसित कराने की भी घोषणा की। इंटर स्कूल वर्ग में लगभग 60 तथा इंटर स्पोर्ट्स क्लब वर्ग में लगभग 110 टीमों ने भाग लिया।

पिछले चार वर्षों में इस स्पोर्ट्स लीग के माध्यम से 10,000 से अधिक बच्चों को मंच मिल चुका है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 50,000 रुपये और उपविजेता टीम को 25,000 रुपये पुरस्कार दिया जाएगा। पंजीकरण निशुल्क रखा गया है तथा प्रतियोगिता तीन माह तक चलेगी।

मोबाइल टॉवर पूरी तरह सुरक्षित, अफवाहों से बचें

6,240 बीटीएस की जांच में सभी सुरक्षित मिले : दूरसंचार विभाग

विशेष संवाददाता (vol)

- 4000 रु शुल्क जमा कर विशेष टावर की करा सकते हैं जांच

लखनऊ। भारत सरकार के संचार मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत दूरसंचार विभाग की उत्तर प्रदेश पूर्व लाइसेंस सेवा क्षेत्र (एलएसए) इकाई ने मोबाइल टावरों से निकलने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड रेडिएशन को लेकर फैली भ्रांतियों को खारिज किया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि 5जी, 4 जी सहित सभी तकनीकों के मोबाइल टावर निर्धारित सुरक्षा मानकों के भीतर कार्य करते हैं और आम जनता को भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

विभाग के अनुसार 2जी से लेकर 5जी तक सभी मोबाइल नेटवर्क नॉन-आयनाइजिंग रेडियो फ्रीक्वेंसी का उपयोग करते हैं, जिनकी ऊर्जा इतनी कम होती है कि वे मानव शरीर या डीएनए को नुकसान नहीं पहुंचातीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इस तथ्य की पुष्टि कर चुका है। साथ ही भारत में लागू ईएमएफ उत्सर्जन मानक इंटरनेशनल कमीशन ऑन नॉन?आयनाइजिंग रेडिएशन प्रोटेक्शन के मानकों से भी अधिक कठोर बताए गए हैं। उत्तर प्रदेश (पूर्व) एलएसए के अंतर्गत स्थापित मोबाइल टावरों की नियमित निगरानी की जाती है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की ओर से स्व-प्रमाणन के बाद विभाग की टीम प्रत्येक वर्ष कुल टावरों के लगभग 5 प्रतिशत का औचक निरीक्षण कर एटऋ अनुपालन जांच करती है। वर्ष 2025-26 में क्षेत्र के 1,21,866 बेस ट्रांससीवर स्टेशन (बीटीएस) में से 6,240 की जांच की गई और सभी सुरक्षित सीमा के भीतर पाए गए। मानक उल्लंघन पर भारी जुर्माना और टावर बंद करने का प्रावधान भी है। उत्तर प्रदेश (पूर्व) एलएसए के अपर महानिदेशक दूरसंचार अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में संचालित सभी बीटीएस (2जी से 5जी तक) ईएमएफ अनुपालन मानकों पर खरे उतरे हैं और नियमित परीक्षण से जन-स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। पारदर्शिता के लिए विभाग ने तरंग संचार पोर्टल संचालित किया है, जहां नागरिक अपने आसपास लगे मोबाइल टावरों की जानकारी और उनके एटऋ अनुपालन की स्थिति देख सकते हैं।

किसी विशेष टावर की जांच के लिए नागरिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए 4000 रुपये का शुल्क निर्धारित है। दूरसंचार विभाग ने कहा कि 5जी सहित दूरसंचार सेवाओं का सुरक्षित विस्तार डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।

यूपीनेडा ने लॉन्च किया पीएम सूर्य घर पोर्टल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योगी सरकार लगातार तकनीक का सहारा ले रही है। इसी कड़ी में यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की निगरानी के लिए पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। नया पोर्टल योजना के सभी प्रमुख चरणों, आवेदन, स्वीकृति, सोलर संयंत्र की स्थापना और भुगतान की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की सुविधा प्रदान करता है। इससे न केवल अधिकारियों को कार्य प्रगति की सटीक जानकारी मिलेगी, बल्कि लाभार्थियों को भी अपने आवेदन की स्थिति जानने में आसानी होगी। योगी सरकार के डिजिटल गवर्नेंस मॉडल के तहत यह पहल सरकारी योजनाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने में सहायक होगी। गौरतलब है कि मिनिस्ट्री ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी (भारत सरकार) ने भी यूपीनेडा की ओर से विकसित इस मॉडल की सराहना की है। मंत्रालय ने केंद्रीय स्तर पर इसी प्रकार का पोर्टल विकसित करने के लिए यूपीनेडा से तकनीकी सहयोग का अनुरोध किया है। इसके लिए निदेशक इंद्रजीत सिंह की ओर से एक विशेष समिति का गठन किया गया है, जो केंद्र सरकार को तकनीकी सहायता प्रदान करेगी। यह पहल उत्तर प्रदेश को नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करती है। योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य में अब तक 4.80 लाख से अधिक घरेलू रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

110 आवंटियों ने एकमुश्त समाधान योजना के लिए किया आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में सोमवार को 85 आवंटियों ने एकमुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) के लिए आवेदन किया। इस दौरान हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारियों द्वारा लोगों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही ऑनलाइन फार्म भरने में आवंटियों को सहयोग प्रदान किया गया। इसे मिलाकर अभी तक ओटीएस के 110 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। योजना का लाभ प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को मिले, इसके लिए एलडीए अपनी सभी योजनाओं में भी कैम्प लगा रहा है। इस क्रम में जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-7 में आश्रयहीन योजना, भवानी मार्केट में कैम्प लगाया गया, जोकि मंगलवार को भी संचालित रहेगा। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि कॉल सेंटर एवं आईटी सेल के माध्यम से बकायेदारों को फोन, मैसेज व ई-मेल के माध्यम से ओटीएस की सूचना भेजी गयी है। 18 अप्रैल से 17 जुलाई तक एकमुश्त समाधान योजना चलेगी।

प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल पार्क में निजी निवेशकों ने दिखायी रुचि

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से 'इन्वेस्ट यूपी' ने सोमवार को एक विशेष 'डेवलपर-इन्वेस्टर फैसिलिटेशन वेबिनार' का आयोजन किया। इस सत्र में देश-विदेश के प्रमुख डेवलपर्स और वैश्विक निवेशकों को एक मंच पर लाकर प्रदेश में 'प्लग-एंड-प्ले' इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने के अवसरों और भविष्य की रणनीतियों पर व्यापक चर्चा की गई।

इस परिचर्चा में क्रेडाई, सेम्बकॉर्प, अदानी एपीएसईजेड, कुशमैन एंड वेकफील्ड, डीएलएफ, जफर सरेशवाला ग्रुप, ओमैक्से ग्रुप, डीबीएस बैंक अजमेरा रियल्टी और इंफिनिटी ग्रुप जैसे दिग्गज उद्योग समूहों ने सक्रिय भागीदारी की। सभी हितधारकों ने उत्तर प्रदेश की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों की सराहना करते हुए परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन, वित्तपोषण (फाइनेंसिंग) और बेहतर योजना निर्माण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए।

इस अवसर पर 'इन्वेस्ट यूपी' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री विजय किरण आनंद ने राज्य की दो दूरदर्शी नीतियों—'प्राइवेट बिजनेस पार्क पॉलिसी' और 'यूपी प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल शेड पॉलिसी पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन पहलों का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा 'रेडी-टू-मूव' औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार करना है, जो न केवल वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करे, बल्कि उत्तर प्रदेश को अनुसंधान एवं विकास और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) का पसंदीदा हब बना सके। उन्होंने उत्तर प्रदेश की तेजी से विकसित हो रही अवसंरचना का भी उल्लेख किया, जिसमें 7 संचालित एक्सप्रेसवे, 15 प्रस्तावित औद्योगिक कॉरिडोर तथा 16 घरेलू और 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का सशक्त नेटवर्क शामिल है। इनमें नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जो प्रदेश के लिए गेम चेंजर साबित होगा। राज्य की निवेश अनुकूल छवि को और सुदृढ़ करने के लिए 36 से अधिक सेक्टोरल नीतियां लागू हैं, जिनमें इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट एंड एम्प्लॉयमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2022 तथा एफडीआई व एफसीआई पॉलिसी 2023 प्रमुख हैं। नोएडा जहां पहले से ऋछउ हब के रूप में उभर रहा है, वहीं लखनऊ भी जीसीसी पॉलिसी 2024 के तहत तेजी से निवेश आकर्षित कर रहा है। इस दौरान यीडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर.के. सिंह ने यमुना एक्सप्रेसवे कॉरिडोर के विकास दृष्टिकोण को साझा करते हुए बताया कि यह क्षेत्र नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जुड़ाव के कारण निवेश के अपार अवसर प्रदान करता है।

'इन्वेस्ट यूपी' ने एक सक्रिय सहयोगी के रूप में अपनी भूमिका को दोहराते हुए बताया कि उन्नत निवेश मित्र 3.0 पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को त्वरित स्वीकृतियां और बेहतर ईज आफ डूइंग बिजनेस सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे समयबद्ध और निवेशक-अनुकूल प्रक्रियाओं का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

छात्रों ने समस्याओं के समाधान के लिए कुलपति को दिया ज्ञापन

लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई की ओर से सोमवार को विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान अभाविप कार्यकताओं ने स्नातक पाठ्यक्रमों में बढ़ाई गई शुल्क वृद्धि सहित अन्य बुनियादी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध पानी की गुणवत्ता की जांच कराकर स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने। अभाविप के प्रांत मंत्री अर्पण कुशवाहा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिये। महानगर मंत्री सरिता पाण्डेय ने कहा 'छात्रों के लिए स्वच्छ पानी, अध्ययन के लिए उचित वातावरण और इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधायें अत्यंत आवश्यक हैं। इसके मौके पर संगठन मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई, राष्ट्रीय कला मंच की प्रान्त संयोजक हर्षिका सिंह, लखनऊ उत्तर जिले के जिला संयोजक अभिषेक सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई के उपाध्यक्ष वर्तिका कुशवाहा, आर्यन शर्मा, कौस्तुभ, इकाई मंत्री आर्यन कुशवाहा , सह मंत्री आशुतोष त्रिपाठी , कला मंच संयोजक तनु यादव समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अस्पतालों की इमरजेंसी में ओआरएस कार्नर संचालन की तैयारी

लखनऊ। गर्मी बढ़ने के साथ ही राजधानी के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में तैयारियां शुरू हो गयी हैं। वार्ड से लगाकर रैन बसेरा तक पंखे, पानी आदि की व्यवस्था की गयी है तो वहीं इमरजेंसी में ओआरएस कार्नर खोलने की तैयारी है। इस सुविधा का लाड्डा मरीज और तीमारदारों दोनों ले सकते हैं। आशियाना स्थित लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि जल्द ही इमरजेंसी में ओआरएस कार्नर की शुरू की जाएगी। पिछले कई वर्षों से गर्मी के समय हीट स्ट्रोक, डिआईड्रेशन से बचाने के लिए ओआरएस काफी उपयोगी साबित होता है। शरीर में पानी की कमी की पूर्ति करता है। दूसरी तरफ बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि इमरजेंसी में मरीजों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क रहती है। ओआरएस आदि की व्यवस्था इमरजेंसी में करायी जा चुकी है। गर्मी बढ़ने पर ओपीडी में जागरूकता कार्यक्रम के जरिए लोगों को हीट स्ट्रोक, डिआईड्रेशन से बचाव की जानकारी दी जाएगी।

डॉक्टरों को लगभग दोगुना वेतन देने के मामले की जांच पूरी, शासन को भेजी रिपोर्ट

लखनऊ। अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी में डॉक्टरों को लगभग दोगुना वेतन देने के मामले की जांच पूरी हो गई। जांच कमेटी ने कुलपति डॉ. अमित देवगन को रिपोर्ट सौंप दी। कुलपति ने शासन को रिपोर्ट सुपुर्द कर दी है। इससे यूनिवर्सिटी में तैनात डॉक्टर व अधिकारियों में खलबली मच गई है। प्रदेश के मेडिकल, डेंटल, पैरामेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों को संबद्धता प्रदान करने के लिए अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई। अभी तक 279 नर्सिंग, 65 मेडिकल कॉलेज, 16 डेंटल और 47 पैरामेडिकल कॉलेज संबद्ध हैं। समाज सेवी राज मोहन सक्सेना ने मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक समेत शासन को पत्र लिखकर शिकायत की थी। जिसमें दूसरे मेडिकल संस्थान से अटल यूनिवर्सिटी में तैनात डॉक्टरों को अलग-अलग विभागों में डीन के पद पर तैनाती दी गई है। इनके वेतन निर्धारण में गड़बड़ी के आरोप लगाए। पत्र में कहा कि मूल मेडिकल कॉलेज या विवि में जो डॉक्टर 250000 प्रति माह वेतन पा रहे थे। उन्हें अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी में 450000 प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जा रहा है।

बलरामपुर अस्पताल में मरीज की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

- इलाज में लगाया लापरवाही का आरोप
- अस्पताल प्रशासन ने दिये मामले की जांच के आदेश

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल में ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत पर परिजनों ने हंगामा किया। परिवार ने डाक्टरों और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। मरीज की हालत बिगड़ने पर समय से इलाज न मिलने की शिकायत की गई।

अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार की दोपहर मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामले की शिकायत ड्डी अस्पताल प्रशासन से की गई है। मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। हरदोई के माझ गांव, मल्लावा निवासी विनोद शर्मा (55) को पेट फूलने की शिकायत पर 14 अप्रैल को बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। पत्नी रानी शर्मा के मुताबिक, डॉक्टरों ने पेट का ऑपरेशन करने की बात कही। इसके लिए छह यूनिट खून भी चढ़ाया।

साले सूरज के मुताबिक शनिवार को डाक्टरों ने ऑपरेशन कर दिया। मरीज को न्यू बिल्डिंग के वार्ड में शिफ्ट करा दिया गया। आरोप है कि रविवार को मरीज की हालत बिगड़ने लगी। कई बार कहने के बावजूद कोई डॉक्टर देखने तक नहीं आया। स्टाफ ठीक होने की बात कहकर टालता रहा। नाक में पड़ी नली निकल गई उसे ड्डी किसी ने ठीक नहीं किया। हालात बिगड़ने पर देर शाम मरीज को एसएसबी बिल्डिंग के आईसीयू वार्ड में शिफ्ट कराया गया।

आरोप है यहां ड्डी किसी ने ठीक से नहीं देखा। सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे मरीज की मौत हो गयी। परिवारीजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। अस्पताल निदेशक डा. कविता आर्या के अनुसार मामले की जांच कराई जाएगी। लापरवाही के आरोप सही मिले तो संबंधित स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति होगी।

मांगों को लेकर योगी से मिला आईएमए का प्रतिनिधिमंडल

विशेष संवाददाता (vol)

- जनहित से जुड़े विषयों पर आवश्यक कार्रवाई का दिया आश्वासन

लखनऊ। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। प्रदेश में बढ़ते झोलाछाप और अनाधिकृत चिकित्सीय गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग की। इस संबंध में कमेटी गठित की जाए। जांच के बाद झोलाछाप की पहचान की जाए। ताकि मरीजों की जान जोखिम में डालने पर कठोर कार्रवाई की जा सके।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अस्थाना एवं सचिव डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। डॉ. मनोज ने बताया कि प्रदेश में झोलाछाप मरीजों की जान से खेल रहे हैं। गैरकानूनी चिकित्सीय गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। इस संबंध में समन्वित कमेटी गठित की जाए। इसके अलावा जनस्वास्थ्य, चिकित्सा सेवा, सामाजिक दायित्वों एवं शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में आईएमए की भूमिका बढ़ाई जाए। आईएमए के नए एवं विस्तृत भवन निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि आवंटन की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से सुना। जनहित से जुड़े विषयों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और आम जनता को सुरक्षित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर आईएमए कार्यकारी सदस्य डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. अमित मदान एवं डा. आरबी सिंह मौजूद रहे।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 25 सितम्बर से फिर सजेगा

विशेष संवाददाता (vol)

- डेयरी, उद्योग, मत्स्य और खाद्य प्रसंस्करण के नवाचार आधारित व्यावसायिक मॉडल बनेंगे आकर्षण का केंद्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2026 को इस बार नए तेवर और बड़े लक्ष्य के साथ आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने लोक भवन में बैठक कर ट्रेड शो की तैयारियों को लेकर मंथन किया। इसमें तय किया गया कि ट्रेड शो का आयोजन 25 से 29 सितम्बर के बीच किया जाएगा, ताकि अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों और विक्रेताओं को बेहतर पूर्व नियोजन का अवसर मिल सके। इसमें डेयरी, उद्योग, मत्स्य और खाद्य प्रसंस्करण के नवाचार आधारित व्यावसायिक मॉडल आकर्षण का केंद्र बनेंगे।

इस बैठक में इन्वेस्ट यूपी, कृषि विपणन, विदेश व्यापार व यूपीएलसी समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

इस बार आयोजन को पारंपरिक प्रदर्शनी से आगे बढ़ाकर सशक्त ग्लोबल सोर्सिंग प्लेटफॉर्म बनाया जाए, जहां विभाग अपनी उपलब्धियों को अधिक प्रभावी और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करें। अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष ट्रेड शो का मुख्य फोकस जनता तक उपलब्धियों का प्रभावी संप्रेषण रहेगा। प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश सरकार की योजनाओं को विस्तार के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

बैठक में स्टॉल आवंटन और शुल्क संरचना भी तय की गई। स्टॉल दरें 7,500 से 8,000 रुपये के बीच निर्धारित की गई हैं। दो तरफ खुले स्टॉल पर 10 प्रतिशत तथा तीन या चार तरफ खुले स्टॉल पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। साथ ही निजी क्षेत्र और छोटे कॉरपोरेट्स को भी पर्याप्त अवसर देने के निर्देश दिए गए। युवा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सीएम युवा पवेलियन को और मजबूत किया जाएगा।

डेयरी, उद्योग, मत्स्य और खाद्य प्रसंस्करण विभागों को नवाचार आधारित व्यावसायिक मॉडल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे खासकर एनसीआर और गौतम बुद्ध नगर के युवाओं को नए स्टार्टअप शुरू करने की प्रेरणा मिलेगी। एक्सपो मार्ट में विभागों को आवंटित हॉल और क्षेत्रफल की जानकारी साझा करते हुए अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

विश्वनाथ मंदिर और घाट के आसपास लगेंगे डिजिटल लगेज लॉकर

विशेष संवाददाता (vol)

- चार साइज के 225 डिजिटल लॉकर की होगी सुविधा
- मोबाइल से लेकर सूटकेस तक रखा जा सकेगा सुरक्षित

लखनऊ। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा का दर्शन और गंगा में आस्था की डुबकी लगाने वालों को अब अपने सामान की चिंता नहीं करनी पड़ेगी, कपड़े हों या मंहगे सामान, इन सबको सुरक्षित रखने के लिए योगी सरकार विश्वनाथ मंदिर और घाट के आसपास डिजिटल लगेज लॉकर लगवाने जा रही है। डिजिटल लॉकर में मोबाइल से लेकर सूटकेस तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। डिजिटल लॉकर के इस्तमाल के लिए डिजटल पेमेंट की सुविधा रहेगी।

डिजिटल भारत की बानगी देखना हो तो इतिहास से भी प्राचीन शहर काशी में आइये। काशी में अब आपको डिजिटल लगेज लॉकर की सुविधा मिलेगी। जहां अपने कीमती सामानों और कपड़ों को रख कर आप बेफिक्र घाटों पर घूम सकेंगे और गंगा स्नान कर काशीपुराधिपति समेत अन्य मंदिरों में दर्शन कर सकेंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के आस-पास और दशाश्वमेध घाट के पास भी डिजिटल लगेज लॉकर की सुविधा जल्द मिलेगी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल लगेज लॉकर की व्यवस्था दशाश्वमेध घाट के पास दशाश्वमेध प्लाजा ,गोदौलिया, टाउन हॉल और बेनियाबाग पार्किंग में डिजिटल लॉकर लगाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने जानकारी दी कि 225 डिजिटल लॉकर की सुविधा रहेगी जिसमे छोटे, मध्यम ,बड़े और एक्स्ट्रा लार्ज चार तरह के डिजिटल लॉकर उपलब्ध होंगे। इसमें मोबाइल, छोटे बैग, बड़े और सबसे बड़े लॉकर में दो सूटकेस रखे जा सकेंगे।

रिहन्द व ओबरा जलाशयों में मत्स्य पालन की अनियमितताओं पर कार्रवाई

6 दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों को मत्स्य निदेशालय से किया गया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के निर्देश पर जनपद सोनभद्र में रिहन्द एवं ओबरा जलाशयों में संचालित केज मत्स्य पालन योजनाओं में प्राप्त शिकायतों एवं अनियमितताओं का गंभीरता से संज्ञान लेकर कठोर कार्रवाई करते हुए 06 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मत्स्य निदेशालय, लखनऊ से संबद्ध किया गया है। मत्स्य मंत्री के निर्देश पर गठित उच्चस्तरीय समिति की ओर से स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें विभिन्न स्तरों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गयी। निरीक्षण आख्या में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि लाभार्थियों के चयन एवं योजना क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरती गई है।

इस संबंध में मत्स्य विभाग की ओर से आवश्यक आदेश जारी किया गया है। आदेशानुसार दोषी पाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से मत्स्य निदेशालय, लखनऊ में सम्बद्ध कर दिया गया है। संबद्ध अधिकारियों एवं कर्मचारियों में धर्मेन्द्र सिंह बघेल, उप निदेशक मत्स्य (विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर), राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सहायक निदेशक मत्स्य सोनभद्र, राकेश कुमार ओझा, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक, राजकुमार, वरिष्ठ सहायक, औरंगजेब खान, उर्दू अनुवादक सह वरिष्ठ सहायक तथा गोविन्द कुमार गुप्ता, कनिष्ठ सहायक है। इस संबंध में मत्स्य मंत्री डॉ. संयज कुमार निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार मत्स्य पालन क्षेत्र के समग्र विकास एवं मछुआ समुदाय के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। केज मत्स्य पालन जैसी योजनाओं को पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से लागू करना सरकार की प्राथमिकता है, जिससे लाभार्थियों को वास्तविक लाभ मिल सके और राज्य में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है और जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही करने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा तथा उत्तर प्रदेश में सुशासन और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

कलियुगी पिता ने दोस्त संग मिलकर की थी बेटी की हत्या

ऑनर किलिंग का मामला : पिता विजय चौबे व साथी अब्दुल मन्नान ने घटना को दिया था अंजाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट के देवा रोड अपट्रान चौकी क्षेत्र स्थित शाहू सोसायटी से बीते 14 अप्रैल 2026 को संदिग्ध हालात में लापता हुई नाबालिग लड़की की जान किसी पेशेवर अपराधी ने नहीं, बल्कि उसी के कलयुगी पिता विजय चौबे ने अपने साथी अब्दुल मन्नान के साथ मिलकर ली थी। इस सनसनीखेज मामले का राजफाश कर इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने सोमवार को चिनहट क्षेत्र स्थित मकान नं 538 धावा खसरा संख्या 453 शाहू सोसायटी निवासी विजय कुमार चौबे पुत्र कृपा शंकर चौबे व उसके साथी चिनहट कस्बा स्थित नजीर बाग कॉलोनी निवासी अब्दुल मन्नान पुत्र याकूब को गिरफ्तार किया है। डीसीपी पूर्वी डॉ दीक्षा शर्मा के मुताबिक आरोपित विजय कुमार चौबे ने खुद गायब होने की आईजीआरएस के माध्यम से चिनहट कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर के मुताबिक नाबालिग लड़की का एक लड़के के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसे लेकर समाज में बदनामी होने की वजह को लेकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया है। पुलिस को घटना में इस्तेमाल चार पहिया वाहन व दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की गई तो पूछताछ में विजय की कई बातें विरोधाभासी नजर आ रही थी। संदेह होने पर पुलिस ने विजय कुमार चौबे को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गया और अपना जुर्म इकबाल करते हुए कहा कि उसकी नाबालिग बेटी का व्यवहार ठीक नहीं था, जिससे सामाजिक प्रतिष्ठा धुमिल हो रही थी। इसी के चलते बेटी को हमेशा के लिए रास्ते से हटाने के लिए अपने साथी अब्दुल मन्नान के साथ मिलकर योजना बनाई और और 13 अप्रैल 2026 को किराए की कार बुक किया और बेटी को झाड़-फूंक कराने के बहाने कार में बिठाकर पहले सुल्तानपुर रोड पर वहां से उस नादान बेटी को बाराबंकी जिले के बड्डुपुर थाना क्षेत्र में ले जाकर गमछे से गला दबाकर मौत की नींद सुलाने के बाद शव को कुर्सी रोड स्थित झाड़ियों में फेंककर भाग निकले थे।

पहचान न हो सके चेहरे पर डाला था तेजाब : डीसीपी पूर्वी डॉ दीक्षा शर्मा के मुताबिक पकड़े गए दोनों आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि लखनऊ से लेकर सुल्तानपुर रोड तक बेटी को लेकर दौड़ते रहे और बेखबर नाबालिग बच्ची को बता नहीं था कि जिस पिता के साथ जा रही है वह उसके ऊपर कहीं भी कहर बनकर बरस पड़ेगा। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा का कहना है कि विजय और मन्नान ने बताया कि जिस समय घटना को अंजाम दिया उस समय नाबालिग लड़की कार की सीट पर गहरी नींद में सो रही थी तभी गमछे से गला दबाकर मौत की नींद सुलाने की बात स्वीकार किया। बेटी तड़पती रही और बेरहम विजय और मन्नान को जरा भी दया नहीं आई और हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया।

खुद के बुने जाल में फंसा कलयुगी पिता : बेटी की चाल-चलन ठीक न होने की बात को लेकर झूठी शान में आकर आपा खो बैठा। बेटी की जान के लिए चिनहट कस्बा निवासी चूड़ी विक्रेता अब्दुल मन्नान का सहारा लिया। अब्दुल मन्नान के बारे में विजय कुमार चौबे को शायद मालूम था कि वह इससे पहले सलाखों के पीछे जा चुका है, लिहाजा मन्नान को साथ लिया और बहाने से बेटी को लेजाकर मौत के घाट उतार दिया।

विरोधाभास और कॉल डिटेल से खुला राज : इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि वारदात से पहले नाबालिग लड़की के प्रेमी से पूछताछ की गई तो वह बताया कि साहब लड़की से उसकी बात हुई है वह अपने पिता के साथ है। यह सुनते ही इंस्पेक्टर चिनहट का दिमाग ठनका और इस मामले की गहनता से छानबीन शुरू कर वाली यानी मृतका के पिता विजय कुमार चौबे की कॉल डिटेल खंगाला तो सच सामने आ गया।

जेल जाने से बचा निर्दोष : इंस्पेक्टर चिनहट की तत्परता से एक निर्दोष बाराबंकी में रहने वाला सुमित जेल जाने से बच गया। साफ है कि पुलिस की पहली निगाह प्रेमी होने के नाते पर गई थी, जिससे नाबालिग लड़की प्रेम-प्रसंग करती थी।

हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी की बसेरा कॉलोनी में विवाहिता अनीता (30) की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। अनीता के भाई की शिकायत पर पति विजय को गिरफ्तार किया गया। अनीता की शादी 2019 में हुई थी और उसके दो बेटे हैं। परिजनों का आरोप है कि पति ने उसे प्रताड़ित किया।

बाराबंकी के कुर्सी जयकरनपुर निवासी बृजेश कुमार ने बताया कि बहन अनीता की शादी अप्रैल 2019 में सहेनिया बिदियापुर सतरिख बाराबंकी निवासी विजय कुमार से हुई थी। उनके दो बेटे हैं। विजय परिवार संग सुशांत गोल्फ सिटी के गोमती एंक्लेव के पीछे बसेरा कॉलोनी में रह रहा है। आरोप लगाया है कि विजय कुमार का दूसरी महिला से अवैध संबंध थे।

भाई का कहना है कि पति के अवैध संबंध और दहेज उत्पीड़न से टूट गई थी। इस बात का विरोध करने पर अनीता को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। दहेज की मांग को लेकर भी अक्सर विवाद और मारपीट होती थी।

परिजन ने बताया कि 16 अप्रैल को अनीता का शव घर में फर्श पर पड़ा था। भाई ने बहनोई विजय पर हत्या का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार बाराबंकी में किया। रविवार को भाई बृजेश ने तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने साक्ष्य संकलन के बाद आरोपी विजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बलरामपुर अस्पताल में इलाज की दौरान मरीज की मौत

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। परिवारीजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बताते हैं कि मरीज विनोद शर्मा को पेट में दर्द की शिकायत पर अस्पताल लाया गया था, लेकिन इलाज में देरी और लापरवाही के कारण उनकी हालत बिगड़ गई और अंततः उनकी मौत हो गई। इससे नाराज परिवारीजनों ने इलाज में कोताही का आरोप लगाकर हंगामा किया। हरदोई स्थित मल्लावां के माझ गांव निवासी विनोद शर्मा (55) को पेट में दर्द व फूलने की शिकायत हुई। परिवारीजन उन्हें 14 अप्रैल को बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे। डॉक्टारों ने मरीज को भर्ती किया। पत्नी रानी शर्मा ने बताया कि डॉक्टरों ने पेट का ऑपरेशन करने की बात कही। इसके लिए छह यूनिट खून भी चढ़ाया। साले सूरज के मुताबिक शनिवार को डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया।

मेदान्ता हास्पिटल में परखे गये अग्नि सुरक्षा इन्तजाम

लखनऊ। 'अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह' के अन्तर्गत सोमवार को महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवाएं उत्तर प्रदेश सुजीत पाण्डेय की देखरेख में मेदान्ता हास्पिटल परिसर में जागरुकता अभियान चलाया गया और वहां पर आपात स्थिति में अग्निशमन सुरक्षा के इन्तजामों का जायजा लिया गया। इस दौरान वहां काम कर रहे लोगों को आग से बचाव के तरीके भी बताये गए। मेदान्ता हास्पिटल में अग्निशमन कर्मियों ने मॉकड्रिल कर आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों को भी परखा। भवन में उपलब्ध अग्नि सुरक्षा उपकरणों जैसे फायर एक्स्टिंग्वशर, हाइड्रेन्ट सिस्टम व स्प्रिंकलर सिस्टम को परखा व संचान का सजीव प्रदर्शन कर विस्तृत व्याख्यान किया। इस अवसर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ अंकुश मित्तल, एफएसओ गोमतीनगर सुशील कुमार व मेदान्ता के सुरक्षा इंजार्च अभयभान पाण्डेय भी मौजूद रहे।

उपचार के दौरान जख्मी धर्मशाला कर्मी की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पीजीआई इलाके में शनिवार को तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से जख्मी धर्मशाला कर्मचारी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं, पुलिस सीसी फुटेज के जरिये वाहन चालक की तलाश कर रही है।

तेलीबाग के वृंदावन कॉलोनी निवासी अतुल श्रीवास्तव (58) चारबाग स्थित धर्मशाला में देखरेख का कार्य करते थे। उनकी बेटी सृष्टि के ने बताया कि बीते 18 अप्रैल की शाम वह पैदल काम से घर से निकले थे। इस दौरान पीजीआई अस्पताल के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार देर रात उनकी मौत हो गई। परिवार में बेटी और पत्नी संध्या है।

मुख्तार अंसारी के कथित शार्प शूटर की याचिका खारिज

- उसरी चट्टी गाजीपुर हत्यांकाड में मनोज राय की हत्या करने के मामले में चल रहा है अभियोजन

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उसरी चट्टी गाजीपुर हत्यांकाड में मुख्तार अंसारी के कथित शार्प शूटर सरफराज अंसारी उर्फ मुन्नी के खिलाफ चल रही अभियोजन की कार्यवाही को समाप्त करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है।

कोर्ट ने कहा कि मामले में विचारण कोर्ट के सामने आरोपपत्र दाखिल होकर याची पर आरोप तय हो चुके हैं और साथ ही घटना में मृतक मनोज राय के पिता षैलेंद्र कुमार राय की गवाही भी हो चुकी है अतः ऐसे में इस स्तर सीआरपीसी की धारा 82 के तहत दखल देकर पूरी अभियोजन कार्यवाही खत्म करने का कोई औचित्य नहीं है। यह आदेश जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ ने सरफराज अंसारी की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है।

याची की ओर से कहा गया था कि घटना 2001 की है जिसमें मुख्तार अंसारी के गुट पर बृजेश सिंह गुट ने बड़े पैमाने पर हमला किया था जिसमें कई लोगों की मौत हो गयी थी। इस घटना में बृजेष के साथ कथित रूप से घटना में शामिल मनोज राय की भी मौत हो गयी थी।

मनोज राय के पिता ने 2023 में गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने पर मुख्तार अंसारी व अन्य के खिलाफ 2001 की घटना की प्राथमिकी लिखाकर कहा था कि मनोज राय को बिहार के बक्सर से उठा कर मुख्तार के गुर्गों ने उसकी हत्या करके उसे उसरी चट्टी गाजीपुर हत्यांकाड में मरना बता दिया था। इसी प्राथमिकी पर जांच के दौरान मुख्तार के शूटर सरफराज का नाम सामने आया और आरोप पत्र भी दाखिल किया गया जिस पर विचारण कोर्ट में विचारण चल रहा है।

याचिका का विरोध करते हुए अपर महाधिवक्ता वी के शाही का कहना था कि 2001 की घटना के जो तथ्य मुख्तार ने लिखाये थे वे 2023 में मनोज के पिता शैलेंद्र कुमार राय द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी से बिल्कुल भिन्न थे जिसकी जांच होकर आरोप पत्र दाखिल हुआ और अभियोजन चल रहा है। अतः यह नहीं कहा जा सकता है कि 2001 व 2023 की प्राथमिकियां एक ही प्रकार के तथ्यों पर आधारित हैं।

अर्थ डे पर पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

लखनऊ। अर्थ डे के अवसर पर अर्बन प्लांट द्वारा गोमतीनगर क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें दैनिक जीवन में सतत जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं को ग्रीन प्लेज दिलाया गया, जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे लेकिन प्रभावी कदम उठाने का संकल्प लिया। साथ ही लोगों को अपने घरों और आसपास के वातावरण को हराभरा बनाने के लिए पौधों को लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अभियान में आकर्षण का केंद्र रहा विशेष सेल्पी पॉइंट जहां लोगों ने फोटो खिंचवाईं और हरित जीवनशैली का संदेश साझा किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में लोगों ने शिरकत की। अर्बन फाउंडेशन के अध्यक्ष सतीश अवस्थी ने बताया कि हमारी जीवनशैली छोटे-छोटे जागरूक प्रयासों से शुरू होती है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करना व उसे जीवनशैली में शामिल करने का आह्वान किया।

सदिग्ध हालात में महिला की गेस्ट हाउस में मौत

लखनऊ। हजरतगंज के नरही स्थित लक्ष्मी गेस्ट हाउस में महिला का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। पति का आरोप है कि परिचित आटो चालक उसे अपने साथ ले गया था। इसके बाद उसकी हत्या कर दी। फिलहाल, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। राजभवन गेट नम्बर एक बुद्ध विहार निवासी अनिल कश्यप के मुताबिक, उसकी पत्नपी रानी कश्यप घरों में चौका बर्तन करती थी। रविवार को वह काम पर गई थी। शाम को उसके मोबाइल से विधायक निवास के पास रहने वाला आटो चालक राहुल ने फोन करके बताया कि उसकी पत्नी की मौत हो गई। वह लक्ष्मी गेस्ट हाउस के कमरा नम्बर 104 में है। घरवाले वहां पहुंचे तो उसका शव फर्श पर पड़ा था। उसके शरीर पर सिगरेट से दागने के निशान थे। घरवालों ने हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, घरवालों ने नरही पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार में दो बच्चे हैं। हालांकि देर शाम उसकी मौत का कारण हैंगिंग आया है।

देवरानी व देवर पर मारपीट करने और धमकी देने का आरोप

लखनऊ। कृष्णानगर क्षेत्र में संपत्ति विवाद के चलते एक महिला ने अपनी देवरानी और देवर पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सुलतानपुर रोड स्थित सुशांत गोल्फ सिटी निवासी लीना पत्नी विनोद मिश्रा का एक मकान कृष्णा नगर के अंबेडकर नगर में है। लीना के अनुसार 12 अप्रैल को उन्हें सास की तबीयत खराब होने की सूचना मिली। वे अपने पति और बच्चों के साथ सास का हालचाल लेने अंबेडकर नगर स्थित मकान पर पहुंचीं। मकान के ऊपरी फ्लोर पर रहने वाली किरायेदार ने लीना के पहुंचते ही उनकी देवरानी शाइस्ता खान उर्फ गुड्डी आर्या को इसकी जानकारी दे दी। सूचना मिलते ही देवरानी मौके पर आ धमकी और बिना किसी कारण के लीना से गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता लीना के अनुसार देवरानी शाइस्ता खान ने उनके कमरे में जबरदस्ती घुसकर मारपीट शुरू कर दी। जब लीना ने विरोध किया तो देवरानी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और साथ ही दोनों मकानों पर अपना हक जताने लगी।

होनहार विद्यार्थियों ने अवध कॉलेजिएट का बढ़ाया मान

- जेईई एडवांस में नमन जैन व हर्ष शर्मा ने लहराया परचम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अवध कॉलेजिएट के लिए यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव की बात है कि हमारे 2 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धियाँ इस प्रकार है नमन जैन 97.46% अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 5784 हासिल की। हर्ष शर्मा 94.89% अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 80084 प्राप्त की। यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, लगन और समर्पण का परिणाम है।

विद्यालय प्रबंधक सर्वजीत सिंह दोनों को बधाई देते कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि प्रेरणादायक है। यह साबित करता है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हम सभी को इन पर गर्व है और इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

निर्देशिका जतिंदर वालिया ने अपने संदेश में कहा कि यह सफलता पूरे संस्थान के लिए गर्व का क्षण है। विद्यार्थियों ने न केवल अपने परिवार बल्कि विद्यालय का भी नाम ऊँचा किया है। हम आशा करते हैं कि वे आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

महिला ने लगाया मकान मालिक पर अवैध संबंध बनाने का आरोप

- गुडंबा थाना क्षेत्र में किराये पर रह रही है महिला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गुडंबा थाना क्षेत्र में किराये पर रह रही महिला ने मकान मालिक पर छेड़छाड़ और संबंध बनाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में शिकायत देकर आरोपी पर मुकदमा दर्ज करवाया है। मकान मालिक की हरकतों के बारे में महिला ने जब पति को बताया तो पति ने भी महिला को छोड़ दिया। अब वह तीन बच्चों के साथ अकेली रह रही है।

महिला के अनुसार वह पिछले एक साल से गुडंबा इलाके में किराये के मकान में पति और बच्चों के साथ रह रही है। मकान मालिक घर आते ही उससे गलत संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। कुछ दिन बाद जब वह घर में अकेली थीं, तब मकान मालिक दीवार फांदकर कमरे में घुस आया और जबरन पकड़कर छेड़छाड़ की।

पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसे डराया-धमकाया। यह सिलसिला कई महीनों तक चलता रहा, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गई। महिला ने जब यह बात अपने पति को बताई, तो पति उसे छोड़कर चला गया। अब महिला अपने तीन छोटे बच्चों के साथ अकेले रह रही है। आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना कर रही है।

पीड़िता ने गुडंबा थाने में शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

हुक्काबार में छापा, संचालक गिरफ्तार

लखनऊ। कैसरबाग में डाल्फिन होटल के नीचे संचालित एसके कैफे में एक माह पहले हुई छापेमारी के बाद पुलिस ने फिर से छापा मारा और संचालक यश सोनकर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से हुक्के, चिलम, पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू, चारकोल आदि बरामद किए है। कैफे में 18 वर्ष से कम उम्र के छात्रों को हुक्का बार में बुलाने का मामला सामने आया है। बताते हैं कि डाल्फिन होटल के नीचे एसके कैफे में एक माह पहले हुई छापेमारी के बाद दोबारा हुक्का शुरू किया गया। कैफे की आड़ में धड़ल्ले से चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने दोबारा छापा मारा। पुलिस ने घेराबंदी कर संचालक यश सोनकर को गिरफ्तार किया है। मौके से तीन हुक्के, चिलम, पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू, चारकोल और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित ने बताया कि कुछ दिनों से एसके कैफे में चल रहे हुक्का बार की सूचना मिल रही थी। 19 अप्रैल को सूचना पर दरोगा चंद्रकेश सिंह, अंकित सिंह पुलिस टीम को लेकर वहां पहुंचे।

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगायी फांसी

लखनऊ। जानकीपुरम में पत्नी से विवाद के ई रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। जिससे कारण ज्ञात हो सके। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही हे। जानकी पुरम विस्तार के रसूलपुर कायस्थ निवासी धर्मपाल (24) ई रिक्शा चलाते थे। पिता रूपचंद ने बताया कि उनके बेटे की शादी वर्ष 2022 में नेहा नाम की युवती से हुई थी। रविवार देर रात पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद बेटा घर के ऊपरी हिस्से में चला गया थोड़ी देर बाद जब घर वाले करीब 11:30 बजे कमरे में पहुंचे तो देखा कि उसका शव साड़ी से पंखे में लटक रहा है। यह देखकर घर में कोहराम मच गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर के घर लाखों की चोरी

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र स्थित मौंदा गांव में सॉफ्टवेयर इंजीनियर घर में लाखों रुपए की चोरी हो गई। परिवार मैहर देवी दर्शन के लिए गया था। घरवाले रविवार रात घर लौटे तो घटना का पता चला। चोरों ने घर के ताले तोड़कर नकदी, जेवर व सामान साफ कर दिया। गांव के पीड़ित इंजीनियर राजपाल यादव ने पुलिस को शिकायत दी। इसमें उन्होंने बताया कि मैं प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता हूं। शुक्रवार को परिवार के साथ मध्य प्रदेश के मैहर में माता के दर्शन के लिए गया था। तीन दिन घर में कोई नहीं था, उसी दौरान चोरी हो गई। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। गहने चोरी हो गए और उनके डिब्बे पड़े थे।

सीएमएस के सर्वाधिक 166 छात्र जेईई एडवांस के लिए चयनित

- 25 छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक जबकि 108 छात्रों ने 95 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित किये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने एक बार फिर से जे.ई.ई. मेन्स परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी (एनटीए) द्वारा घोषित जे.ई.ई. मेन्स-2026 (द्वितीय चरण) के परीक्षाफल में सी.एम.एस. के सर्वाधिक 166 छात्रों ने शानदार सफलता अर्जित कर जे.ई.ई. एडवान्स में शामिल होने की अर्हता अर्जित की है। जहाँ एक ओर, सी.एम.एस. के 25 मेधावी छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर 108 छात्रों ने 95 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर आशातीत सफलता अर्जित की है।

सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने भी सी.एम.एस. छात्रों को बधाई देते हुए विद्यालय के कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। प्रो. किंगडन ने कहा कि यह सफलता सी.एम.एस. उत्कृष्ट शिक्षा पद्धति को दर्शाती है। सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स, श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. के प्रतिभाशाली छात्रों ने एन.टी.ए. द्वारा घोषित आधिकारिक कट-ऑफ मार्क्स से कहीं अधिक अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। विदित हो कि इस वर्ष का जनरल कट-ऑफ मार्क्स 93.41 है जबकि ई.डब्ल्यू.एस. का कट-ऑफ मार्क्स 82.41, ओ.बी.सी.-एन.सी.एल. का कट-ऑफ मार्क्स 80.92, एस.सी का कट-ऑफ मार्क्स 63.91 एवं एस.टी. का कट-ऑफ मार्क्स 52.01 है।



श्री खन्ना ने बताया कि जे.ई.ई. मेन-2026 (द्वितीय चरण) की परीक्षा में 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित करने वाले सी.एम.एस. छात्रों में तेजस राज (99.73), साक्ष्य वंश (99.71), अनुज जैन (99.68), अभ्युदय सार्थक (99.67), भानु प्रकाश वर्मा (99.66), अर्जुन अग्रवाल (99.63), ऋषित रायजादा (99.63), आशुतोष प्रताप सिंह (99.58), आदित्य राजपूत (99.57), नितांत त्रिपाठी (99.49), अर्णव सिंह (99.47), अभिनव सिंह (99.45), मो. सायम सुल्तान (99.39), सिद्धिमा शुक्ला (99.39), शिखर कुमार सिंह (99.36), आरूष कुमार (99.32), उत्सव यादव (99.27), आदित्य सिंह (99.27), दिव्य श्रीवास्तव (99.26), सन्दर्भ मिश्रा (99.24), भव्या गुप्ता (99.17), मो. अली उमर (99.11), संकल्प मिश्रा (99.11), अथर्व सिंह भदौरिया (99.09) एवं निश्छल दुबे (99.06) शामिल हैं। इन छात्रों ने अपनी अभूतपूर्व सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को दिया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत हरैया विकास खण्ड खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत हरैया विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 24.04.2026 को 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय हरैया के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 24.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत हरैया के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत हरैया कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत हरैया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

राम कृष्ण यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत हरैया
सिद्धार्थनगर।

श्री सुशील कुमार यादव
सचिव
ग्राम पंचायत हरैया
सिद्धार्थनगर।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.
अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ

ई-निविदा सूचना: 03/SE(TECH)/JZ/2026-27 वि.आ.सं.-967 दिनांक 20.04.2026

कार्य का नाम अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. जानकीपुरम के 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, जी.पी.आर.ए., सहारा स

फिल्म में कॉमेडी के साथ मजबूत इमोशन भी हैं : अविनाश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पिछले दिनों फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 को प्रमोट करने बॉलीवुड एक्टर अविनाश तिवारी और एक्ट्रेस मेधा शंकर लखनऊ पहुंचे थे। इस मौके पर अविनाश तिवारी ने कहा कि यह सिर्फ लव स्टोरी नहीं, बल्कि रिश्तों, परिवार और आज के दौर की उलझनों को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाती है। मेधा शंकर ने कहा कि स्क्रिप्ट सुनते ही वह कहानी से जुड़ गईं।

गिन्नी का किरदार उन्हें बेहद रिलेटेबल लगा, जिसकी जिंदगी, प्यार और परिवार असली जैसे हैं। अविनाश तिवारी ने कहा कि शुरूआत में वह कंफ्यूज थे, लेकिन कहानी की ताजगी और ह्यूमर ने उन्हें बांध लिया। अविनाश तिवारी ने कहा कि फिल्म में कॉमेडी के साथ मजबूत इमोशन भी हैं, जो दर्शकों को हंसाने के साथ छूएंगे। रिश्तों की सच्चाई, शादी का दबाव और प्यार की उलझनें फिल्म को खास बनाते हैं।

गिन्नी वेड्स सनी 2 आपके लिए क्या है, स्क्रिप्ट में ऐसा क्या था, जिससे आपने इसे चुना ?

मेधा शंकर : यह स्क्रिप्ट राइटर और डायरेक्टर प्रशांत वर्मा ने सुनाई थी। मैं बहुत कम बार इतनी जोर से हंसी हूं जितनी इसे सुनते वक्त हंसी। तभी लगा कि यह फिल्म खास है। मुझे गिन्नी का किरदार अपने जैसा लगा। उसकी लव स्टोरी और परिवार बहुत रिलेटेबल हैं। फिल्म का परिवार थोड़ा पागलपन भरा लेकिन असली लगता है। हर किरदार असली है और प्यार की कहानी दिल छूने वाली है। फिल्म में मजा और कॉमेडी है। स्क्रिप्ट सुनकर ही मैं तैयार हो गई थी।

आपको फिल्म में क्या खास लगा ?

अविनाश तिवारी : जब प्रशांत ने कहानी सुनाई, तो मैं हर 3-4 मिनट में हंस रहा था। सच बताऊं, शुरू में मन था कि फिल्म मना कर दूं, क्योंकि मैं कुछ अलग करना चाहता था। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ी, लगा कि मैं यही तलाश कर रहा था। यह शादी वाली फिल्म है, लेकिन अलग और ताजा तरीके से बनाई गई है।

कहानी में आपको क्या सबसे ज्यादा रिलेटेबल लगा ?

अविनाश तिवारीः इसमें दो लोगों की कहानी है, जिनकी शादी नहीं हो रही। क्यों नहीं हो रही, यही दिलचस्प है। रिश्ते की उलझनें और परिवार के ताने असली लगते हैं। लगा जैसे मेरे घर के लोग ऐसी बातें करते हैं। रिश्तों की आज की समस्याएं इसमें साफ दिखती हैं। इसलिए लगा कि लोग इस कहानी से जुड़ पाएंगे।

क्या इस फिल्म ने आपको भावनात्मक रूप से प्रभावित किया ?

अविनाश तिवारीः हां, इस कहानी ने मुझे हंसाया और रुलाया। पहली बार सुनकर सभी भावनाएं महसूस हुईं। बाद में स्क्रिप्ट पढ़ी और पता चला कि गिन्नी के लिए मेधा को लिया जा रहा है, तो यह और खास हो गया। साथ ही निमार्ता विनोद बच्चन जुड़े थे, जिनका मैं सम्मान करता हूं। इन वजहों से मैंने फिल्म करने का फैसला किया।

क्या आपने रिश्ते में कोई मजेदार झूठ बोला है, जिससे बड़ी स्थिति बनी हो ?

जवाब (मेधा शंकर): नहीं, मैंने झूठ नहीं बोला। लेकिन रिश्तों में उलझनें और हल्का कन्फ्यूजन हुआ है।

अविनाश तिवारीः मुझमें इतनी हिम्मत नहीं हुई कि रिश्ते में झूठ बोलूं। लेकिन फिल्म की तरह अलग और जोखिम भरा प्यार खूबसूरत होता है।

आपको आपका एक्शन अवतार पसंद किया जाता है, क्या इसमें कुछ ऐसा देखने को मिलेगा ?

अविनाश तिवारीः इस फिल्म में भी मैंने एक्शन किया है। लोगों को उठाकर पटका भी है। अब दर्शक देखेंगे कि किसे किसने पटका !

शादी करने और न करने के तीन-तीन फायदे क्या हैं ?

अविनाश तिवारीः शादी के फायदे हैं कि जीवन में उद्देश्य मिलता है, अनुशासन आता है और जिंदगी साझा करने का मौका मिलता है। न करने के फायदे हैं कि जवाब नहीं देना पड़ता, अपनी मर्जी से जी सकते हैं और कोई टोकने वाला नहीं होता।

मेधा शंकरः मेरे लिए शादी और रिश्ता लगभग एक जैसे हैं। सही इंसान के साथ हों, तो जिंदगी में ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। सबसे खूबसूरत बात है कि कोई आपकी जिंदगी का गवाह बनता है, खुशियां और तकलीफें साझा होती हैं।

रिश्ते में किन चीजों को नहीं होना चाहिए ?

अविनाश तिवारीः व्यक्ति को डिफेंसिव नहीं होना चाहिए। गलती बताने पर उसे स्वीकार कर सुधार करना चाहिए। साथ ही वैल्यू सिस्टम मिलना चाहिए और हास्य भाव होना चाहिए।

आदर्श साथी में कौन-सी खूबियां होनी चाहिए ?

मेधा शंकरः मेरे लिए यह बेसिक चीजें हैं- प्यार, ईमानदारी और वफादारी। कोई ऐसा हो जो जिंदगी समझे, साथ खड़ा रहे और खुशी-दुख का हिस्सा बने।

अविनाश तिवारीः मुझे साफ नहीं है कि क्या उम्मीद करनी चाहिए। लगता है सच्चा प्यार होगा, तभी मैं सामने वाले को समझूंगा और खुद को बेहतर बना पाऊंगा।

निरहुआ और आम्रपाली की 'फसल' का हो रहा है डिजिटल प्रीमियर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भोजपुरी सिनेमा अक्सर ग्रामीण मुद्दों से जुड़ी फिल्में लेकर आती रहती है। इसी कड़ी में अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ एक ऐसी ही फिल्म 'फसल' लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म किसानों की जिंदगी, उनकी फसलों की मुश्किलों, बिचौलियों की लूट और समाज में उनकी अनदेखी को दिखाती है। इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि अब वो इसका वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर करने जा रहे हैं।

मेकर्स ने फिल्म का क्लिप शेयर कर लिखा, फिल्म 'फसल' का डिजिटल प्रीमियर पहली बार यूट्यूब पर होगा। फिल्म में निरहुआ एक किसान के किरदार में नजर आएंगे, जो बिचौलियों और सिस्टम से जूझते दिखते हैं। आम्रपाली दुबे भी मजबूत भूमिका में हैं। निर्देशक पराग पाटिल ने इस फिल्म के जरिए सामाजिक मुद्दों को संवेदनशील तरीके से उठाया है। हालांकि, फिल्म पहले टीवी और थिएटर पर प्रसारित की जा चुकी है और अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आने से यह और ज्यादा दर्शकों तक पहुंचेगी। निरहुआ और आम्रपाली की जोड़ी को दर्शक बहुत पसंद करते हैं। यह फिल्म न सिर्फ मनोरंजन देगी, बल्कि किसानों के मुद्दों पर भी सोचने पर मजबूर करेगी। 'फसल' के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा और विजय चौहान ने लिखे हैं। फिल्म के गाने आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत और शिल्पी राज जैसे मशहूर गायकों ने गाए हैं। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले इस फिल्म के निमार्ता प्रेम राय हैं, जबकि सह-निमार्ता सतीश आशवानी हैं। फिल्म का निर्देशन प्रतिभाशाली पराग पाटिल ने किया है, जिन्होंने इसकी कहानी भी लिखी है। संवाद लेखन का जिम्मा राकेश त्रिपाठी ने संभाला है। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी साहिल जे. अंसारी ने की है। एक्शन सीन को हीरा यादव ने डिजाइन किया है और कोरियोग्राफी संजय कोर्बे और कानू मुखर्जी ने की है। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे के साथ छोटी सिंह, संजय पांडेय, अयाज खान, सुबोध सेठ, राकेश त्रिपाठी, यादवेंद्र यादव, जय सिंह, प्रीति सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, डॉली, राणा सुजीत सिंह, दीपेंदर मिश्रा, शम्भू राणा, साहब लाल धारी, कृष्णा यादव, शिवेश तिवारी और कविता सिंह अहम भूमिका में नजर आएंगे।

नेक्सजेन लीडरशिप अवाड्र्स में शामिल हुईं जानी-मानी हस्तियां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगमा मिराजकर, इरशाद कामिल, पुष्कर जोग और रूपाली सूरी फिल्ममेकर सुनील कोठारी के नेक्सजेन लीडरशिप अवाड्र्स में शामिल हुए।

यह शाम सिर्फ.एक इवेंट नहीं थी, बल्कि रिज्यूमे, तालियों और दिल से जश्न का पूरा कॉम्बिनेशन थी, जिसमें नगमा मिराजकर, इरशाद कामिल, पुष्कर जोग, रूपाली सूरी और वरिंदर चावला एक साथ आए। मौका था इंडियन बिजनेसमैन, समाजसेवी और अब फिल्ममेकर सुनील कोठारी के नेक्सजेन लीडरशिप अवाड्र्स का। इस इवेंट में इंडस्ट्री भर के आर्टिस्ट, क्रिएटर और टेक्नीशियन एक ही छत के नीचे न सिर्फ.सफलता बल्कि उसके पीछे की कड़ी मेहनत और सफर का जश्न मनाने के लिए इकट्ठा हुए।

इस शाम को और भी खास बनाते हुए, प्रोड्यूसर सुनील कोठारी ने अपनी आने वाली फिल्म, आव्यान का पोस्टर भी लॉन्च किया, जिससे वहां मौजूद लोगों को उनके अगले सिनेमाई सफर की एक झलक मिली।

सुनील कोठारी ने बताया, यह प्लेटफॉर्म मेरे दिल के बहुत करीब है। यह सिर्फ.अवॉर्ड्स के बारे में नहीं है, यह उन लोगों को पहचानने के बारे में है जो हर दिन चुपचाप इस इंडस्ट्री को बनाते हैं। चाहे वे कैमरे के सामने हों या उसके पीछे, उनके पैशन को सेलिब्रेट किया जाना चाहिए। सफलता की इस रात में एक वाइब्रेंट मिक्स देखने को मिला। सुनील कोठारी को लेगेसी एक्सीलेंस अवॉर्ड मिला, जबकि पुष्कर जोग को ह्यूमन कोकेन में उनकी दमदार परफॉर्मेंस के लिए आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। लिरिसिस्ट इरशाद कामिल को सैयारा के लिए बेस्ट लिरिक्स का अवॉर्ड मिला, और नगमा मिराजकर को ट्रेंडसेटर ऑफ द ईयर चुना गया। इशिका डे ने ब्रेकथ्रू परफॉर्मर ऑफ द ईयर जीता, जबकि विनोद सैम पीटर को पुगल्या के लिए विजनरी डायरेक्टर ऑफ द ईयर मिला। इसके अलावा, अनुस्मृति सरकार को मोस्ट प्रॉमिसिंग एक्ट्रेस, निबेदिता बसु को कंटेंट डिसरप्टर अवॉर्ड, कृष्णा गौतम को म्यूजिक वीडियो में बेस्ट परफॉर्मेंस और नबील पारकर को फ्रेश फेस ऑफ द ईयर चुना गया। वरिंदर चावला को बॉलीवुड का लेंस लेजेंड, नीलेश चौधरी को धुरंधर के लिए आउटस्टैंडिंग आर्ट डायरेक्टर प्रेरित और रूपाली सूरी को डायनामिक टैलेंट ऑफ द ईयर चुना गया। डिजिटल मार्केटर और फोटोग्राफर राजेश कुमार भी इवेंट में मौजूद थे।

सनातनी मातृशक्तियां आज करेंगी बाबा सोमनाथ का दिव्य और भव्य दर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुआई में बड़ी संख्या में मातृशक्तियां आज गुजरात के सोमनाथ मंदिर में महादेव के दर्शन करेंगी। यात्रा के दौरान गोमती नगर स्टेशन से लेकर ट्रेन की बोगी तक सनातनी मातृशक्तियों के जयकारों और भजन सें गूंजती रही।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते रविवार को लखनऊ स्थित गोमती नगर के स्टेशन से सोमनाथ यात्रा की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। इस अभियान के तहत प्रदेश भर से 1008 चयनित श्रद्धालुओं को बाबा सोमनाथ के दर्शन करवाए जा रहे हैं। यह यात्रा 21 अप्रैल की सुबह 6 बजे, सोमनाथ स्टेशन पहुंचेगी। 24 अप्रैल को वहां से वापसी के लिए ट्रेन रवाना होगी और 26 अप्रैल को लखनऊ पहुंचेगी। सोमनाथ गुजरात के वेरावल - प्रभास पाटन, में स्थित भगवान शिव का पहला और अत्यंत पवित्र ज्योतिर्लिंग है। यह मंदिर अपनी अटूट आस्था, सदियों के आक्रमणों को झेलकर पुनर्जीवित होने और अपनी भव्य वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, जिसे लौहपुरुष सरदार पटेल ने पुनर्गठित करवाया था। यह हिंदू धर्म के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का प्रतीक है।

सपना गोयल ने सोमवार को बताया कि उनका एकमात्र लक्ष्य है कि संतों और ऋषियों की पावन भूमि, भारत एक बार पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो। भारत उत्थान के इस महा उद्देश्य की पूर्ति हेतु ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ के साथ-साथ प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शनिवार को नजदीकी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन, करवाया जा रहा है। बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के 10 मार्च 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में सपना गोयल की अगुआई में लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान किया गया था। इसमें पांच हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुईं थीं। आध्यात्मिक आत्मा सपना गोयल निरंतर प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मातृशक्तियों का मार्गदर्शन कर रही हैं। उनका उद्देश्य है कि सुंदरकांड हर सनातनी की पहचान बनें। इस क्रम में सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में रविवार 23 जून 2024 को पावन तीर्थ नैमिषारण्य में भव्य सामूहिक सुंदरकांड महायज्ञ का आयोजन करवाया गया था। इसमें चालीस बसों के माध्यम से पांच हजार महिलाओं को इस अनुष्ठान में शामिल करवाया गया था। इस क्रम में सपना गोयल की अगुवाई में बिना किसी सरकारी सुरक्षा के रात-दिन की यात्रा करके उत्तर प्रदेश के 25 से अधिक जिलों में बड़े स्तर पर सुंदरकांड महायज्ञ सम्पन्न करवाए जा चुके हैं। इस महा तीर्थाटन अभियान के अंतर्गत सपना गोयल के नेतृत्व में उत्तराखंड कोटद्वार के प्राचीन सिद्धबली मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, हर की पौड़ी हरिद्वार, रुड़की महादेव मंदिर, प्रयागराज के लेटे हुए हनुमान मंदिर परिसर एवं कानपुर के आनंदेश्वर महादेव मंदिर के गंगा जी घाट परिसर में भी भव्य सुंदरकाण्ड का पाठ सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है। ऐसे सुंदरकांड महायज्ञ अनुष्ठानों में शहर से बड़ी संख्या में महिलाओं को बिना किसी सरकारी सहायता के सपना गोयल द्वारा बसों और रेलवे आदि के माध्यम से आयोजन स्थल तक पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही बीते साल 11 सितम्बर से अयोध्या तीर्थ में प्रभु राम जी के जन्मभूमि परिसर में भी, मासिक सुंदरकांड पाठ का सिलसिला शुरू हो गया है। दूसरी ओर ह्रसेवा परमो धर्मः ह्र को बीज मंत्र मानते हुए दरिद्र नारायण की सेवा के भाव से जाड़ों में कम्बल वितरण और विभिन्न पावन अवसरों पर भंडारों का आयोजन भी करवाया जा रहा है। इसके साथ ही सावन माह में वृहद कावड़ सेवा भी की जा रही है।

प्रकृति और भावनाओं का रंग-संवाद : टेम्परा कार्यशाला का सृजनात्मक आरंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक कॉलेज सहारा स्टेट ब्रांच के सजीव परिसर में फ्लोरोसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से सौंदर्य एवं सांस्कृतिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पाँच दिवसीय टेम्परा पेंटिंग कार्यशाला का प्रेरणादायक शुभारंभ हुआ। इस 20 से 24 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 7:00 से 8:00 बजे तक आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में सौंदर्यबोध, भावनात्मक अभिव्यक्ति और पर्यावरणीय संवेदनशीलता का विकास करना है। उद्घाटन दिवस पर अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया गया। अतिथि मूर्तिकार विकास प्रताप सिंह की उपस्थिति ने सत्र को विशेष रूप से समृद्ध किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति का सूक्ष्म अवलोकन कर उसे दृश्य रूप में व्यक्त करने की प्रेरणा दी तथा टेम्परा तकनीक का प्रभावी प्रदर्शन किया।

संस्थान की प्रधानाचार्या मीना तांगड़ी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कला शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ रचनात्मकता, धैर्य और भावनात्मक बुद्धिमत्ता को विकसित करती हैं। वहीं गैलरी की निदेशक नेहा सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम को व्यावसायिक आयाम प्रदान किया। उन्होंने समकालीन कला और गैलरी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपनी कला को गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में गैलरी क्यूरेटर एवं कला लेखक भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि बुलबुल प्रकृति और भावना की आवाज है शीर्षक से आयोजित यह टेम्परा पेंटिंग कार्यशाला केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और मानवीय संवेदनाओं के मध्य एक सजीव सेतु का निर्माण है। इस पहल के माध्यम से फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी और लखनऊ पब्लिक कॉलेज ने कला-शिक्षा को तकनीकी सीमाओं से ऊपर उठाकर उसे अनुभूति, सौंदर्यबोध और अंतर्मन की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बनाया है। उन्होंने यह भी बताया कि सौंदर्य एवं सांस्कृतिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत दोनों संस्थान लंबे समय से विद्यार्थियों को कला और प्रकृति के निकट लाने का सतत प्रयास कर रहे हैं, जहाँ भावनाओं को केंद्र में रखते हुए विविध कलात्मक कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर जारी है। हाल के समय में पलाश पुष्प, कमल पुष्प और अब बुलबुल को केंद्र में रखकर आयोजित ये कार्यशालाएँ बच्चों में प्रकृति के प्रति अनुराग, संवेदना और सौंदर्य दृष्टि का कोमल विकास करती हैं। बुलबुल जैसे जीवंत प्रतीक के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति की लय, रंगों की कोमलता और भावनात्मक गहराइयों से जोड़ते हुए टेम्परा चित्रकला की पारंपरिक विधा का अनुभव कराया जा रहा है, जो उनकी रचनात्मकता, धैर्य और अनुशासन को समृद्ध करने के साथ-साथ उन्हें अपनी सूक्ष्म भावनाओं को दृश्य भाषा में अभिव्यक्त करने का आत्मविश्वास भी प्रदान करेगा। कार्यशाला का संचालन कला शिक्षक जैसवार अभिषेक जयराम द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने टेम्परा पेंटिंग के इतिहास, तकनीक और माध्यम की विशेषताओं से विद्यार्थियों को परिचित कराया। कला विभागाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़कर अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रथम दिवस में तकनीकी परिचय के साथ व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने रंग, बनावट और संयोजन के साथ उत्साहपूर्वक प्रयोग किए। विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य अमित, हेडमिस्ट्रेस मनीषा तथा अन्य शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। आगामी दिनों में विद्यार्थियों को विषयाधारित पेंटिंग, रचनात्मक अभ्यास और समूह चर्चाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा, जिसका समापन उनके कार्यों की प्रदर्शनी के साथ होगा।

मनोज तिवारी का गाना 'राजा पैदल ना चले' हुआ रिलीज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मनोज तिवारी अचानक ही अपने नए गाने के साथ आ जाते हैं और फैंस को चौंका देते हैं। एक बार फिर से उन्होंने अपना नया भोजपुरी गाना 'राजा पैदन ना चले' रिलीज किया है और ये देखते ही देखते वायरल भी हो गया। इस गाने में सतीश राय ने डेब्यू किया है, जो एक फेमस कंटेंट क्रिएटर हैं और अक्सर बिहार पर बेस्ड मजेदार कंटेंट बनाते रहते हैं। उनके साथ एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव भी हैं।

मनोज तिवारी का भोजपुरी गाना 'राजा पैदन ना चले' बस दो दिन पहले रिलीज हुआ है और इस पर अभी ही आठ लाख से अधिक व्यूज आ चुके हैं। गाना शेयर करते हुए लिखा गया, 'प्रस्तुत है मनोज तिवारी का नया धमाकेदार भोजपुरी गाना। इस गाने में उनकी दमदार आवाज और

शानदार अंदाज का बेहतरीन संगम देखने को मिलेगा। मस्ती, एंटरटेनमेंट और देसी स्वैग से भरपूर यह नया भोजपुरी गाना आपके दिल को जरूर छू जाएगा। अभी सुनें और इस जबरदस्त ट्रैक का आनंद लें !' मनोज तिवारी के फैंस ने कमेंट में उन्हें भरकर प्यार भेजा है। एक ने लिखा- शेर बूढ़ा हो सकता है, मगर शिकार करना कभी नहीं भूलता मनोज तिवारी वही शेर हैं भोजपुरी गायकी के। मनोज तिवारी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की सराहना करते हुए कहा कि यह देश से संबंधित सामान्य ज्ञान का स्रोत है। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि 'मन की बात' पूरे देश से संबंधित सामान्य ज्ञान का स्रोत है... मैं नए लोगों के साथ इन सत्रों में शामिल होने की कोशिश करता हूं... हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि हर कोई इन सत्रों में शामिल हो, क्योंकि जानकारी सीधे प्रधानमंत्री से आती है और सभी प्रकार की गलत सूचनाओं को दूर करती है।'गाने के सिंगर, गीतकार और संगीतकार मनोज तिवारी हैं। जबकि म्यूजिक डायरेक्टर मधुकर आनंद हैं। इसे संदीप साजन ने लिखा है और सतीश राय और माही श्रीवास्तव ने एक्ट किया है। कलाकारों की भी खूब तारीफ हुई है।

इस्कॉन मंदिर में चन्दन यात्रा महोत्सव का आगाज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। इस्कॉन मंदिर लखनऊ के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभु द्वारा अक्षय तृतीया के पुनीत अवसर पर चन्दन यात्रा महोत्सव का प्रारम्भ करते हुए उसकी महत्ता का वर्णन किया गया। चंदन यात्रा कथा का महात्म्य प्रभु जी ने बताया कि एक बार भगवान के प्रिय भक्त एवं महान आचार्य माधवेंद्र पुरी को वृंदावन में भगवान गोपाल जी के विग्रह स्वप्न देते हैं कि हे माधवेंद्र जेठ माह में मुझे बहुत गर्मी लगती है तुम मुझे जगन्नाथपुरी जाकर मेरे लिए चंदन लेकर आओ और मेरे शरीर पर लेप करो यह सपना आते ही माधवेंद्र पुरी जी वृंदावन से तत्काल पैदल पैदल जगन्नाथ जी पुरी उड़ीसा के लिए निकल पड़े और वहां से चंदन लेकर आए और भगवान को उन्होंने चंदन का लेप लगा कर यह सेवा पूरी की, उसी समय से यह उत्सव चंदन यात्रा के रूप में पूरे विश्व में इस्कॉन के मंदिरों में धूमधाम से 21 दिनों तक मनाया जाता है। अपरिमेय श्याम प्रभु जी बताया कि श्रीकृष्ण तो परम पुरुषोत्तम भगवान है, उन्हें किसी प्रकार की सुविधा की कोई आवश्यकता नहीं है, लेकिन भक्तों के लिए भगवान ही सब कुछ है, भगवान भक्तों के प्राण हैं। भगवान की प्रसन्नता एवं संतुष्टि के लिए हम सबको भगवान को चन्दन का लेप लगाकर उनके प्रति प्रेम और लगाव व्यक्त करना चाहिए। अक्षय तृतीया के शुभ एवं कल्याणकारी दिवस हमे भौतिक जगत के भीषण ताप से मुक्त होने के लिए नित्य भक्ति द्वारा भगवान का आश्रय ग्रहण करना चाहिए, जिससे हम भी भागवत प्रेम के महासागर में तैर सकें। अक्षय तृतीया के अन्य महत्वपूर्ण अवसरों के विषय में अपरिमेय श्याम प्रभु जी द्वारा बताया गया कि आज ही सुदामा जी भगवान श्रीकृष्ण से मिले थे और आज ही पतित पावनी गंगा जी स्वर्गलोक से पृथ्वीलोक पर अवतरित हुईं थीं। परिमेय श्याम प्रभु जी ने मंदिर में उपस्थित भक्तों एवं सभी लखनऊ वासियों को अक्षय तृतीया एवं चन्दन यात्रा महा महोत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेने का अनुरोध कि या। आज इस्कॉन भक्त वृंद द्वारा श्री श्री राधा रमण बिहारी जी को 56 भोग अर्पित किये गये, जिसे सभी भक्तों को महाप्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

यूपी की बेटी सुहानी ने अंग्रेजी साहित्य में रचा इतिहास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। यह हकीकत है कि बुलंद हौसलों के आगे उम्र और शिक्षा बाधा नहीं बनते। इंदिरा चौक निवासी 17 वर्षीय सुहानी सिंह ने अपनी इच्छाशक्ति और मेहनत के दम पर वो मिशाल कायम की है, जो दृढ़ संकल्प और जज्बे का सीधा प्रमाण है। यहां तक पहुंचने के लिए बहुत से लोगों को वर्षों बीत जाते हैं लेकिन उन्होंने मात्र 11 साल की उम्र में अंग्रेजी में कविताएं लिखना शुरू कर दी थीं। तब वह कक्षा छह की छात्रा थीं और परिवार का हमेशा सहयोग भी मिलता रहा। वह ऊंचाइयों तक पहुंचती रहीं। अब तक उनकी अंग्रेजी में दो किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं और तीन कविताएं राष्ट्रीय स्तर पर भी चयन हो चुकी हैं। शहर में इंदिरा चौक निवासी सुहानी सिंह 12 वीं की छात्रा हैं। वह शहर के दिल्ली पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत हैं। उनके पिता प्रशांत सिंह जिला कोआपरेटिव बैंक के मैनेजर हैं। मां मानवी सिंह गृहणी हैं।

सुहानी सिंह कहती हैं कि वह वर्ष 2020



में कक्षा छह की छात्रा थीं। तब उनकी उम्र मात्र 11 साल थी। उस वक्त उन्हें अंग्रेजी में कविताएं पढ़ना बहुत अच्छा लगता था। उनकी रुचि लगातार बढ़ रही थी और जब वह अंग्रेजी में कविताएं पढ़ती थीं तो उन्हें ऐसा लगता था कि यह कविताएं वह स्वयं भी लिख सकती हैं। उन्होंने 11 साल की उम्र में ही कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। वर्ष 2024 में उन्होंने हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके साथ-साथ उन्होंने अंग्रेजी में 30 कविताएं लिख दीं। मार्च 2024 में उनकी पहली किताब वर्ल्ड फुल ऑफ एलिक्सिर प्रकाशित हुई। उन्होंने अपना हौसला लगातार बनाए रखा और कविताएं लिखती रहीं। पिछले दिनों फरवरी 2024 में 30 कविताओं की दूसरी किताब व्हिस्पर्स आफ एगोनी प्रकाशित हुई। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले एक आनलाइन प्रतियोगिता हुई थी, जिसमें देश भर के लोगों ने अपनी अपनी कविताएं सुनाईं थीं। उस प्रतियोगिता में उनकी तीन कविताओं का चयन हुआ। जो राष्ट्रीय स्तर के प्रोफेसर थे, उन्होंने तीन कविताएं चुनीं और अपनी तीन किताबें प्रकाशित की। वह तीन किताबें व्हिस्पर्स आफ रेन, द डान विदिन और द लव थ्योरी हैं। सुहानी सिंह कहती हैं कि वह शुरूआत से ही कविताएं, कहानियां पढ़ने की शौकीन हैं और वह चाहती हैं कि आगे भी लगातार कविताएं लिखती रहें, जिन्हें देशभर के लोग पढ़ें। अपनी पढ़ाई और कविताएं लिखने के साथ-साथ सुहानी सिंह चेंज मेकर्स क्लब की फाउंडर भी हैं और इस क्लब में उनकी हमउम्र लड़कियां शामिल हैं। ज्यादातर उनकी सहेलियां हैं। जब भी उन्हें मौका मिलता है, समाज सेवा करती हैं। इसमें पौधा रोपण, लोगों की मदद करना, दान देना समेत कई तरह के सामाजिक कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह क्लब चलाने की प्रेरणा उन्हें अपने मामा डा. प्रशांत चौहान से मिली। उन्होंने ही क्लब की शुरूआत कराई। सुहानी सिंह कहती हैं कि उनकी दोनों किताबें केवल बदायूं या भारत देश में ही नहीं मारीशस, नाइजीरिया, कनाडा, अफगानिस्तान, फिजी समेत कई देशों में गई हैं।

संक्षेप

दबंगों ने गिराई पक्की दीवार तीन के खिलाफ केस दर्ज

नसीराबाद रायबरेली। थाना क्षेत्र के अहिरन का पुरवा मजरे कोलवा गांव निवासी मंजू यादव पुत्री राम दास ने थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि बीती शनिवार को करीब गांव के ही संन्तोष पुत्र लालता प्रसाद व विरेन्द्र पुत्र लालता प्रसाद तथा राज बहादुर पुत्र राम प्यारे आये और मेरी साढे 6 फीट की बनी पक्की दीवाल को जबरन गिरा दिया। विरोध करने पर दबंगों ने गली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी । पीड़िता ने बताया कि आरोपियों से जमीन को लेकर विवाद चल था ।जिसको लेकर बीती शनिवार को आरोपियों ने दीवाल को जबरन गिरा दिया। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंच कर तहरीर दे दी । पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

मछली व्यवसायी चाचा भतीजे में जमकर चले लाठी डंडे

सलोन,रायबरेली। व्यापारिक पैसे के लेनदेन को लेकर कस्बे के मछली व्यवसाई चाचा भतीजे में जमकर लाठी डंडे चले। घटना के दौरान दोनों पक्षो से हुए खूनी संघर्ष में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। जिसमे एक युवक को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। घटना बीती रात दस बजे की बताई जा रही है। कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला करीमगंज निवासी मछली व्यवसाई हाजी वसीम के घर पर रविवार की रात पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद शुरू हो गया ।पुलिस के मुताबिक यासीन पुत्र हाजी वसीम और उसके चाचा अकील पुत्र कफील के बीच रविवार की रात पैसे के लेनदेन को लेकर कहासुनी शुरू हो गई थी ।उसी बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया ।जिसके बाद दोनों पक्षो से लाठी डंडे निकल आये ।और जमकर एक दूसरे पर लाठियां भांजी ।इस बीच कस्बे में तैनात सिपाहियों को घटना की भनक कानो कान नही हुई ।हिंसक घटना में एक पक्ष से अकील, कलीम, आफरीन, शमीम और दूसरे पक्ष से यासीन, सद्दाम और शन्नो घायल हूए है। घायलों को रात में भी सीएचसी सलोन में भर्ती कराया गया ।यहां अकील की हालत चिंता जनक होने के चलते उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि मछली व्यवसाई के परिवार में पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट हुई है ।एक युवक जिला अस्पताल में भर्ती है ।आधा दर्जन लोग घायल हुए है ।घटना की तहरीर नही मिली है।

भाजपा नेत्री रीता वर्मा पासी की सासू मां का निधन

नसीराबाद, रायबरेली। विकास खण्ड छतोह के श्री राजाराम चेतना डिग्री कॉलेज चतुरपुर की प्रबंधक और भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा रायबरेली की जिला उपाध्यक्ष रीता वर्मा पासी की सासू मां चेतना देवी का सोमवार को प्रातः निधन हो गया, वे लगभग 65 वर्ष की थीं। सोमवार की सुबह उन्होंने अमेठी संसदीय क्षेत्र के ग्राम चंदई पुर ब्लॉक गौरीगंज के स्थाई निवास पर अंतिम सांस ली। अंतिम दर्शन के लिए रायबरेली जनपद के सलोन विधानसभा क्षेत्र सहित अमेठी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर और लखनऊ आदि कई जनपदों के वरिष्ठ नेता, अधिकारी और गणमान्य लोगों सहित हजारों लोगों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

परीक्षाओं में सफल छात्रों का सम्मान

अधिकारी बने छात्रों ने साझा की अपने संघर्ष की कहानी

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, एसएससी सीजीएल और बैंक पीओ जैसी परीक्षाओं में घोषित परिणामों में न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स (एन.एस.जी.आई.) के सफल छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुई, जिसमें एनएसजीआई संस्थापक प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा, प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति सहित सफल छात्रों और उनके माता-पिता ने सहभागिता कर कार्यक्रम को गरिमामयी बनाया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने सभी अतिथियों एवं छात्रों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर महत्वपूर्ण पदों पर चयनित होकर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया।

सम्मानित होने वाले छात्रों में शिवानी सिंह (असिस्टेंट कमिश्नर जी एस टी, हर्ष कुमार सिंह (डिप्टी एसपी), आकांक्षा बाजपेई (नायब तहसीलदार), अंजलि श्रीवास्तव (कॉमर्शियल टैक्स ऑफिसर), हितेंद्र सोनकर (आरओ), रैंसी गुप्ता (असिस्टेंट आरओ), अनमोल पांडेय (पीओ, एसबीआई) एवं सुभाष साहू (ऑफिस सुपरिटेंडेंट, आयकर विभाग) शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी सफल छात्रों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में सभी सफल छात्रों ने अनुभव साझा करते हुए अपनी सफलता की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वर्तमान छात्रों को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और निरंतर प्रयास का महत्व समझाया। साथ ही, विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

संस्थापक प्रबंधक डॉ. शर्मा ने सभी सफल छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान के पूर्व छात्रों की यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का भी प्रतिफल है। उन्होंने सफल छात्रों को सुझाव दिया कि वह अपने-अपने कार्यक्षेत्र में शोषितों, वंचितों पर विशेष ध्यान दें, जिससे कि आम जनमानस की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से हो।

इस अवसर पर मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, अजय सिंह, रामदेव, शिवेंद्र विक्रम सिंह, विवेक कुमार, विवेक सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्री दोसर वैश्य आदर्श सामूहिक विवाह उत्सव भव्यता के साथ संपन्न

लालगंज रायबरेली। लालगंज नगर में श्री दोसर वैश्य आदर्श सामूहिक विवाह उत्सव भव्यता के साथ संपन्न हुआ है ।यह जानकारी देते हुए 13वें विवाह उत्सव कार्यक्रम के आयोजक हनुमान प्रसाद गुप्ता, रज्जन लाल गुप्ता (रौला) केसी गुप्ता, आनंद गुप्ता, गोपाल जी, मिन्नी गुप्ता, अर्पित गुप्ता ने बताया कि गत वर्षो की तरह वैश्य समाज सामूहिक विवाह उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।। इस अवसर पर पांच जोड़ों का सामूहिक विवाह होगा। इस अवसर पर खागा फतेहपुर के अजय कुमार गुप्ता का विवाह अकबरपुर फतेहपुर की शिवानी गुप्ता के साथ और राजामऊ के देवेंद्र गुप्ता का विवाह भीतरगांव की अंजली गुप्ता के साथ हुआ। वहीं रालपुर के मनीष गुप्ता का विवाह हुसैनगंज की नैंसी गुप्ता के साथ और पलिया बुजुर्ग के यश गुप्ता का विवाह अंजलि के संग संपन्न हुआ। इसके साथ ही मगरैल उन्नाव के आशु गुप्ता का विवाह वही की शिवानी गुप्ता के साथ हुआ। सामूहिक विवाह उत्सव के कार्यक्रम सेठ शिव दुलारे शाह श्री राम जानकी शिव मंदिर गल्ला मंडी लालगंज में संपन्न हुए हैं। विवाह उत्सव के व्यवस्थापकों ने बताया कि रज्जन लाल गुप्ता की देखरेख में बारात श्री काशी धर्मशाला से निकली और अगवानी करते हुए सेठ शिव दुलारे शाह मंदिर पहुंची। मंदिर में ही समस्त वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुए। मंदिर के कार्यक्रम वरिष्ठ समाजसेवी केसी गुप्ता की देखरेख में संपन्न हुए। सभी के लिए भोजन आदि की भी व्यवस्था थी। घर गृहस्थी का सामान भी वर वधू को दिया गया ।कार्यक्रम के व्यवस्थापकों ने बताया कि सामूहिक विवाह उत्सव का उद्देश्य समाज में दहेज रहित विवाह का संदेश देना है।

मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर सनी पांडेय गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

संग्रामपुर अमेठी ।सोमवार तड़के करीब 3:20 बजे थाना संग्रामपुर पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस, चोरी की बैटरी, झटका मशीन व मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

पुलिस के अनुसार ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत बेलखरी से विशेषरगंज मार्ग जाने वाले तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक बाइक से आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा और खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर ही उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान सनी पांडेय निवासी बेलखरी थाना संग्रामपुर के रूप में हुई। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने मुठभेड़ के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में करीब 20 मुकदमे दर्ज है। और वह संग्रामपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। पूर्व में दर्ज चोरी के एक मुकदमे से संबंधित झटका मशीन व बैटरी भी उसके पास से बरामद की गई है। घायल आरोपी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है।

तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, एक गंभीर

जगदीशपुर (अमेठी)। कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी रायबरेलीझअयोध्या हाईवे पर तेतारपुर के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरा युवक बाल-बाल बच गया। मृतक की पहचान सत्यम लोधी (26) पुत्र गंगाराम लोधी, निवासी शंकरगंज थाना मोहनगंज के रूप में हुई है। वहीं घायल दुर्गेश (23) पुत्र देवता को गंभीर अवस्था में तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार तीसरा युवक विशाल पुत्र भवानी मिश्रा सुरक्षित है, जिसे मामूली चोटें आई है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर तेज गति में था और अचानक अनियंत्रित होकर बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और घायल को अस्पताल भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।इस संबंध में निरीक्षक जगदीशपुर धीरेंद्र यादव ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने हाईवे पर यातायात नियंत्रण और सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

सीसीटीवी से खुला पेड़ चोरी का राज, चार आरोपी गिरफ्तार

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किनारे खेत से पेड़ काटकर चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की लकड़ी और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है। थाना क्षेत्र उमरी गांव निवासी रविशंकर शुक्ला ने सात अप्रैल को तहरीर देकर बताया था कि उनका खेत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास स्थित है। छह-सात मार्च की रात अज्ञात चोर 24 यूकेलिप्टस के पेड़ काटकर उठा ले गए थे। घटना एक्सप्रेसवे की सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। उस समय पीड़ित ने आशंका जताई थी कि कटी लकड़ी पास की प्लाई फैक्ट्री में खपाई गई है। उपनिरीक्षक अशोक कुमार, उपनिरीक्षक कैलाश सिंह, हेड कांस्टेबल पप्पू, विजय कुमार पटेल, धर्मेंद्र कुमार, कांस्टेबल दीपक कुमार ने सूचना पर सोमवार को भरथीपुर शारदा सहायक नहर पटरी से चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान शुभम यादव, करन, रोशनलाल, आदित्य पटेल निवासीगण जनपद अयोध्या के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से सफेदा लकड़ी का 43 बोटा और वाहन को बरामद किया है। थानाध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया आरोपितों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

गेहूं फसल में लगी आग, ढाई बीघा जलकर राख

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। थाना क्षेत्र के सोनारी गांव में सोमवार दोपहर बाद संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग जाने से किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। आग की चपेट में आकर पखनपुर निवासी वासुदेव वर्मा की लगभग ढाई बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेत से अचानक धुआं और आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दमकल कर्मी ज्ञानेंद्र, विनोद और राज विजय मौके पर पहुंचे। दमकल टीम और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। सूचना पर स्थानीय लेखपाल अखिलेश सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। लेखपाल अखिलेश सिंह ने बताया कि क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

कल्याणपुर गोलीकांड में तीन आरोपितों की अग्रिम जमानत खारिज

सुलतानपुर (वीओएल)। अखंडनगर थाने के कल्याणपुर गांव में हुए गोलीकांड के चर्चित मामले में पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह के खिलाफ दर्ज केस में सह आरोपित अरुण कुमार सिंह, हलचल तिवारी व नमित कुमार उर्फ अमित सिंह को कोर्ट से राहत नहीं मिल पाई है। सोमवार को जिला जज सुनील कुमार ने बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष से वादी मुकदमा के अधिवक्ता संतोष पांडेय व डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र की बहस सुनने के बाद तीनों आरोपितों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। अखंडनगर थाने के कल्याणपुर गांव के जिलाजीत यादव ने बीते 15 मार्च को मुकदमा दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि रतनपुर मैरवा निवासी पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह, उनके पुत्र अभिजीत सिंह समेत अन्य आरोपितों ने लाठी, डंडा व असलहे से लैस होकर जानलेवा हमला कर दिया था। घटना में वादी पक्ष के कई लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने बीते 16 मार्च को पूर्व मंत्री समेत कई आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बीट आरक्षियों के साथ की गोष्ठी

रायबरेली। जनपद में पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने आज समस्त थानों से दो-दो बीट आरक्षियों को बुलाकर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी एवं बीट बुक निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान बीट पुलिसिंग की वर्तमान व्यवस्था, अभिलेखों के रखरखाव, क्षेत्रीय गतिविधियों तथा आमजन से जुड़ी समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बीट आरक्षियों की भूमिका जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। निरीक्षण के दौरान सभी बीट आरक्षियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को अभियान के बारे में विस्तार से जागरूक करने के निर्देश दिए गए। हिस्ट्रीशीटरों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निरंतर एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। बीट क्षेत्र में जनसंपर्क को बढ़ाते हुए स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली जाए और उनका त्वरित निस्तारण कराया जाए।

अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने सभी बीट आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा, ह्लआप सभी को अपने बीट क्षेत्र में पूरी सक्रियता के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना है। आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें, उनकी समस्याओं को सुनें और समाधान दिलाने में कोई कसर न छोड़ें। बीट पुलिसिंग ही वह आधार है जिस पर समूची पुलिस व्यवस्था मजबूती से खड़ी होती है।

पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

रायबरेली। थाना हरचंदपुर पुलिस ने सोमवार तड़के रायबरेली-महराजगंज शारदा नहर रोड पर हुई मुठभेड़ में 25,000 रुपये के इनामी वांछित गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में आरोपी के कब्जे से एक अवैध 12 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस और बिना नंबर प्लेट वाली स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक रायबरेली रवि कुमार के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह बड़ी सफलता हासिल की गई है। जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल की देर रात करीब 2:35 बजे थाना हरचंदपुर की पुलिस टीम एक सूचना पर हिलगी पुलिया के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रायबरेली-महराजगंज शारदा नहर रोड से एक संदिग्ध व्यक्ति स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का संकेत दिया, लेकिन वह भागने लगा और पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की जिसमें आरोपी राजू के बाएं पैर में गोली लग गई। उसे तुरंत सीएचसी हरचंदपुर ले जाकर इलाज के लिए भर्ती कराया गया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस 12 बोर व एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (बिना नंबर प्लेट) बरामद हुई है। राजू पर पहले से कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

- पीत वस्त्र धारण कर महिलाओं ने लिया हाथ में कलश
- शाम तीन बजे से होगी कथा तो रात्रि में रास लीला

सुलतानपुर (वीओएल) जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को श्री बाबा बनखंडी धाम से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा का शुभारंभ बाबा बनखंडी आश्रम से हुआ, जो नंदी धाम, बगिया चैराहा और बरसोंमा मार्ग से होते हुए जयसिंहपुर शिव मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद यात्रा जयसिंहपुर बाजार और कोतवाली मार्ग से गुजरते हुए फिर से बाबा बरखंडी धाम पर संपन्न हुई इस धार्मिक आयोजन में संत श्री त्यागी जी महाराज, ओम पांडेय और दिनेश शुक्ला सहित कई प्रमुख श्रद्धालु उपस्थित रहे। खास बात यह रही कि किन्नर समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक राज प्रसाद उपाध्याय (राजबाबू), ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। त्यागी बाबा के संयोजन में श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन 20 अप्रैल से 27 अप्रैल तक बाबा बनखंडी धाम में किया गया है। जिसमें शाम तीन बजे छह बजे तक अयोध्या धाम से पधारे श्री सत्यानंद जी महाराज कथा श्रवण कराएंगे। वही रात्रि आठ बजे से 12 बजे तक मथुरा वृन्दावन से आई टीम ठाकुर ताराचंद के संयोजन में रास लीला करेगी। 28 अप्रैल मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

जैव विविधता संरक्षण पर व्याख्यान आयोजित पर्यावरण के प्रति जागरूकता पर दिया जोर

सुलतानपुर (वीओएल)। कमला नेहरू संस्थान में सोमवार को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा बाबू के.एन. सिंह स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. सुनील प्रताप सिंह एवं मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार (गोरखपुर विश्वविद्यालय) द्वारा मां सरस्वती एवं संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

व्याख्यान का विषय ह्यबायोडायवर्सिटी एंड इट्स कंजर्वेशन रहा, जिसकी रूपरेखा विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी पांडेय ने प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि जैव विविधता के संरक्षण के लिए पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार आवश्यक है। मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने संसाधनों के अंधाधुंध दोहन और प्राकृतिक आवासों के विनाश को इसके क्षरण का प्रमुख कारण बताया। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सवाल पूछे, जिनका अतिथि ने सरल भाषा में उत्तर दिया। अंत में डॉ. मनोज कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

जिला संवाददाता

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। चांदा कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, चांदा थाना क्षेत्र के रजवाड़े रामपुर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक चालक चंद्रशेखर पुत्र नीमरदास निवासी गड़मा कोइरीपुर थाना चांदा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तुरंत सहायता करते हुए 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया। जहां पर उनका इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक किसी आवश्यक कार्य से चांदा गए थे और वहां से अपने घर लौट रहे थे। यह हादसा लगभग रात 11 बजे के आसपास की हैं। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इस सम्बंध में कोतवाल अमित मिश्रा ने बताया कि मृतक की बाइक पेड़ से टकराई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी परिजनों से तहरीर नहीं प्राप्त हुई हैं। तहरीर मिलते ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

नहर में मिले नर कंकाल की मोबाइल सिम से हुई शिनाख्त

जिला संवाददाता

गोसाईगंज, सुलतानपुर। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सोनारा के पास शारदा सहायक खंड-16 नहर में शनिवार देर रात मिले नर कंकाल की पुलिस ने एक दिन के भीतर ही मोबाइल फोन में लगे सिम के आधार पर शिनाख्त कर ली है।

नर कंकाल 22 वर्षीय युवक का था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थानाक्षेत्र के सोनारा के पास शारदा सहायक खण्ड 16 नहर में पानी न होने के कारण शनिवार रात को नर कंकाल झाड़ियों में फंसा दिखाई पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए अवशेषों को मोर्चरी में रखवा दिया था। मौके से एक मोबाइल फोन, कुछ कागजात और नकदी भी बरामद हुई थी। पुलिस ने मोबाइल में लगे सिम के आधार पर पहचान का प्रयास शुरू किया और अन्य माध्यम से सूचना प्रसारित की। रविवार को माखनलाल पुत्र स्व. रामसुंदर निवासी किशुनी का पुरवा थाना कूरेभार ने गोसाईगंज थाने पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि नर कंकाल उसके छोटे भाई रामचेत पुत्र स्व. रामसुंदर की है। मृतक रामचेत बीते 3 फरवरी से लापता था, जिसकी गुमशुदगी कूरेभार थाने में दर्ज कराई गई थी। चौकी इंचार्ज भटमई सुनील सिंह यादव ने बताया कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

उसामा हत्याकांड में पिता से हुई जिरह

सुलतानपुर (वीओएल)। मो. उसामा हत्याकांड के मामले में मृतक के पिता मो. शकील अहमद सोमवार को गवाही देने के लिए कोर्ट में पेश हुए। गवाह से बचाव पक्ष के अधिवक्ता रवि शुक्ल ने जिरह की लेकिन पूरी नहीं हुई। जिला जज सुनील कुमार ने शेष जिरह के लिए गवाह को मंगलवार को तलब किया है। कोतवाली नगर के राहुल चैराहा गांधी नगर निवासी मो. शकील के 11 वर्षीय पुत्र मो. उसामा की 25 नवंबर 2024 को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। परिवारीजन से पांच लाख रुपये की फिरौती भी मांगी गई थी। पुलिस ने मुख्य आरोपित मो. आसिफ उर्फ सोनू के साथ ही उसके पिता ताज मोहम्मद उर्फ बब्बू, बहन शबनम, चाचा मो. सलीम व चाची रिजवाना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

परिषदीय स्कूलों का बदला समय

सुलतानपुर (वीओएल)। भीषण गर्मी और हीट वेव के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जनपद में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने नर्सरी से कक्षा- 8 तक के सभी परिषदीय, मान्यता प्राप्त व अन्य बोर्ड के विद्यालयों का समय प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित किया है। निर्णय का उद्देश्य तेज गर्मी में बच्चों को राहत देना और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों और प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि आदेश का सख्ती से पालन कराया जाए।

संक्षेप

नगर मजिस्ट्रेट ने 2 बुक स्टालों का किया आकस्मिक निरीक्षण

मथुरा। जिला शुल्क नियामक समिति की पूर्व बैठक में जिलाधिकारी के निदेर्शों के पश्चात भी पुस्तक विक्रेताओं द्वारा किताबों के मूल्यों पर मनमाना शुल्क वसूली एवं बिल न देने के सम्बन्ध में लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों हेतु जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के निदेर्शों के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा द्वारा आज गोपनीय जाँच के तहत आकस्मिक छापेमारी की गयी। उन्होंने सेंट डोमनिक्स स्कूल (अल्फा प्ले), सक्रेडहार्ड स्कूल एवं जय शिव कॉन्वेंट स्कूल के छात्र/छात्राओं के अभिभावकों द्वारा उपरोक्त के दृष्टिगत प्राप्त शिकायती पत्रों के निस्तारण के संबंध में पुस्तक विक्रेताओं की दो दुकानों यथा- माई बुक शॉप धौली प्याऊ मथुरा एवं कृष्णा पुस्तक एजेन्सी धौली प्याऊ मथुरा की दुकानों का पर आकस्मिक रूप से जाँच की गयी। संबंधित दुकानदारों द्वारा कोई भी छूट एवं बिल देने से मना किया गया। उक्त दुकानों पर उपस्थित अन्य अभिभावकों द्वारा भी इसकी पुष्टि की गयी। जिसके क्रम में उक्त दुकानों को मौके पर सील कराने की कार्यवाही की गयी एवं उक्त के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद स्तर पर आकस्मिक निरीक्षण की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें, जिससे अभिभावकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। साथ ही जनपद के सभी विद्यालयों के प्रबन्धक / सचिवों एवं सभी पुस्तक विक्रेताओं से अपील की जाती है कि अनुमन्य दर के साथ बिलिंग की कार्यवाही अवश्य सुनिश्चित करें अन्यथा प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाही की जायेगा।

श्री पुरुषोत्तम मास महोत्सव का आयोजन 28 से

अयोध्या। श्री झलारिया मठ द्वारा विश्व शांति, राष्ट्र समृद्धि एवं सर्व कल्याणार्थ ह्लश्री पुरुषोत्तम मास महोत्सव अयोध्याह्व का आयोजन 28 अप्रैल 2026 ई0 गुरुवार से 03 जून 2026 ई0 बुधवार तक श्री श्रीधर धाम श्री झलारिया मठ बड़ा भक्तमाल की बगिया पंचकोसी परिक्रमा मार्ग रामघाट चैराहा अयोध्या धाम में किया जा रहा है। उक्त महोत्सव को सफल बनाने के लिए श्री झलारिया मठ बड़ा स्थान डीडवाना (शाखा स्थान) श्री वेंकटेश मंदिर शास्त्री नगर रामपथ मार्ग श्री अयोध्या धाम के पीठाधीश्वर भूदेवाचार्य महाराज का आगमन 19 अप्रैल को हो चुका है।

चतुर्वेदी वरिष्ठ नागरिक समिति ने बुजुर्गों का किया सम्मान

जिला संवाददाता

मथुरा। चतुर्वेदी वरिष्ठ नागरिक समिति द्वारा समाज के वरिष्ठतम हस्तियों को सम्मानित किया गया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार श्रीकृष्ण जन्मभूम के निकट मनभावन होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में समाज और परिवार में दीर्घ आयु वाले व्यक्ति की मौजूदगी के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का शुभारंभ व्यासजी द्वारा किए गए स्वस्ति वाचन से हुआ। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ठ रूप से मौजूद संस्था के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश पद्मनाथ चतुर्वेदी ने शास्त्रों के माध्यम से व्याख्या करते हुए सामाजिक ताने-बाने में वरिष्ठतम व्यक्ति के महत्व और गरिमा के बारे में बताया। नगर के जाने माने चिकित्सक डा. आरके चतुर्वेदी ने इस आयोजन की भूमिका और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। संस्था के सचिव गनेश चतुर्वेदी संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में सदस्यों को जानकारी दी गई। किशन चतुर्वेदी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह परंपरा कायम रहनी चाहिए, ऐसे आयोजन परिवार के लंबी आयु के सदस्यों को यह अहसास कराते हैं कि परिवार और समाज उनको किस आदर के साथ देखता है। नगर के प्रमुख व्यवसाई पवन चतुर्वेदी ने कहा कि आज हम जो भी हैं वो अपने परिवार के बुजुर्गों की वजह से ही हैं। हम इनको क्या सम्मानित करेंगे, सच तो यह है कि इनको सम्मानित कर हम अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। महेशजी वकील साहब ने संस्था के इस आयोजन की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान बंशीधर जी(काटे वाले), वंशीजी (मुखिया), बल्देवजी पाठक, दीनानाथ जी (कानपुर वाले), नवनीत लालजी, परमेश्वर दत्त, श्रीकृष्ण शास्त्री, बांके लालजी, श्यामसुंदरजी(बैंक वाले) शाल ओढ़ाकर और अभिनंदन पट्टिका प्रदानकर सम्मानित किए गए। इस मौके पर महेश्वरनाथ चतुर्वेदी एडवोकेट, गिरधारी लाल पाठक, कांतानाथ चतुर्वेदी, विपिन चतुर्वेदी, दीनानाथ बौहरे, अनिल चतुर्वेदी, अशोक चतुर्वेदी, सुभाष चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी ने लिया अक्षय तृतीया पर प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद

मथुरा। क्रिकेट के मैदान में बल्ले से रनों की बारिश करने वाले दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली अक्षय तृतीया पर पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ आध्यात्म के रंग में रंगे नजर आए। गले में तुलसी की कंठी, सिर पर ब्रज रज का तिलक लगाए, संत प्रेमानंद के सत्संग में आस्था के सागर में डुबकी लगाते नजर आए। विराट अनुष्का ने सोमवार की सुबह संत प्रेमानंद से आशीर्वाद लिया और सत्संग में शामिल होने के बाद गंतव्य को चले गए।

परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीराधा केलिकुंज में सोमवार की सुबह अक्षय तृतीया पर विराट और अनुष्का साधारण वेशभूषा और सादगी भरे अंदाज में नजर आए।

किसी वीआईपी तामझाम से दूर आम श्रद्धालुओं की तरह जमीन पर बैठकर करीब एक घंटे संत प्रेमानंद के प्रवचनों का लाभ लिया। संत प्रेमानंद ने निर्मल मन और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शुद्ध अंतःकरण ही ईश्वर प्राप्ति का एकमात्र मार्ग है। दंपती ने एकाग्रचित्त होकर संत प्रेमानंद के प्रवचन सुने। विराट कोहली के वृंदावन पहुंचने की खबर शहर में फैली, उनके प्रशंसकों की भारी भीड़ आश्रम के बाहर जमा हो गई। अपने पसंदीदा खिलाड़ी और अभिनेत्री की एक झलक पाने के लिए लोग घंटों सड़कों पर इंतजार करते दिखे। ये पहला मौका नहीं है जब विराट और अनुष्का किसी श्रीराधा केलिकुंज में पहुंचे हों।

अपने व्यस्त टूर के बावजूद विराट और अनुष्का आध्यात्मिक शांति के लिए श्रीराधाकेलि कुंज पहुंचे।

विदित हो विराट कोहली व अनुष्का शर्मा की संत प्रेमानंद के प्रति उनकी गहरी आस्था है। वे पहले भी कई बार उनके आश्रम में आकर आशीर्वाद ले चुके हैं और अब दीक्षित भी हो चुके हैं।

वृद्ध किसान की सिर कुचलकर हत्या

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के नगला सुंदर के गांव बढ़ाईपुरा की ठार में रविवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। खेत पर बने मकान के बाहर चारपाई पर सो रहे 75 वर्षीय किसान सुघर सिंह की अज्ञात हमलावर ने सिर पर ठोस वस्तु से वार कर हत्या कर दी। सोमवार सुबह बड़ा बेटा मलखान सिंह खेत पर पहुंचा तो पिता का खून से सना शव देखकर उसके होश उड़ गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही शिकोहाबाद पुलिस और थाना नसीरपुर की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही सीओ सिरसागंज अनिवेश कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। मृतक के बड़े बेटे मलखान सिंह ने बताया कि परिवार में लंबे समय से जमीन के बंटवारे को लेकर छोटे भाई जर्मन सिंह से विवाद चल रहा था। आरोप है कि कुछ साल पहले पिता द्वारा जमीन का हिस्सा बहू के नाम करने के बाद से रंजिश बढ़ गई थी। कई बार इसको लेकर झगड़ा भी हो चुका था। इसी विवाद के चलते छोटे भाई पर हत्या का शक जताया गया है। सीओ अनिवेश कुमार ने बताया कि हत्या के मामले में जांच जारी है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। वहीं प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर छोटे बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

सुपरवाइजरों के खिलाफ दिए एफआईआर दर्ज करने के आदेश

फिरोजाबाद। महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने बेहद सख्त रुख अख्तियार किया है, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा ने प्रशिक्षण सत्र से अनुपस्थित रहने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजरों के खिलाफ जनगणना अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रशिक्षण के प्रथम दिन ही सभी कार्मिकों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी गई थी, साथ ही उन्हें अवगत कराया गया था की जनगणना जैसा राष्ट्रीय कार्य अनिवार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति या लापरवाही पाए जाने पर सीधे जनगणना अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा, प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य कार्य को त्रुटिहीन बनाना है, ऐसे में अनुपस्थिति सीधे तौर पर कार्यों में बाधा डालने के समान है।

सम्पूर्ण ब्रज प्रांत में होगा भ्रष्टाचार का अंतः जितेंद्र कुमार चौधरी

मथुरा। यूनाइटेड टीचर्स एडवोकेट एसोसिएशन के जितेंद्र कुमार सिंह को ब्रज प्रांत अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके आवास पर पहुंच कर उनका स्वागत किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश यूनाइटेड टीचर्स एडवोकेट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमार चैधरी ने भी उपस्थित होकर उनका मुकुट पहनाकर स्वागत किया। इसी कड़ी में मुनीश कुमार चैधरी जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाइस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ जनपद मथुरा, चंद्रपाल सिंह जिला सचिव उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाइस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ जनपद मथुरा ने भी स्वाफा बांध कर स्वागत किया। घनश्याम चैधरी जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश टीचर्स एडवोकेट एसोसिएशन ने स्वाफा बांधकर स्वागत किया। ब्रजेश कुमार तोमर और ब्रजराज सारस्वत ने स्वाफा बांध कर स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राम रतन चैधरी ने स्वाफा बांध कर स्वागत किया। सत्यपाल सिंह ने भी स्वाफा बांध कर स्वागत किया। इसी कड़ी में हरीश कुमार परमार, तेजवीर सिंह, सतेंद्र कुमार शर्मा, अजित सिंह, अमित यादव, महेश कुमार, प्रदीप कुमार ,राजू सिंह, हितेंद्र कुमार, अजय शर्मा, सतेंद्र सिंह ने भी स्वाफा बांधकर स्वागत किया। सिंह ने भी स्वाफा बांध कर स्वागत किया। इसी कड़ी में हरीश कुमार परमार, तेजवीर सिंह, सतेंद्र कुमार शर्मा, अजित सिंह, अमित यादव ,महेश कुमार, प्रदीप कुमार ,राजू सिंह, हितेंद्र कुमार, अजय शर्मा, सतेंद्र सिंह ने भी स्वाफा बांधकर स्वागत किया।

जन्मस्थान पर मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

मथुरा। आज सोमवार बैसाख शुक्ल तृतीया श्रीकृष्ण जन्मस्थान (जन्मभूमि) पर अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुरामजी के भव्य पंचामृताभिषेक कार्यक्रम एवं श्रीकेशवदेव मंदिर एवं श्रीराधाकृष्ण मंदिर में चन्दन श्रृंगार के भव्य दर्शन

- अक्षय तृतीया पर श्रीकेशवदेवजी के चन्दन श्रृंगार में हुए विशेष दर्शन

हुऐ। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि भगवान श्रीविष्णु जी के षष्ठम् अवतार भगवान परशुराम जी ने हैहय वंशी राजा के घोर अत्याचारों से मुक्ति दिलाई तथा 21 बार इस भू-मंडल पर अत्याचार करने वालों समाप्त कर संपूर्ण पृथ्वी को कश्यप ऋषि को सौंप दिया।

शास्त्रों में उल्लेख है कि भगवान परशुराम आज भी महेन्द्र पर्वत पर तपस्यारत है और कलियुग में पधारने वाले कल्कि भगवान को इनके द्वारा शास्त्र एवं शस्त्र की दीक्षा दी जायेगी। ऐसे चिरजीवी भगवान परशुरामजी का भव्य जन्मोत्सव भागवत भवन में धूमधाम से पंचोपचार पूजन व अभिषेक कर विधिविधानपूर्वक मनाया गया। वे आज भी हमें अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष की सतत प्रेरणा दे रहे है। इस अवसर पर हजारों भक्तों को पंचामृत एवं प्रसाद वितरण किया गया।

अक्षय तृतीया के अवसर पर श्रीकेशवदेव जी व भागवत भवन में विराजमान श्रीकृष्ण के विग्रह का विशिष्ट चन्दन अंगार में दर्शनों को स्थानीय भक्तों के साथ-साथ दूर-दराज से भी बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुँचे।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में स्थित श्रीकेशवदेव मंदिर में परंपरागत रूप से होने वाले ठाकुरजी के चन्दन अंगार एवं पुष्पबंगले के दर्शन, प्रातःकाल से रात्रि शयन आरती तक निरन्तर होते रहे। इस विशिष्ट चन्दन श्रृंगार की तैयारी के लिए मंदिर पूजचार्य एवं सेवक विगत कई सप्ताह से चन्दन सामग्री आदि की तैयारी कर रहे थे। ठाकुर श्रीकेशवदेव जी एवं श्रीराधाकृष्ण जी के श्रीविग्रह के मनोहारी दर्शन कर

स्थानीय भक्तगण ही नहीं अपितु दूरदराज से आने वाले हजारों श्रद्धालु भी अभिभूत हो उठे।

ठाकुर श्रीकेशवदेवजी एवं श्रीराधाकृष्ण जी के श्रीविग्रहों की विशेष पोशाक एवं चन्दन का श्रृंगार अत्यन्त ही मनोहारी एवं दर्शनीय था।

इस अवसर पर संस्थान के उप प्रबन्धक अनुराग पाठक, प्रभारी जनसंपर्क विजय बहादुर सिंह मंदिर पूजाचार्य विन्ध्येश्वरी प्रसाद अवस्थी, आचार्य श्रीमहेश चन्द्र शर्मा एवं सनातन पण्डा सहित अन्य जन की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

महापंचायत को लेकर अखिल भारतीय जाट महासभा ने की बैठक

मथुरा। अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष राजेश चैधरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन गोकुल बैराज स्थिति रामवीर सिंह बरंगर के निवास पर किया गया।

बैठक में अखिल भारतीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चैधरी प्रताप सिंह (पूर्व विधायक) मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। चैधरी प्रताप सिंह ने 29 मई को सादाबाद में किसान मसीहा, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर किसानों की महा पंचायत आयोजित करने पर विचार विमर्श किया।

आज किसान दयनीय हालत में है। किसानों को सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य भी अपनी फसल का नहीं मिल रहा। प्राकृति आपदा से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। किसानों का आलू बरसात ने बर्बाद कर दिया। मंडी में उचित मूल्य नहीं ना मिलने से किसान कर्ज में डूब रहा है।

प्रदेश उपाध्यक्ष रामवीर सिंह बरंगर ने बताया कि किसानों को गेहूँ की सरकारी खरीद शुरू ना होने के कारण गरीब किसान अपनी फसल को घोषित समर्थन मूल्य से कम पर बेचने को विवश है। सरकार से समर्थन मूल्य पर शीघ्र क्रय करने की व्यवस्था करने का आग्रह किया।

जिला अध्यक्ष राजेश चैधरी ने परिस्थितियों को देखते हुए बताया कि खरीफ फसल के लिए खाद की समस्या पैदा हो सकती है। सरकार को अभी से किसानों की समस्या का समाधान निकालना होगा। अगर सरकार ने उचित प्रबंध नहीं किये तो खाद के अभाव में किसान खरीफ की बुवाई नहीं कर पाएंगे। प्रदेश में बिजली की समस्या और प्रीपैड मीटर पर रोष व्यक्त किया। बैठक में चैधरी रामवीर सिंह उपाध्यक्ष ने किसानों की बर्बाद हुई फसल का उचित मुआवजा देने की मांग की। बिना किसी भेदभाव के सभी किसानों को उनकी फसल का मुआवजा समय से मिलना चाहिए। उपस्थित समस्त पदाधिकारीयों ने एकमत होकर जाट समाज को केंद्रीय सेवाओं में ओ बी सी आरक्षण देने की मांग को उठाया। केंद्र सरकार के द्वारा जाट समाज को अनेकों बार आरक्षण देने का आश्वासन दिया गया है लेकिन कोई निर्णय अभी तक सरकार द्वारा नहीं लिया गया है।

29 मई को सादाबाद में आयोजित महापंचायत में देश भर से किसानों और जाटों को आमंत्रित किया जायेगा। किसानों और समाज के हित में आवश्यक कार्यवाही करने और कुरीतियों का बहिष्कार करने पर सभी की सलाह लेकर निर्णय किये जायेंगे। आज की बैठक में मोनी ताऊ, सुभाष चैधरी, सतवीर सिंह, दिगंबर सिंह आदि उपस्थित रहे।

सेवाकुंज रसोत्सव में दो दिवसीय अष्टयाम गायन

मथुरा। वृन्दावन निकुंजवन सेवाकुंज में रसिक संत हित आसुदाराम की स्मृति में दो दिवसीय सेवाकुंज रसोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध ब्रज रसिक भजन गायक जेएसआर मधुकर ने रसिक संत को अपने भजनों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। उन्होंने रसिक संतों की वाणियों के पदों का गायन विराजमान श्रीजी सरकार के समक्ष संतों की सन्निधि में किया।

ब्रज संस्कृति संगीत समिति के तत्वाववधान में आयोजित समारोह के प्रथम दिवस जयपुर एवं दिल्ली से पधारी कथक नृत्यांगनाओं को समिति ने सखी सम्मान से सम्मानित किया। इन कथक नृत्यांगनाओं द्वारा रसिक भजन गायक जेएसआर मधुकर के साथ ब्रज की विभिन्न लीलास्थलियों और संतों की समाधियों पर अपनी भावांजलि दी गई हैं। महोत्सव में ब्रज रसिक जेएसआर मधुकर ने प्रिया-प्रियतम की अष्टयाम सेवा के पदों को गाकर लीला माधुर्य के रसिकों को आनंदविभोर कर दिया। उनका साथ शशि सखी, भावना सखी, लक्ष्य मधुकर, मयंक मधुकर आदि ने दिया। उन्होंने श्रीराधा मेरे प्राणन हूँ ते प्यारी, अनुपम माधुरी जोरी हमारे श्याम-श्यामा की, पिया पिय के उठवे की छवि बरनी न जाए, जय-जय राधावल्लभ श्री हरिवंश आदि पदों और भजनों का गायन किया। इस अवसर पर संत राधाचरण दास बाबा, संत दामाकिंकर महाराज, बाबा मदनबिहारी दास, सूर्यमोहन शर्मा सहित बडी तादाद में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग टीम ने की कई प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई, 50 हजार की पनीर कराई नष्ट

मथुरा। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी महोदय, मथुरा के आदेश के अनुपालन में आम जनमानस एवं जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार द्वारा ग्राम भाईरई बांगर, नौहझील स्थित जतिन डेयरी का निरीक्षण कर पनीर व मिश्रित दूध का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया।

निर्माण इकाई में अस्वच्छकर और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में हो रहे पनीर और दूध के कारोबार पर रोक लगाने के लिए तत्काल प्रभाव से खाद्य कारोबार को बंद कराया गया और खाद्य अनुज्ञप्ति को निलम्बित किया जा रहा है। लालपुर रोड, बाजना स्थित श्री बांके बिहारी डेयरी से पनीर का एक नमूना संग्रहित कर मौके पर पायी गयी कमियों में सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया। ग्राम बरौठ, मांट स्थित वीरपाल डेयरी पर अवैध रूप से पनीर का निर्माण होते पाये जाने पर जांच हेतु पनीर का एक नमूना संग्रहित कर खाद्य कारोबार पर रोक लगाते हुए बिना खाद्य पंजीकरण प्राप्त किये खाद्य कारोबार संचालित करने के अपराध में वाद दायर किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल के सदस्य जितेन्द्र सिंह, दलवीर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह व राम नरेश द्वारा ग्राम पैगांव स्थित नागाजी ओरगेनिका डेयरी का निरीक्षण कर मिश्रित दूध, घी, मक्खन, पनीर, खोआ व क्रीम का एक-एक नमूना संग्रहित कर परिसर में अस्वच्छकर व अस्वास्थकर दशा में भंडारित लगभग 200 कि0ग्रा0 पनीर अनुमानित मूल्य 50000 रूपए को विक्रेता की सहमति से नष्ट कराया गया। संग्रहित किये गये कुल 10 नमूनें खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

सड़क हादसे में युवक की मौत

टूंडला। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर रविवार रात करीब आठ बजे हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक शादी समारोह में शामिल होने आया था। घटना की सूचना मिलते ही शादी वाले घर की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं।

थाना टूंडला क्षेत्र के गांव गार्डन नगला सिंघी निवासी 25 वर्षीय नीरज मुस्तफा निवासी नगला बेहड़, डौकी शादी में शामिल होने बाइक से आया था। शादी समारोह के बाद वह रिश्तेदारों से मिलने गांव नरी, डौकी चला गया था। देर शाम करीब आठ बजे जब वह वापस लौट रहा था, तभी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर नरी पुलिया के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नीरज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

डीएम ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, दिए दिशा निर्देश

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ओपीडी, आईपीडी, अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे, पैथोलोजी, जननी सुरक्षा योजना/भुगतान, एफआरयू, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम(आरबीएसके), परिवार नियोजन, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के संचालन, एम्बुलेंस 108, नेशनल एम्बुलेंस सेवा 102, पीपीपी परियोजना, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, नियमित टीकाकरण, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, पीसीपीएनडीटी, आदि योजनाओ के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि अवैध/अनाधिकृत अस्पतालों तथा झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। पीसीपीएनडीटी कमेटी को निर्देश दिए कि कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु नियमित अल्ट्रासाउंड सेंटरों की चेकिंग करना सुनिश्चित करें तथा अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए, फॉगिंग कराए एवं एंटी लार्वा छिड़काव कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने संचारी रोग के प्रति अधिकाधिक जग जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। चिकित्सीय उपकरणों एवं आवश्यक दवाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी/सीएचसी) में उपचार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से अन्यत्र न भटकना पड़े। बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के संबंध में जिला महिला अस्पताल मथुरा, जिला अस्पताल मथुरा, संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन सहित जनपद की समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य इकाइयों में लाभार्थियों को देय भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की समुचित देखभाल तथा नवजात शिशुओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने महिलाओं को संस्थागत प्रसव हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान और नियमित टीकाकरण में शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने आभा आईडी जनरेट करने तथा 108 और 112 एंबुलेंस सेवाओं को निर्धारित समय में मरीज तक पहुंचाने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में मरीज उपचार से वंचित नहीं होना चाहिए। बैठक में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने एवं टीकाकरण से संबंधित समस्त रिकॉर्ड ऑनलाइन अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। मातृ एवं शिशु के स्वास्थ्य हेतु गर्भवती महिलाओं की समुचित देखभाल, नवजात शिशुओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने तथा शिशु मृत्यु दर में कमी लाने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्डटीबी जांच को बढ़ावा देने एवं मौसमी बीमारियों के प्रति सतर्कता बरतने तथा समय पर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डा. पूजा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

औद्योगिक शांति जरूरी

नोएडा में श्रमिकों का जो हिंसक प्रदर्शन हुआ वह उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के हित में कदापि नहीं है। कोई भी राज्य औद्योगिक हिंसा के बीच प्रगति नहीं कर सकता। इसलिए सरकार को हिंसा भड़काने वाले तत्वों पर तो कार्रवाई करनी चाहिए लेकिन इसके साथ ही श्रमिकों की वाजिब समस्याओं पर गंभीर होना चाहिए। आमतौर पर सरकारें पूरा संसाधन सरकारी कर्मचारियों पर बहा देतीं है और जिन श्रमिकों के मेहनत से अर्थव्यवस्था चलती है, उनको जब कुछ देना होता है तों सभी पार्टियों की सरकारें एक जैसी होती हैं।लफ्फाजी लंबी-लंबी करते हैं लेकिन श्रमिकों के लिए कुछ ठोस काम नहीं करते हैं। नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में फैली हिंसा को केवल कानून-व्यवस्था बिगड़ने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि यह भारत के श्रम बाजार में बढ़ते तनाव को दर्शाती है। यह श्रमिकों की समस्याओं का प्रतिबिंब है। पारिश्रमिक बढ़ाने की मांग से शुरू हुआ था यह आंदोलन। पड़ोसी राज्य हरियाणा के मानेसर में हुए विरोध प्रदर्शनों

के बाद राज्य में न्यूनतम मजदूरी 35 फीसदी बढ़ा दी गई। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र जैसे एकीकृत श्रम बाजार में इस तरह की असमानताएं अस्वीकार्य हैं। ये तुलना को बढ़ावा देती हैं, शिकायतों को तीव्र करती हैं और राज्य स्तरीय वेतन नीतियों पर दबाव डालती हैं। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण महंगाई का दबाव बढ़ा है जिससे जीवन यापन के खर्चे तेजी से बढ़ गये हैं। खासकर असंगठित बाजारों में रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अब नोएडा और गाजियाबाद में 21 फीसदी की अंतरिम वेतन वृद्धि की घोषणा की है। राज्य के अन्य हिस्सों में वृद्धि अपेक्षाकृत कम है। यह अशांति गहरी संरचनात्मक समस्याओं की ओर इशारा करती है। श्रमिक अनियमित पारिश्रमिक भुगतान और शोषणकारी प्रथाओं का आरोप लगाते हैं। इसका बड़ा कारण ठेकेदारों का व्यापक उपयोग है, जो जवाबदेही को खत्म कर देता है। प्रवर्तन को कमजोर करता है। कई श्रमिकों के लिए यह स्पष्ट नहीं है कि वे किन अधिकारों के हकदार हैं, और यह आश्वासन तो और भी कम है कि उन्हें वे अधिकार प्राप्त होंगे। हाल ही में हुए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण की वार्षिक रिपोर्ट के आंकड़े इस असुरक्षा की स्थिति को और पुष्ट करते हैं। भारत में पारिश्रमिक वृद्धि धीमी और असमान रही है, विशेष रूप से आकस्मिक या अस्थायी श्रमिकों के लिए, जो सबसे अधिक जोखिम में हैं। जहां मजदूरी बढ़ी भी है, वह अक्सर महंगाई के साथ तालमेल बिठाने में विफल रही है। रोजगार की संरचना पर करीब से नजर डालने पर किसी भी आशावाद पर पानी फिर जाता है। भारत का अधिकांश कार्यबल स्वरोजगार में है। यह 2025 में 56 फीसदी से अधिक था, जो उससे पिछले वर्ष की तुलना में मामूली रूप से कम है। नियमित वेतनभोगी रोजगार में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन यह किसी सार्थक बदलाव का संकेत देने के लिए पर्याप्त नहीं है। आकस्मिक श्रम कुल रोजगार का लगभग पांचवां हिस्सा है और उसमें नगण्य परिवर्तन हुआ है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो रोजगार की संरचना अभी भी इस प्रकार के कार्यों से प्रभावित है जो आमतौर पर अनौपचारिक और असुरक्षित हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि भारत अपने बढ़ते कार्यबल के लिए पर्याप्त रोजगार सृजित नहीं कर रहा है। संस्थागत प्रतिक्रिया भी अपर्याप्त रही है। न्यूनतम मजदूरी में आवधिक और पूर्वानुमानित संशोधन अक्सर विलंबित होते रहे हैं, जिससे वे स्थिरता के साधन के बजाय प्रतिक्रियात्मक उपाय बनकर रह गये। हाल की घटनाओं से स्पष्ट है कि इस प्रकार की तदर्थ वृद्धि निरंतर वार्ता और विश्वसनीय शिकायत निवारण तंत्र का विकल्प नहीं हो सकती। चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन में देरी ने समस्या को और बढ़ा दिया है। इन सुधारों का उद्देश्य एक अधिक समान वेतन ढांचा तैयार करना और श्रमिकों को सुरक्षा प्रदान करना था। फिलहाल श्रमिकों की समस्याओं प्रभावी समाधान जरूरी है। इसमें वाजिब वेतन, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार की सुरक्षा के साथ सरकारी और प्राइवेट सभी जगहों से ठेकेदारी प्रथा का पूरी तरह से खत्मा जरूरी है।

विचार

ज्ञान द्वारा जिनके पाप धुल गए, वे ईश्वर का ध्यान धरने वाले, तन्मय हुए, उसमें स्थिर रहने वाले और उसी को सर्व मानने वाले लोग मोक्ष पाते हैं।

-श्रीमद्भागवत गीता.

यदि हमारे जीवन को हरा-भरा रखने हेतु, हमारे साथ प्रभु का पक्षपात है। यादें पंख हैं, जो उड़ने को पुरुषार्थ देती हैं।

-माखन लाल चतुर्वेदी.

वेदों के अध्ययन का सार है सत्य भाषण। जीवन का सार है इन्द्रिय संयम और इन्द्रिय संयम का सार है मोक्ष।

-महाभारत.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए। अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-डिक्सन.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रुओं पर विजयपायी जा सकती है।

-कौटिल्य.

सियासी आक्रामकता के चरम पर चुनाव प्रचार

वीना सुखीजा

पहले चरण के चुनाव के आखिरी दिनों में जो हालात दिख रहे हैं, वह सौ फीसदी किसी एक के पक्ष में जाते नहीं दिखते। चुनाव रुझान उस मोड़ पर आ पहुंचा है, जहां अंतिम रूप से जिसका प्रचार मतदाताओं पर ज्यादा असर कर गया, उसी के हाथ जीत लग सकती है। यही कारण है कि पहले चरण के चुनाव के आखिरी दिनों में दोनों ही मजबूत दावेदार आक्रामक चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल राज्य विधानसभा चुनाव

अब जबकि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए महज तीन दिन बाकी हैं, तो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी भाजपा के बीच पहले चरण का चुनाव प्रचार आक्रामकता के क्लाइमेक्स पर है। जहां पहले दौर के वोटिंग के चार दिन पहले बंगाल में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के छापे पड़े हैं और एक बिजनेसमैन गिरफ्तार हो चुका है, जबकि कोलकाता के डीसीपी शान्तनु सिन्हा विश्वास अपने घर में नहीं मिले, इसलिए उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सका। शांतनु सिन्हा विश्वास मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सिक्योरिटी चीफ भी हैं, इसलिए दीदी ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह मेरे सिक्योरिटी चीफ को गिरफ्तार करके मेरी हत्या करवाना चाहती है ताकि चुनाव जीत सके।

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी संसद में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के सदन में गिर जाने के बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव प्रचार में फोकस कर रहे हैं और गुजरे 19 अप्रैल 2026 को चार चुनावी रैलियों में टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) और ममता बनर्जी पर जमकर बरसे हैं। उन्होंने अपने चुनावी प्रचार में ममता बनर्जी पर जंगलराज का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने कांग्रेस के साथ मिलकर महिला आरक्षण में जो अड़ंगा लगाया है, उसकी सजा पश्चिम बंगाल की महिलाएं टीएमसी को जरूर देंगी। मोदी ने यह भी कहा कि टीएमसी के गुंडे समय रहते सरेंडर कर दें वर्ना 4 मई के बाद बख्से नहीं जाएंगे। इस समय पश्चिम बंगाल में चुनावी प्रचार का पारा जिस तरह से बढ़ा हुआ है, उसके चलते यह एक उबलता हुआ रण क्षेत्र बन चुका है। जहां शब्द, अब हथियार हैं। मंच, मोर्चा है और हर एक रैली निर्णायक टकराव का ट्रेलर बनती दिखायी दे रही है। दीदी ममता बनर्जी की आवाज में चढ़ती धार और भाजपा की जवाबी हुंकार के बीच 2026 का विधानसभा चुनाव अपने आक्रामक क्लाइमेक्स की ओर बढ़ चला है। यह वह मुकाम है, जहां मुद्दे पीछे छूटते दिख रहे हैं और मुकाबला सीधे इरादों, प्रभाव और वर्चस्व की लड़ाई में बदलता जा रहा है। यह एक ऐसी लड़ाई है, इन दिनों में जिसमें बोला गया हर शब्द अगले वार की भूमिका लिख रहा है। सवाल है चुनाव प्रचार में ममता बनर्जी जो आक्रामकता दिखा रही हैं, आखिर उसके मायने क्या हैं? क्या यह इस बात का संकेत है कि वह चौथी बार सत्ता में लौट रही हैं या फिर यह महज अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए जानबूझकर दिखायी जा रही आक्रामकता और निडरता है ताकि समय रहते कार्यकर्ताओं को मैसेज दिया जा सके और विपक्ष को बड़ी चुनौती का एहसास कराया जा सके।

जब किसी चुनाव में किसी राजनीतिक पक्ष का मुख्य किरदार बेहद आक्रामक हो जाए, तो उसका लक्ष्य सबसे पहले अपने जमीनी कार्यकर्ताओं को यह संदेश देना होता है कि हम जीत रहे हैं ताकि चुनाव में कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा बना रहे। पश्चिम बंगाल में वैसे भी चुनाव बेहद संवेदनशील राजनीतिक गतिविधि हैं। यहां की राजनीति में हमेशा हिंसा और दबाव का बोलबाला रहा है। ऐसे में पहले दौर के चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में यदि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी सत्ता के ख्वाब अपने कार्यकर्ताओं को दिखा रही हैं और भाजपा के मुख्य चुनाव प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सब कुछ दांव पर लगाकर आक्रामकता का दामन थाम रहे हैं, तो उसका सीधा सा मतलब है, अपने-अपने कैडर का मनोबल बढ़ाना ताकि वो इस आर-पार की लड़ाई में अपनी सारी ताकत झोंक दें। वास्तव में यह आक्रामकता दोनों तरफ से मौजूदा चुनावों के नैरेटिव को कंट्रोल करने की कोशिश है। क्योंकि आज की राजनीति में वही बाजी मारता है, जो राजनीति में नैरेटिव सेट करता है। ममता बनर्जी जब आक्रामक प्रचार पर उतरती हैं, तो न केवल मीडिया और जनता का बल्कि सबसे ज्यादा अपने समर्पित कार्यकर्ताओं का ध्यान खींचती हैं। इसलिए वे चुनाव के इस स्तर पर पहुंच जाने के बाद 'स्थानीय बनाम बाहरी' और 'बंगाल की अस्मिता' जैसे नैरेटिव को ट्रेंड में ढालने की कोशिश कर रही हैं। क्योंकि यही वह रणनीति थी, जो 2021 के चुनाव में बेहद फायदेमंद साबित हुई थी। लेकिन इस बार जिस तरह यह रणनीति योजनबद्ध ढंग से आगे बढ़ रही है, उससे यह सिर्फ चुनाव जीतने की गारंटी के रूप में नहीं उभर रही बल्कि छिपे हुए दबाव का संकेत भी बनी दिख रही है। क्योंकि अगर जमीन पर चुनौती बहुत कड़ी न होती, तो शायद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कदर आक्रामक न होतीं।

यही बात भाजपा पर लागू होती है कि अगर उन्हें कांटे की टक्कर से ज्यादा इस कठिनाई का एहसास न हो रहा होता, तो प्रधानमंत्री को दुनियावी संकट के बीच इस तरह एक राज्य विधानसभा चुनाव में अपने को फोकस न करना पड़ता। दरअसल चुनाव प्रचार में आयी आक्रामकता दोनों ही तरफ से अविश्वास और दबाव की बानगी सरीखी दिख रही है। जबकि 2026 के पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा और केंद्रीय सवाल यही है कि क्या दीदी बंगाल में चौथी बार सत्ता में लौट रही हैं और वास्तविकता यही है कि अब जबकि पहले दौर के चुनाव के 72 घंटों से भी कम का समय बचा है, यह तय नहीं दिख रहा कि कोई एक पार्टी या पक्ष सुनिश्चित जीत की तरफ बढ़ रहा है, चाहे वह टीएमसी हो या भाजपा। जहां तक टीएमसी यानी ममता दीदी के पक्ष में जा रही बातों का सवाल है, तो उनकी मजबूत क्षेत्रीय पहचान जो कि दीदी नाम का ब्रांड हो चुकी है, भाजपा पर हर हाल में भारी पड़ रही है। दूसरी महत्वपूर्ण बात मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा प्रदेश में लागू की गई कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिनके केंद्र में मतदाता हैं और इन कल्याणकारी योजनाओं के जरिये टीएमसी को लगता है कि वह महिलाओं की पहली पसंद है, जबकि महिलाओं का वोट बैंक प्रतिशत 50 फीसदी से आगे जा चुका है। ममता बनर्जी के पक्ष में इन चुनाव में विपक्ष का बिखराव भी मददगार साबित हो सकता है। ऐसे में ममता बनर्जी कोशिश कर रही हैं कि शायद आक्रामक प्रचार के जरिये उन्हें बंगाली जनभावनाओं का संरक्षण समझा जाये और इस तरह वह इसे चुनावी मत के रूप में भुना लें।

जबकि दूसरी तरफ ठीक इसी समय यह स्थिति उनके विरोध में भी इसलिए जाती दिख रही है कि पन्द्रह साल के शासन के बाद उनकी सत्ता के विरोध में लहर उठ रही है। पिछले दस सालों में पश्चिम बंगाल कई भ्रष्टाचार और प्रशासनिक गड़बड़ियों का शिकार हुआ है, इससे भी उनके खिलाफ आक्रामक चुनाव प्रचार जा सकता है। लब्बोलुआब यह है कि भले पश्चिम बंगाल में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनो ही यह आभास दे रहे हों कि वह सरकार बनाने जा रहे हैं, लेकिन किसी एक के लिए यह सपना तब तक संभव नहीं लगता, जब तक उनके पास एक सक्षम बूथ मैनेजमेंट न हो। ग्रामीण बनाम शहरी वोटिंग के ट्रेंड की मैज्योरिटी उनके पक्ष में न हो और महिला तथा युवा वोटरों की उसे सहानभूति न हासिल हो। अगर ये तीन जरूरी बातें किसी एक के पक्ष में हों, तो अंतिम रूप से न केवल उसके जीतने की ज्यादा उम्मीदें बंध जाती हैं बल्कि यह भी कहा जा सकता है कि वह पक्ष बाजी पलटने में कामयाब होगा।

सोशल मीडिया

उधमपुर-रामनगर मार्ग पर एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मृत्यु हो गयी और कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर अत्यधिक दुखद है। राहुल गांधी.

गोमती नगर रेलवे स्टेशन, लखनऊ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोम नाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश के शुभारम्भ कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। केशव प्रसाद मौर्य

जो बंगाल 'शस्य श्यामलाम मातरम्, वंदे मातरम् की पावन धरा थी, आज अराजकता, गुंडागर्दी, माफियागिरी असुरक्षा, अव्यवस्था व भ्रष्टाचार का गढ़ बन गये हैं। सीएम योगी.

त्याग की प्रतिमूर्ति

इतिहास महिलाओं के पराक्रम से भरा हुआ है। भारत की धरती पर ऐसी नारियों ने जन्म लिया है जिन्होंने पूरे नारी समाज का गौरव बढ़ाया है। समय-समय पर धरती पर ऐसी नारियों ने जन्म लिया है जिन्होंने न सिर्फ नारी धर्म का आदर्श कायम किया है बल्कि उन्होंने पूरे समाज को दिशा दी है। ऐसी विदुषी, त्यागी और धर्मपरायण नारियों का आज भी दुनिया में गौरवगान होता है। भगवान श्रीकृष्ण की अर्धांगिनी सत्यभामा ने द्रोपदी से प्रश्न किया- हे द्रौपदी! कैसे तुम अति बलशाली पाण्डु पुत्रों पर शासन करती हो? वे कैसे तुम्हारे आज्ञाकारी हैं तथा तुमसे कभी कुपित नहीं होते? तुम्हारी इच्छाओं के पालन हेतु सदैव प्रस्तुत रहते हैं। मुझे इसका कारण बतलाओ। द्रौपदी ने उत्तर दिया- हे सत्यभामा! पाण्डु पुत्रों के प्रति मेरे व्यवहार को सुनो- मैं अपनी इच्छा, वासना तथा अहंकार को वश में कर अति श्रद्धा एवं भक्ति से उनकी सेवा करती हूं। मैं किसी अहंकार-भावना से उनके साथ व्यावहार नहीं करती। मैं बुरा और असत्य भाषण नहीं करती। मेरा हृदय कभी किसी सुंदर युवक, धनवान या आकर्षण पर मोहित नहीं होता। मैं कभी नहीं स्नान करती, खाती अथवा सोती जब तक कि पति नहीं स्नान कर लेते, खा लेते अथवा सो जाते एवं तब तक जब तक कि हमारे समस्त सेवक तथा अनुगामी नहीं स्नान कर लेते, खा लेते या सो जाते। जब कभी भी मेरे पति क्षेत्र से, वन से या नगर से लौटते हैं, तो मैं उसी समय उठ जाती हूं। उनका स्वागत करती हूं तथा उनको जलपान कराती हूं। मैं घर के सामान तथा भोजन को सदैव स्वच्छ एवं क्रम में रखती हूं। सावधानी से भोजन बनाती तथा ठीक से परोसती हूं।

अंतर्दृष्टि

मैं कभी भी कठोर शब्द नहीं बोलती। कभी भी अनुलाओं का अनुसरण नहीं करती। मैं वहीं करती हूं जो उनको रुचिकर तथा सुखकर लगता है। कभी भी आलस्य तथा सुस्ती नहीं दिखाती। बिना विनोदावसर के नहीं हंसती। मैं द्वार पर बैठ कर व्यर्थ समय नष्ट नहीं करती। मैं क्रीड़ा-उद्यान में व्यर्थ नहीं ठहरती, जबकि मुझे अन्य काम करने होते हैं। जोर-जोर से हंसना, भावुकता तथा अन्य इसी प्रकार अप्रिय लगने वाली वस्तुओं से अपने को बचाती एवं सदैव पति-सेवा में रत रहती हूं। पति-बिछोह मुझे कभी नहीं सुहाता। जब कभी मेरे पति मुझे छोड़कर बाहर जाते हैं तो मैं सुगन्धित पुष्पों तथा अंगराग का प्रयोग न कर जीवन कठोर तपस्या में बिताती हूं। मेरी रुचि अरुचि, मेरे पति की रुचि-अरुचि ही है और उन्हीं की आवश्यकतानुसार अपना समायोग करती हूं। मैं प्राण-प्रण से अपने पति की भलाई चाहती हूं। मेरे पति मेरे मार्गदर्शक हैं। मैं कभी भी अपनी सास की बुराई नहीं करती। मैं कभी भी सोने, खाने अथवा अलंकरण में अपने पति की इच्छा के प्रतिकूल नहीं जाती। इसलिए मेरे पति की हमेशा हमारे ऊपर प्रसन्नता बनी रहती है।

सियासी सांडों की नूराकुश्ती

व्यंग्यलोक

जहां जाओ वहां सांडों की लड़ाई जारी है। सड़क पर सांडों की लड़ाई देखने के लिए कई बैल एकत्र हो जाते हैं और संसद में सांडों की लड़ाई हो जाए तो बैल तक भाग जाते हैं। सांड इतने जोरदार लड़ते हैं कि भीड़ के लोगों को भाड़ में ही जाना पड़ता है। सड़क पर से लेकर संसद तक सांडों का घमासान मचा है। इधर राजनीति में सांडों का जलवा भारी है। केरल, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ से लेकर असम, बिहार, उत्तर प्रदेश तक नाना प्रकार के सांडों की नाना तरह की लड़ाइयां जारी है। राजधानी इंद्रप्रस्थ में होने वाली राजनीतिक सांडों की परंपरागत लड़ाई में घायल हुए एक चमचे का कहना है कि उसके जख्म सम्मान के पदक जैसे हैं। सांडों की इस लड़ाई में घायल होने से गर्व महसूस कर रहे एक दलाल ने मंगलवार को 'कल सबको खा जाऊंगा' (केएसकेजे) न्यूज चैनल को बताया कि उसे ऐसा लग रहा है, जैसे देश की राजधानी में उसका भव्य स्वागत किया गया हो। जैसे उसे शांति का नोबेल पुरस्कार मिल गया हो। अगर सांड किसी को टक्कर मारता है, तो वह खुद को एक महान सम्राट जैसे महसूस करता है।

रामविलास जॉगिड़

किसी भी पार्टी की सफलता बहुत हद तक उनके सांड प्रबंधन पर निर्भर करती है। हल्का कानूनी व्यायाम सांडों को काफी भारी होने से रोकता है। साड़ों को अलग से निर्मित बंगले में ही रखना चाहिए। इन सांडों के लिए बंगलों में खुले तथा ढके क्षेत्र होने चाहिए। सांडो को आरामदेह और हवादार कोठियों में ही रखना चाहिए। ये कोठियां साफ एवं स्वास्थ्यकर ढंग से प्रबंधित होनी चाहिए। वरिष्ठ सांड को अलग से एक बड़े रिसॉर्ट में अपने वरिष्ठ चमचे के साथ अकेले में रखना ज्यादा उचित होता है। रिसोर्ट की सतह ठोस और फिसलन रहित होनी चाहिए। बारिश, ठंड तथा गर्मी के महीनों में बचाव की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। अनीति जल की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिए। सांडों से जब काम लिया जा रहा हो, तो उन्हें पर्याप्त मात्रा में भ्रष्टाचार का अनाज अतिरिक्त रूप में दिया जाना चाहिए। सांडों को सीबीआई-ईडी आदि की जांच का लाल कपड़ा दिखा कर नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन इससे वे उल्टा भड़कते दिखाई पड़ते हैं। इनकी आंखों में एक विशिष्ट प्रकार की तीक्ष्ण दृष्टि होती है, जिससे वे अपने मतलब के वोटर को सीधा भांप लेते हैं। चतुर नागरिकों को चाहिए कि वे सांडों की लड़ाई और दौड़ में शामिल न हो। वे अपने घरों में चुपचाप पड़े रहें और कल सबको खा जाऊंगा (केएसकेजे) जैसे न्यूज चैनलों में बिकनी गर्ल द्वारा दिखाई जाने वाली इनकी लड़ाई और दौड़ के साथ अपनी गरीबी के जमकर मजे लेते रहें।

स्कूलों में अब सिरदर्द बन रहे हैं स्मार्टफोन

शिक्षा

संयुक्त राष्ट्र के शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को ने स्कूलों में छात्रों द्वारा स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और दुनियाभर के स्कूलों से स्कूल में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाने की गुहार लगायी है। हालांकि समाज में पिछले कई सालों से इस विषय पर बहस चल रही है कि बच्चों को स्मार्टफोन के इस्तेमाल की इजाजत देना फायदेमंद है या नुकसानदेह। लेकिन इस गंभीर बहस का कोई परिणाम निकलकर सामने नहीं आ पाता था, बहस बस बहस तक सीमित रहती थी, जिसमें एक पक्ष निःसंदेश यूनेस्को की तरह छोटे बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन देने को खराब मानता है, तो एक दूसरा तबका भी है, जो इस सबमें कई तरह के फायदे देखता है। बहरहाल अब इसे नुकसान बताने वालों के पाले में यूनेस्को भी खड़ा हो गया है और उसने साफ साफ दुनियाभर के मां- पिता से कहा है-

- स्कूलों में छोटी कक्षाओं के छात्रों द्वारा मोबाइल इस्तेमाल के कई सारे खतरे उभरकर सामने आये हैं।

- मोबाइल यानी स्मार्टफोन के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल के कारण छात्रों के सीखने की गति बहुत कुंद हो रही है, जिससे उनका शैक्षिक स्तर प्रभावित हो रहा है।

- डिजिटल टेक्नोलॉजी एक उपकरण के रूप में काम करे, तब तक तो ठीक है, लेकिन वह अगर ज्ञान, विज्ञान का आधार ही बनने लगे तो यह शिक्षा के लिए घातक है।

- इससे महत्वपूर्ण शैक्षणिक डाटा के भी सार्वजनिक होने का खतरा बढ़ा है। जबकि ज्यादातर देशों में कानून डाटा की निजता के पक्ष में है।

इस तरह देखें तो जुलाई 2023 में यूनेस्को द्वारा पेश शैक्षिक रिपोर्ट में स्मार्टफोन के कक्षाओं में बढ़ते हस्तक्षेप पर चिंता व्यक्त की गई है और दुनिया के सभी देशों से आग्रह किया गया है कि वह ऐसे नियम बनाएं ताकि बच्चे स्मार्टफोन लेकर स्कूल न आएं और सिर्फ स्कूल ही नहीं घर में भी पढ़ाई-लिखाई के मामले में भी इसका ज्यादा इस्तेमाल न करें। कोविड-19 के दौरान जरूर डिजिटल शिक्षा पूरी दुनिया में मजबूरी बनकर उभरी थी, लेकिन वास्तविकता यह है कि अब छोटे बच्चों की शिक्षा में डिजिटल माध्यम को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। मालूम हो कि कोविड महामारी के दौरान दुनियाभर के 50 करोड़ से ज्यादा बच्चे ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई कर रहे थे। इससे एक तरफ जहां साधन सम्पन्न छात्रों को फायदा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ उन छात्रों का गंभीर नुकसान हुआ है, जो संचार व्यवस्था के आधुनिक और स्मार्ट उपकरणों से वंचित हैं।

डिजिटल शिक्षा व्यवस्था से दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा बेहद असंतुलित बनकर उभरी है। यूरोप और अमेरिका में शानदार ऑनलाइन शिक्षा की सुविधा है, वहीं एशिया के भी काफी देशों में बेहतर स्थिति है। लेकिन लैटिन अमरीका के करीब आधे से ज्यादा देशों और अफ्रीका के करीब करीब सभी देशों में संचार तकनीक ने भारी भेदभाव पैदा किया है। यूनेस्को का कहना है कि अगर तुरंत रोक नहीं लगायी गई, ऑनलाइन शिक्षा के तौरतरीकों को मुख्य लाइन शिक्षा की रूपरेखा बनने से नहीं रोका गया, तो दुनियाभर के करोड़ों छात्र शिक्षा के मामले में गरीबी के दायरे में फंसकर रह जाएंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि स्मार्टफोन ने बच्चों के जरूरी ज्ञान में तो बहुत मामूली वृद्धि की है, लेकिन उन्हें दुनियाभर के दुगुर्णों से परिचित करा दिया है।

स्मार्टफोन के ज्यादा इस्तेमाल से छोटे बच्चे भी तनाव और भेदभाव का शिकार हो रहे हैं। यूनेस्को ने आग्रह किया है कि दुनिया के शिक्षाशास्त्री और विभिन्न देशों की सरकारें अपने अपने देश में इसके लिए मानक बनाएं और नियम बनाएं कि आखिर पढ़ाई के दौरान स्मार्टफोन के इस्तेमाल की कितनी छूट हो सकती है। यही नहीं यूनेस्को यह भी चाहता है कि हमारे दौर को शिक्षा में डिजिटल क्रांति जैसी जो सहूलियतें हासिल हुई हैं, उन सहूलियतों को सभी वर्ग के छात्रों तक पहुंचाये जाने की व्यवस्था होनी चाहिए, नहीं तो दुनिया के बड़ी संख्या में छात्र डिजिटल भेदभाव का शिकार हो जाएंगे, जिससे समाज के निर्माण में और उसके ऊपर उठाने की कोशिशों में बहुत फर्क आयेगा। आज जिस तरह से शैक्षिक कंटेंट पर किसी तरह का नियंत्रण नहीं है, वह भी इसका एक खतरनाक पहलू है। यूनेस्को चाहता है कि नये ढंग से और डिजिटल क्रांति की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए शैक्षिक पाठ्यक्रम की रूपरेखा बनायी जानी चाहिए, तभी हम हाल के तमाम आविष्कारों के बेहतर फायदे हासिल कर सकते हैं। अगर इस पर ध्यान न दिया गया तो शिक्षा डिजिटल भेदभाव का जबरदस्त शिकार होने वाली है।

-लोकमित्र.

आप की बात

आतंकवादी की मध्यस्थता

पाकिस्तान आजकल शांति दूत बनने का दिखावा कर रहा है जबकि असलियत यह है कि पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है। पाकिस्तान को मध्यस्थ ट्रंप जैसा अस्थिर और विफल नेता ही बना सकता है। पाकिस्तान एक बात पर पूरी प्रतिबद्धता से कायम रहता है और वह है आतंकवाद। चाहे वह बर्बाद हो जाये, लेकिन आतंकवाद नहीं छोड़ता है। उसके इसी रवैये के चलते आज पाकिस्तान आर्थिक बदहाली का शिकार है। भारत से उसके तनावपूर्ण संबंध सिर्फ आतंकवाद के कारण है। अगर पाकिस्तान हाफिज सईद, मसूद अजहर जैसे आतंकियों को सौंप दे तो भारत के साथ उसके संबंध सुधर सकते हैं। इससे पाकिस्तान को बहुत फायदा होगा लेकिन वह सुधरना चाहता ही नहीं है। परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्ताान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठ, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है। आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने मोहताज है। यही कारण है कि जहां भी सस्ता अनाज पाता है वहां बेतहासा टूट पड़ता है। रोटी की जद्दोजहद में लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान में विकास दर लगभग ठप हो चुकी है, कर्ज जीडीपी के बराबर पहुंचने को बेताब है, महंगाई दर 27 फीसद के करीब है, निर्यात से आयात ढाई गुना अधिक है, पाकिस्तानी रुपया रसातल में पहुंच गया है और एक डॉलर के बदले 230 के करीब लुढ़क गया है। इसके बावजूद जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय भारत के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं, ताकि पाकिस्तानी लोगों को राष्ट्रवाद के नाम पर भारत के खिलाफ भड़काकर उनका ध्यान पाकिस्तान की घरेलू समस्याओं से भटकाया जा सके। इसी टैक्टिस का नतीजा है कि आज पाकिस्तान दाने-दाने को मोहताज है लेकिन कोई ऐसा सप्ताह नहीं जाता है।

अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.

श्रमिकों के साथ अन्याय

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी।

प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

गुलाबबाडी में सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

अयोध्या। वेद प्रकाश गुप्ता ने कादीपुर बिल्हरघाट स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में यात्री सुविधाओं के विकास के लिए उपनिदेशक पर्यटन को पत्र भेजा है। पत्र में मंदिर परिसर में मल्टीपर्पज हॉल, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और साइनेज की समुचित व्यवस्था कराने को कहा गया है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।विगत दिनों विधायक द्वारा गुलाबबाड़ी के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने साफ-सफाई न होने की शिकायत की थी। इस पर उन्होंने नगर आयुक्त को नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने अवधपुरी जोन के मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को गुलाबबाड़ी का नियमित भ्रमण करते हुए सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में तीर्थयात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में प्रमुख धार्मिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है।

एच.सी.जे. अकादमी का स्थापना दिवस धूमधाम से मना

अयोध्या। एच.सी.जे. अकादमी में 24वाँ स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में चार सदनों ऑनसेटी हाउस, ह्यूमैनिटी हाउस, हम्बल हाउस और हार्मनी हाउस के सदस्यों का गठन किया गया।साथ ही, छात्रों द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत स्कूल हेड बॉय और हेड गर्ल का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और चुनाव प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। निर्वाचित प्रतिनिधियों में कक्षा 12के छात्र अभिमन्यु सिंह, हेड बॉय पद के लिए तथा छात्रा मिताली खाटवानी, हेड गर्ल पद के लिए चयनित हुए ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख एवं चेयरपर्सन डॉ. शिक्षा जैन एवं सी.ई.ओ. उमेश जैन द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्थापना वर्ष 2003 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले संस्थापक चेयरपर्सन स्व. चंद्र प्रकाश जैन व स्व. मंजुला जैन के दूरदर्शिता एवं लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से आज समस्त एच. सी. जे. परिवार ने उनकी इच्छाओं को पूरा करने के लिए प्रतिज्ञा ली। प्रधानाचार्य दिलीप कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में विद्यालय की गतिविधियों, शैक्षिक वातावरण, विगत वर्षों के परीक्षा परिणामों तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी.सी.ए. प्रभारी आकाशी यादव व खेल शिक्षक अंकित मौर्य ने विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी श्री अशोक तिवारी तथा वरिष्ठ शिक्षकों अनीता सक्सेना, संगीता पांडे, सुषमा द्विवेदी, कंचन द्विवेदी, कपिल देव एवं डॉ. शिवकरण आदि के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह विद्यालय प्रतिवर्ष प्रगति के नए पड़ाव छूता हुआ निरंतर आगे बढ़ रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक नई योजनाबद्ध व्यवस्था का गठन किया गया, जिसके अंतर्गत अनेक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया। इससे प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षण को बढ़ावा मिलेगा और सभी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त होंगे। चेयरपर्सन डॉ. शिक्षा जैन ने नवनिर्वाचित सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात उप-प्रधानाचार्य शिप्रा मेहरोत्रा ने सदन के सभी छात्रों को कार्य के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई।

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहुंचे अयोध्या, भाजपाईयों ने किया स्वागत

अयोध्या। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह सोमवार को अयोध्या पहुंचे, जहां सहादतगंज क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नेता मनोज श्रीवास्तव के नेतृत्व में उन्हें इक्यावन किलो की माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकताओं और समर्थकों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

इस अवसर पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि रामनगरी आज देश और दुनिया में अपनी नई पहचान स्थापित कर रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से यहां विकास कार्यों को नई गति मिली है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ ही शहर का स्वरूप लगातार बदल रहा है। आने वाले समय में अयोध्या धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से भी देश के प्रमुख शहरों में अपनी मजबूत पहचान बनाएगी। स्वागत करने वालों में विजयंत जायसवाल, दिवाकर सिंह, बृजेन्द्र सिंह पार्षद, तेजेंद्र पाल सिंह, प्रवीण प्रताप सिंह, अरविंद सिंह गोलू, दिलीप सिंह, सुरेंद्र यादव, अखिल प्रताप निषाद, अक्षत श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

बाराबंकी। जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था का जायजा लेते हुये स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कंट्रोल रूम की निगरानी व्यवस्था का गहन परीक्षण किया। तथा संबंधित अधिकारियों को वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था व सभी उपकरणों का नियमित परीक्षण सुनिश्चित किये जाने को लेकर निर्देशित किया। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रतिनिधि, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय कुमार विश्वास, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बज्म अदबी कैनवस ने आयोजित किया तरही मुशायरा

बाराबंकी। मोहल्ला पीरबटावन स्थित मदर हलीमा पब्लिक स्कूल में बज्म अदबी कैनवस द्वारा मासिक तरही मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे की अध्यक्षता बज्म सदर जियाउद्दीन तथा संचालन आदर्श बाराबंकवी ने किया। मुशायरे मे मुख्य अतिथि के रूप में शहेब कौसर रुदौलवी, मास्टर अदील मंसूरी व विशिष्ट अतिथि रुदौली से आए मास्टर अलीम रुदौलवी मौजूद रहे। मुशायरे मे आये हुये शायरो मोहसिन किदवई, अदील मंसूरी, मास्टर अलीम रुदौलवी, मास्टर इरफान बाराबंकवी, डॉक्टर रेहान अलवी, मिस्टर अमेठवी, नफीस अहमदपुरी, डॉक्टर खालिद किदवई, कारी मकबूल अहमद, अफजालुर रहमान, अरीबा खातून ने अपनी गजलें पेश कीं।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से अयोध्या में लाखों परिवारों को मिला लाभ

अयोध्या। उज्ज्वला योजना से अयोध्या जनपद के लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिला है। अप्रैल 2017 से मार्च 2026 तक जनपद में कुल 2,27,226 लाभार्थी परिवार इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। यह योजना मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को लक्षित करके चलाई गई है, जिसने उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। इस योजना के तहत गरीपरिवारों की महिलाओं को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। इससे पहले जहां रसोई में लकड़ी, गोबर और कोयले जैसे पारंपरिक ईंधन का इस्तेमाल होता था, जिससे महिलाएं और बच्चे धुएं के कारण विभिन्न श्वास संबंधी बीमारियों का शिकार होते थे, वहीं अब स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता ने उनकी सेहत को नई राह दी है।

धुएं से मुक्ति मिलने के साथ-साथ महिलाओं का समय भी बच रहा है, जो अब परिवार की देखभाल, बच्चों की पढ़ाई और अन्य कामों में लगाया जा रहा है। रसोई में गैस कनेक्शन से न केवल स्वास्थ्य सुधरा है, बल्कि सुविधा भी बढ़ी है। खाना बनाना तेज और आसान हो गया है ।जनपद में राशन कार्ड योजना भी मजबूती से चल रही है। अप्रैल 2017 से मार्च 2020 तक 18,30,535 लाभार्थी राशन कार्ड धारक हैं, जबकि अप्रैल 2017 से मार्च 2026 तक निःशुल्क राशन वितरण के तहत 12,92,88,887 कुन्तल राशन वितरित किया गया। इन योजनाओं ने गरीब परिवारों को पोषण और ऊर्जा सुरक्षा दोनों प्रदान की है ।अयोध्या के ग्रामीण इलाकों में इस योजना का व्यापक प्रभाव दिखाई दे रहा है।

महिलाएं अब धुएं भरी रसोई से बाहर निकलकर स्वस्थ और सशक्त जीवन जी रही हैं। योजना ने पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया है, क्योंकि लकड़ी कटाई कम होने से जंगलों पर दबाव घटा है। अयोध्या जैसे पवित्र स्थल पर स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ता यह कदम राम मंदिर नगरी की छवि को और निखार रहा हैं।

भव्य शोभायात्रा के साथ मखौड़ा में श्रीराम महायज्ञ का शुभारम्भ

अयोध्या। मख भूमि मखौड़ा स्थित श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में निर्मित सुभव्य यज्ञशाला में विगत 20 वर्षों से पड़ती आ रही यज्ञ की आहुतियों के क्रम अनवरत जारी है,इस वर्ष दशरथ महल पीठाधीश्वर विंदु गद्दाचार्य स्वामी देवेंद्र प्रसादाचार्य महाराज की अध्यक्षता एवं पावन सानिध्य में संचालित श्री राम महा यज्ञ के 21 वे वर्ष राम जानकी मंदिर प्रांगण से दिव्य रथ पर विराजमान श्री सीता राम जी लक्ष्मण के दिव्य स्वरूप,रथ पर विराजित हो राम नगरी अयोध्या के संत, महंत एवं बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल हो शोभा यात्रा की गरिमा वृद्धि की। विंदु गद्दाचार्य स्वामी देवेंद्र प्रसादाचार्य महाराज की अध्यक्षता एवं यज्ञ के व्यवस्थापक सूर्य नारायण दास वैदिक की अगुवाई में शोभा यात्रा निकाली गई। दो पहिया,चार पहिया वाहनों के लंबे काफिले के रूप मे निकली शोभा यात्रा मखौड़ा से प्रस्थान कर परशुराम पुर बाजार होते हुए, कोहराए, निदुला, रौता चैराहा होते हुए वापस राम जानकी मंदिर पहुंची ।शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल माताएं, बहनें मनोरमा नदी का जल कलश में भर कर लाई जिसे यज्ञ शाला में स्थापित किया गया। पंडित विष्णु प्रसाद नायक शास्त्री के आचार्यत्व में यज्ञ शाला में कलश विधि पूर्वक स्थापित किया किया गया। शोभा यात्रा में आगे हाथी, उसके पीछे बैंड, कठ घोड़वा एवं नृत्यांगनाओं का मनमोहक नृत्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभा यात्रा के मार्ग में जगह,जगह यात्रा में शामिल भक्तों को ठंडा शरबत,ठंडा जल,मिष्ठान वितरण किया गया। शोभा यात्रा में स्थानीय परशुरा पुर थाने की पुलिस की अहम भूमिका रही। शोभा यात्रा वापस आने के उपरांत राम जानकी मंदिर प्रांगण में वृहद स्तरीय भंडारा संपादित हुआ। सभी समागत संत महंतो भक्तों ने अमृतमई भोजन प्रसाद ग्रहण किया। सभी संत,महंतो, धमार्चार्यों को दक्षिणा भेंट विदाई प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस पुनीत अवसर पर महंत राम शरण दास रामायणी महाराज,महंत राम कृष्ण दास महंत राम कृष्ण पांडेय जी,संत वरुण दास नन्द कुमार मिश्र पेड़ा महाराज,वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शंकर पांडेय ,पंडित विष्णु देव शास्त्री,पुजारी गणेश दास,राजवीर दास,शिवकुमार दास,अंजनी पांडेय,अवधेश दास,श्याम सुंदर दास,मोहन दास,लक्ष्मण दास,कृष्ण दास,गोपाल दास,शृंगारी बाबा मिथिला धाम,झिंगुरी बाबा, छोटू दास,दुर्गेश पांडेय,दुर्गेश तिवारी,शिवपूजन सहित बड़ी संख्या में संत महंत भक्त अतिथि शामिल हुए।

परिवार परामर्श केंद्र ने दो परिवारों को टूटने से बचाया

बहराइच। आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 मई को

बहराइच। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच विनोद कुमार यादव ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें।सचिव श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एन.आई.एक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा।

शिक्षा के व्यवासायीकरण के खिलाफ इंण्डियन एसोसिएशन ऑफ लायर्स ने सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता

बाराबंकी। प्रत्येक वर्ष कोर्स को बदलने व शिक्षा का व्यावसायिकरण, एक देश एक शिक्षा नीति लागू करने, फीस तय करना, कोर्स में कमीशन खोरी करने वाले स्कूल प्रबंधकों के विरुद्ध दण्डात्मक कानून बनाये जाने की मांग को लेकर इंण्डियन एसोसिएशन ऑफ लायर्स महामंत्री अधिवक्ता रईस कादरी के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि कुछ अपवादों व भाषाओं को छोडकर एनईपी 2020 के एक देश एक शिक्षा नीति लागू किया जाने, कमीशन खोरी रोकने के लिए साल दर साल तक कोर्स न बदला जाए वैज्ञानिक आविष्कारों को छोड़कर, कापी-किताबों आदि में कमीशन लेने वाले प्रबंधकों आदि के लिए दण्डात्मक कानून बनाये जाने, शिक्षा का व्यवसयिकरण तत्काल रोकने, कमीशन खोरी रोकने हेतु पुरानी किताबों तथा किताबों की फोटो कापी वाली किताब पढ़ाने की इजाजत दिये जाने, पेज की संख्या के हिसाब से किताबों की कीमत तय करने, कमीशन देने वाले दुकानदारों व प्रकाशकों आदि को भी जुमार्ना के साथ सख्त सजा देकर हमेशा के लिए प्रतिबंधित करने, स्कूलों की फीस सरकार द्वारा निर्धारण करने, किताब लेखक, मुद्रक, प्रकाशक व डिजाइनर आदि की सत्यापित जानकारी प्रत्येक जिले के बीएसए व डीआईओएस आदि के पास उपलब्ध, कक्षा 1 से 6 तक किताबों का बोडा कम करने, प्रशिक्षित अध्यापक ही रखने, कमीशनखोरी की वजह से एक ही दुकान से कोर्स, ड्रेस आदि बेचने को रोकने तथा ऐसा करने वाले स्कूलों की मान्यता रद् किये जाने की प्रमुखता से मांग उठाई है।

● फीस वृद्धि व कमीशन खोरी करने वाले स्कूल प्रबंधकों के विरुद्ध दण्डात्मक कानून बनाये जाने की मांग

अधिवक्ता समस्या निवारण पटल का हुआ शुभारम्भ

जिला संवाददाता

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन मे बने अधिवक्ता समस्या निवारण पटल का शुभारम्भ कार्यवाहक अध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा के तत्वाधान मे पूर्व अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह, बृजेश दीक्षित, रामगोपाल शुक्ला, हिसाल बारी किदवाई ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। अधिवक्ताओ की समस्याओ को देखते हुये नई बार कमेटी ने अधिवक्ता समस्या निवारण पटल का गठन किया है।

शुभारम्भ पश्चात दो अधिवक्ताओ रोहित कुमार तिवारी व उमेश चंद्र का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुआ।

कार्यवाहक अध्यक्ष श्री मिश्रा के अनुसार दिनांक 09 अप्रैल 2026 को कार्यकारिणी के दो तिहाई सदस्यों द्वारा अध्यक्ष व महामंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया। तथा आज पूर्व अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई का निलंबन वापस लिये जाने का निर्णय लिया गया। पटल उद्घाटन अवसर पर मुख्य रुप से देवराम यादव, शंकर दयाल शर्मा, सी0बी सिंह, रमन लाल द्विवेदी, नरेश सिंह, देवेंद्र कुमार यादव, शाहीन अख्तर, जगरनाथ मिश्रा, अंशुमान सिंह, देवेन्द्र यादव, काशीराम यादव, अनूप कल्याणी, मदन लाल यादव, जगदम्बा सिंह, नंदकिशोर यादव, रमाकांत पांडे, सतीश पाण्डेय, शिवराज यादव, शिव कैलाश यादव, उमेश चन्द्रा, नवीन चंद्रा वर्मा, अंशुमान सिंह, ज्ञान शुक्ला, अंशु यादव, अशोक द्विवेदी, महेंद्र सिंह, दौलता, अंजली सिंह, मनोज कुमार सिंह, अनुराग शुक्ला, नवीन रस्तोगी, सतीश सोनी, राहुल कुमार वर्मा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अमरीश श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, नवनीत वर्मा, संतोष कुमार, गौरव गुप्ता, रमेश भारती आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

● पूर्व अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई का निलम्बन हुआ

अवैध डग्गामार वाहनों और अवैध स्टैंड के विरुद्ध चला अभियान

बहराइच। निर्देशों क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच, श्री विश्वजीत श्रीवास्तव एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, आयुष विक्रम सिंह के निर्देशन में तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी यातायात, श्री राज सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक यातायात, श्री राम प्रकाश द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर रुपईडीहा-नेपाल सीमा एवं नानपारा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गयाअभियान के दौरान बस, चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों की गहन जांच की गई। वाहनों से संबंधित अभिलेखों एवं चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस का परीक्षण किया गया तथा प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने, अवैध स्टैण्ड बनाकर सवारी भरने एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की गई। इसी क्रम में चेकिंग/प्रवर्तन के दौरान झिंगहा घाट तिराहे पर ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन संचालित करते पाए गए चालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। साथ ही नगर क्षेत्र में मॉडिफाइड (पटाखा) साइलेंसर लगाकर संचालित बुलेट मोटरसाइकिल के विरुद्ध सीज की कार्रवाई की गई तथा ब्लैक फिल्म लगे चार पहिया वाहनों के विरुद्ध भी कार्यवाही की गई।उक्त अभियान के अंतर्गत कुल 06 वाहनों को सीज कर थाना रुपईडीहा में जमा कराया गया तथा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन में कुल 351 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई।

कांग्रेस सांसद ने बैठक कर महिला बिल पर की चर्चा

बाराबंकी। कांग्रेस महिला बिल आरक्षण के विरोध में कभी नही रही है। कांग्रेस पार्टी एवं विपक्ष ने 2023 में पूरा समर्थन किया था और तभी यह कानून बना था। लेकिन इस कानून में यह शर्त व नियम था कि कानून पूरी तरीके से तब लागू होगा जब देश में जनगणना व जाति जनगणना पूरी अगली जनगणना के आंकडे आने के बाद ही लागू हो व परिसीमन जनगणना के बाद देश में सीटो का नये सिरे से निरधारण (परिसीमन) किया जाये। काग्रेस सांसद श्री पुनिया ने कहा कि यह देश का बडा ही दुर्भाग्य है कि सदन में बिल पास न होने के कारण देश का प्रधानमंत्री राष्ट्र को सम्बोधन करने पर ऊतर आये जबकि प्रावधान के अनुसार संवैधानिक तौर पर अगर देश में आपदा या दैवीय प्रकोप या अपातकाल में ही राष्ट्र को सम्बोधन का प्रवधान बनता है। जबकि देश का प्रधानमंत्री राष्ट्रीय पर्व या होली दीपावली व ईद पर किया जा सकता है।

● कांग्रेस महिला बिल आरक्षण के विरोध में कभी नही रही है: तनुज पुनिया

तरीके से हो जायेगी। उक्त प्रतिक्रिया महिला बिल पर चर्चा करते हुये सांसद आवास पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कही। उन्होने आगे कहा कि वर्तमान सरकार की मंशा में ही खोट है यह बिना जनगणना व जातीय जनगणना कराये लोकसभा में प्रस्ताव प्रस्तावित किया लेकिन विपक्ष एकजुट होकर इस प्रस्ताव को पारित नही होने दिया। जनगणना कानून के अनुसार आरक्षण

मॉडिफाइड साइलेंसर की बिक्री पर होगा कारावास, लगेगा भारी अर्थ दण्ड

बहराइच 20 अप्रैल। यदि कोई डीलर या वर्कशॉप संचालक मॉडिफाइड साइलेंसर या शोर करने वाले उपकरण बेचते या वाहनों में फिट करते पाया जाता है, तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 182ए (3) के तहत 01 वर्ष का कारावास या रू. 01 लाख प्रति उपकरण का जुमार्ना लगाया जाएगा। इसी प्रकार मानक के विपरीत साइलेंसर लगवाने वाले वाहन स्वामियों पर धारा 182ए (4) के तहत 06 माह तक की जेल या रू. 05 हजार प्रति परिवर्तन का जुमार्ना देय होगा। इसी प्रकार मानकों का उल्लंघन करने पर धारा 53 (1) के तहत वाहन का पंजीकरण (आर.सी.) निलंबित कर दिया जाएगा। साथ ही, संबंधित चालक का ड्राइविंग लाइसेंस 03 माह के लिए निरस्त किया जाएगा और रू. 10 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा।उल्लेखनीय है कि मा. उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिका संख्या 15385/2021 में ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध पारित आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में वाहन डीलरों, गैराज संचालकों एवं वर्कशॉप स्वामियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान ए.आर.टी.ओ. प्रशासन एस.कुमार ने उक्त जानकारी प्रदान की। श्री कुमार ने सभी सम्बन्धित को सचेत किया कि मा. उच्च न्यायालय के आदेशों के समादर में वाहनों में निर्धारित मानकों के विपरीत ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरणों व मॉडिफाइड साइलेंसरों का प्रयोग कदापि न करें, इस प्रकार के उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित है ।जनपद में शांति व्यवस्था व पर्यावरण सुरक्षा हेतु जनपद में निरन्तर अभियान संचालित किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि इसके लिए प्रवर्तन टीमें को निर्देश दिया गया है कि सड़कों एवं मार्गो पर पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सघन चेकिंग करें और अवैध साइलेंसर, हूटर, प्रेशर हॉर्न एवं ध्वनि प्रदूषण करने वाले उपकरण मिलने पर मौके पर ही कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी डीलरों को भी निर्देशित किया है कि वह अपनी दुकान, प्रतिष्ठान, वर्कशॉप अथवा शो रूम के बाहर ऐसे उपकरणों का प्रयोग न करने सम्बन्धी चेतावनी के बोर्ड भी लगाएं ताकि आम जनता जागरूक हो सके।

नगर निगम की महिला सफाई कर्मियों से छेड़छाड़

अयोध्या। रामनगरी योध्या में नगर निगम की महिला सफाई कर्मियों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि नशे में धुत एक युवक ने उनसे अभद्रता की। इसके बाद आक्रोशित महिलाओं ने युवक की चप्पलों से पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मण घाट चैकी अंतर्गत राम की पैड़ी की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि संबंधित युवक अक्सर राम की पैड़ी पर आने-जाने वाली महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करता है। घटना के दौरान मौजूद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन सूचना के बावजूद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारी युवक को घेरकर उसकी पिटाई कर रही हैं। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है।

एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित

संक्षेप

कम वोल्टेज से 50% तक बढ़ सकती है एसी की बिजली खपत

नई दिल्ली। बिजली की बढ़ती कीमतों और मौसम की अनिश्चितता के इस दौर में, वी-गार्ड इंडस्ट्रीज ने बिजली की गुणवत्ता और ऊर्जा दक्षता के बीच छिपे महत्वपूर्ण संबंध पर एक निर्णायक अध्ययन जारी किया है। एनएबीएल-मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला द्वारा प्रमाणित इस शोध से पता चला है कि खराब वोल्टेज न सिर्फ उपकरणों को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यह एक बड़े एफिशिएंसी टैक्स की तरह काम करता है, जो एयर कंडीशनर (एसी) की बिजली खपत को 50% तक बढ़ा सकता है। इस अध्ययन में देश के प्रमुख ब्रांड्स के कई 1.5 टन वाले एसी यूनिट्स का परीक्षण किया गया। नतीजे चौंकाने वाले रहे – जब इनपुट वोल्टेज 140वी से 180वी के बीच गिर जाता है (जो भारत में गर्मियों में पीक टाइम पर आम बात है), तो एसी के कंप्रेसर की थर्मोडायनामिक एफिशिएंसी प्रभावित हो जाती है। इससे एसी को वही ठंडक देने के लिए बहुत ज्यादा समय तक चलना पड़ता है, जिससे बिजली की खपत तेजी से बढ़ जाती है।

निप्पॉन पेंट की प्रीमियम ऑटो-कार रेंज एफएक्स लांच

नई दिल्ली। निप्पॉन पेंट इंडिया ने अपने वाहनों के रखरखाव में गर्व करने वाले विवेकी वाहन मालिकों के लिए डिजाइन की गई एक उच्च निष्पादन ऑटोमोटिव केयर रेंज एफएक्स लांच करने की आज घोषणा की। यह लॉचिंग ऑटोमोटिव आफ्टरकेयर वर्ग में निप्पॉन पेंट इंडिया की उपस्थिति बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी की योजना एफएक्स रेंज को चरणबद्ध तरीके से चुनिंदा वैश्विक बाजारों में भी ले जाने की है जिसमें ऑटो-केयर सेगमेंट में इसके विस्तार के लिए भारत के प्रमुख लांचपैड के तौर पर काम करेगा। एफएक्स प्रोफेशनल डिटेलिंग और डू-इट-योरसेल्फ के बीच एक सेतु का काम करने को तैयार है जिससे उपभोक्ता न्यूनतम प्रयास में एक बेदाग, शोरूम जैसी फिनिश हासिल करने में समर्थ होंगे।

प्रेस्टीज एक्सक्लूसिव ने खोले 100 नये स्टोर

नयी दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने अपने रिटेल सफर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है । कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 में देशभर में 100 नए प्रेस्टीज एक्सक्लूसिव स्टोर सफलतापूर्वक लॉन्च किए हैं । यह विस्तार ब्रांड की हर जगह मौजूदगी को बढ़ाने और प्रमुख बाजारों में ग्राहकों तक अपनी पहुँच आसान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह विस्तार टीटीके प्रेस्टीज के आधुनिक कुकवेयर और अप्लायंसेज पोर्टफोलियो के साथ पूरी तरह मेल खाता है। इसमें ट्राइ-प्लाई, कास्टलाइट और सिरेमिक जैसे एडवांस कुकवेयर कलेक्शन शामिल हैं। साथ ही, मल्टी-फंक्शनल कुकिंग के लिए एंड्यूरा सीरीज और हेल्दी कुकिंग के लिए न्यूट्रि सीरीज जैसे इनोवेटिव अप्लायंसेज भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं।

हिमालया बेबीकेयर ने लॉन्च की नयी कैम्पेन

नयी दिल्ली। हिमालया बेबीकेयर ने हिमालया बेबी मसाज ऑयल के लिए नया कैम्पेन जारी किया है जो बचपन के शुरूआती दौर पर एक ताजगी भरा दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है और माता-पिता को याद दिलाता है कि शिशु होना जितना आसान दिखता है, उससे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है। यह उन रोजमर्रा के प्रयासों का उत्सव मनाती है जो शिशु मजबूत बनने के लिए करते हैं, साथ ही दैनिक मालिश को एक पोषणकारी परंपरा के रूप में रेखांकित करती है, जो उनकी ताकत, विकास और समग्र कल्याण का समर्थन करती है।

हिंदी जी 5 ने की लॉरेंस ऑफ पंजाब की घोषणा

नयी दिल्ली। हिंदी जी 5 ने अपनी आगामी ओरिजिनल डॉक्यू-सीरीज लॉरेंस ऑफ पंजाब का दमदार और रोमांचक ट्रेलर जारी किया है। एक सांस्कृतिक संदर्भ में रची-बसी कहानी, जो दिखाती है कि किन वजहों से किसी व्यक्ति का रुझान अपराध की ओर बनता है। रिवरलैंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और राघव दर के निर्देशन में बनी यह सीरीज 27 अप्रैल को प्रीमियर होगी। लॉरेंस ऑफ पंजाब' एक अपराधी की पहचान के सफर को संस्कृति, व्यवस्था और पहचान के नजरिए से प्रस्तुत करता है। यह सीरीज दिखाती है कि कैसे महत्वाकांक्षा, शक्ति और धारणा आपस में मिलकर एक नये दौर के डिजिटल सिंडिकेट को आकार देती हैं।

सेंसेक्स में 26.76 अंकों की उछाल

मुंबई। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 26.76 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 78,520.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 78,942.45 के ऊपरी और 78,203.30 के निचले स्तर तक भी गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 11.30 अंक यानी 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,364.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो) के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एचसीएल टेक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नुकसान में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.76 प्रतिशत बढ़कर 94.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर विवाद गहराने से वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। हालांकि, निवेशक पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम को पूर्ण संघर्ष की शुरुआत के बजाय संभावित वार्ता रणनीति के रूप में देख रहे हैं। संघर्ष विराम समाप्त होने की समयसीमा नजदीक होने से बाजार में सतर्कता बनी हुई है। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मजबूत बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 683.20 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। क्षेत्रवार सूचकांकों में बिजली खंड सर्वाधिक 1.24 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि उपयोगिता खंड में 0.88 प्रतिशत, पीएसयू बैंक खंड में 0.70 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 0.55 प्रतिशत की तेजी रही। इसके उलट, बीएसई फोकस आईटी खंड 0.93 प्रतिशत टूट गया जबकि आईटी खंड में 0.79 प्रतिशत, रियल्टी खंड में 0.70 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 0.66 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,593 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि 1,810 कंपनियों में तेजी रही और 175 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

रुपया 19 पैसे कमजोर होकर 93.10 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के बीच अमेरिकी डॉलर की मांग में तेजी और कच्चे तेल में मजबूती रहने से सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर 19 पैसे टूटकर 93.10 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर गतिरोध बने रहने से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है और ईरान एवं अमेरिका के बीच ताजा टकराव के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना रहा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.73 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.70 के उच्च स्तर तक गया। हालांकि कारोबार के दौरान रुपये ने 93.24 प्रति डॉलर के निचले स्तर को भी छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 93.10 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 19 पैसे की कमजोरी दर्शाता है। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 28 पैसे मजबूत होकर 92.91 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जबकि उससे एक दिन पहले बृहस्पतिवार को इसमें 19 पैसे की बढ़त दर्ज की गई थी। मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण रुपया कमजोर हुआ है। अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से निकट अवधि में रुपये में कमजोरी का रुख रह सकता है। उन्होंने कहा कि डॉलर-रुपया विनिमय दर 93 से 93.60 प्रति डॉलर के दायरे में रह सकती है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत बढ़कर 98.03 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 4.64 प्रतिशत गिरकर 94.57 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

चांदी में 5175 रुपये प्रति किलो की बड़ी गिरावट

नयी दिल्ली। सटोरियों के स्तर पर सौदे कम करने से सोमवार को चांदी का वायदा भाव 5,175 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 2,51,967 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया।

मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मई आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंध 5,175 रुपये यानी 2.01 प्रतिशत गिरकर 2,51,967 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहे थे। इस दौरान कुल 1,505 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली और अपने सौदे घटाने से चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, न्यूयॉर्क में चांदी 1.54 प्रतिशत गिरकर 79.64 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

सोना 1310 रुपये गिरकर बंद

नयी दिल्ली। सोने की कीमतों में सोमवार को कमजोर हाजिर मांग के कारण गिरावट दर्ज की गई और यह वायदा कारोबार में 1,310 रुपये गिरकर 1,53,299 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जून की आपूर्ति वाले सोने का अनुबंध 1,310 रुपये यानी 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,53,299 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान कुल 1,119 लॉट का कारोबार हुआ।

डाक विभाग का राजस्व 2025-26 में 16 प्रतिशत बढ़कर 15296 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। डाक विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 में 15,296 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो एक साल पहले की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सिंधिया ने डाक विभाग की वार्षिक कारोबारी बैठक के बाद यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि विभाग के लिए यह वर्ष ऐतिहासिक रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में विभाग का राजस्व 13,218 करोड़ रुपये था, जो 2025-26 में बढ़कर 15,296 करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, नए ग्राहकों को जोड़ने और ग्राहकों के साथ सिक्स सिग्मा स्तर के सेवा समझौतों को लागू करने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे अगले वित्त वर्ष में और अधिक वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य है। यह विभाग के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष रहा है। हमने इस साल तीन नए उत्पाद भी पेश किए। अब हमारा ध्यान सेवाओं के विस्तार, नए ग्राहकों के अधिग्रहण और सख्त सिक्स सिग्मा सेवा मानकों के अनुरूप प्रदर्शन पर है, ताकि नए वित्त वर्ष में और भी बेहतर वृद्धि दर्ज की जा सके। संचार मंत्री ने कहा कि डाक विभाग ने लंबे समय बाद 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल की है और इस रफ्तार को आगे भी कायम रखने का प्रयास किया जाएगा।

अमेरिका के साथ आर्थिक संबंध अब कमजोरी, सुधार जरूरी : कार्नी

वैंकूवर। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने रविवार को जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि अमेरिका के साथ कनाडा के मजबूत आर्थिक संबंध, जो पहले एक ताकत माने जाते थे, अब कमजोरी बन गए हैं और इसमें सुधार की आवश्यकता है।

कार्नी ने 10 मिनट के इस संबोधन में कहा कि सरकार कनाडा की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, नए निवेश आकर्षित करने और अन्य देशों के साथ व्यापार समझौते करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया अधिक असुरक्षित और विभाजित हो गई है। अमेरिका ने व्यापार के प्रति अपना रुख पूरी तरह बदल दिया है और शुल्क बढ़ा दिए हैं, जो महामंदी के समय के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। कार्नी ने कहा कि अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंधों पर आधारित हमारी कई पुरानी ताकतें अब कमजोरियों में बदल गई हैं, जिन्हें हमें सुधारना होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्क का असर वाहन और इस्पात उद्योग के श्रमिकों पर पड़ा है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने कहा कि अनिश्चितता के माहौल के कारण कंपनियां निवेश करने से हिचक रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई कनाडाई नागरिक ट्रंप की उस टिप्पणी से नाराज हैं, जिसमें उन्होंने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का सुझाव दिया था।

कच्चे तेल का उत्पादन 2000 बैरल प्रतिदिन बढ़ा

जयपुर। वैश्विक तेल बाज़ार में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू कच्चे तेल के उत्पादन को बढ़ावा देते हुए राजस्थान के मंगला तेल क्षेत्र से उत्पादन में प्रतिदिन लगभग 2,000 बैरल की वृद्धि हुई है।

इस क्षेत्र का परिचालन करने वाली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार कच्चे तेल के उत्पादन में यह बढोतरी तकनीकी नवाचार और रणनीतिक पुनर्विकास योजना के माध्यम से इस पुराने तेल क्षेत्र में होने वाली प्राकृतिक गिरावट को रोककर प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि मंगला तेल क्षेत्र की खोज 2004 में हुई थी और इससे उत्पादन 2009 में शुरू हुआ। मंगला तेल क्षेत्र देश के सबसे बड़े जमीनी (आनशोर) तेल भंडारों में से एक है और इसने राजस्थान को एक प्रमुख कच्चा तेल उत्पादक क्षेत्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि, प्राकृतिक रूप से भंडार कम होने के कारण इस क्षेत्र से उत्पादन समय के साथ घट रहा था जिससे परिचालन संबंधी चुनौतियां पैदा हो रही थीं। पुनर्विकास रणनीति के तहत साइडट्रैकिंग जैसी प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है-जिसमें मौजूदा कुओं को फिर से व्यवस्थित करके उन भंडारों तक पहुंचा जाता है जिनका पहले दोहन नहीं हुआ था-जिससे लागत और भूमि पर उसके असर, दोनों में कमी आती है। कंपनी ने उत्पादन दर में सुधार करने और लंबे समय तक उत्पादन बनाए रखने के लिए विस्तारित तेल खोज के तरीके भी लागू किए जिनमें पॉलीमर इंजेक्शन और अल्कलाइन-सरफेक्टेंट-पॉलीमर फ्लडिंग शामिल हैं। अधिकारी के अनुसार, पुनर्विकसित कुओं में से केवल एक कुएं से ही शुरुआती चरण में प्रतिदिन लगभग 2,000 बैरल तेल मिलना शुरू हो गया जो इस पहल की सफलता का परिचायक है। पुराने जमीनी (भूस्थित) तेल क्षेत्रों से होने वाली इस तरह की क्रमिक वृद्धि, घरेलू उत्पादन को सहारा देकर, आयात पर निर्भरता कम करके और लागत को नियंत्रित करते हुए देश के लिए व्यावहारिक अल्पकालिक सहारा प्रदान कर सकती है। मंगला तेल क्षेत्र में उत्पादन के रुझान बताते हैं कि शुरुआती वर्षों में इसमें लगातार वृद्धि हुई जिसके बाद धीरे-धीरे गिरावट आई। विशेषज्ञों के अनुसार, पुराने जमीनी तेल क्षेत्रों में ऐसा होता ही है। 2009 में उत्पादन शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र से 50 करोड़ बैरल से अधिक कच्चा तेल निकाला जा चुका है। 2009 और 2014 के बीच उत्पादन काफी मज़बूत रहा और लगभग 2,00,000 बैरल प्रतिदिन के स्तर पर बना रहा। हालांकि, 2015 से उत्पादन में गिरावट आने लगी।

ईरान-अमेरिका तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

न्यूयॉर्क। ईरान और अमेरिका के बीच जारी गतिरोध के कारण टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने से रोके जाने के बाद रविवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

यह फारस की खाड़ी का वह महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत अहम माना जाता है। शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज में कारोबार शुरू होने के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 6.4 प्रतिशत बढ़कर 87.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 96.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। बाजार की यह प्रतिक्रिया पिछले दो दिनों से इस जलमार्ग को लेकर बनती-बिगड़ती उम्मीदों के बीच आई। ईरान ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह अपने तट के पास से वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग पूरी तरह खोल देगा, जिसके बाद कच्चे तेल की कीमतों में नौ प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। ईरान इस मार्ग पर प्रभावी नियंत्रण रखता है। हालांकि, शनिवार को तेहरान ने अपना फैसला वापस ले लिया, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी जारी रहेगी। अमेरिका-इजराइल का ईरान के खिलाफ युद्ध अब आठवें सप्ताह में है। इस युद्ध ने दशकों में सबसे भीषण वैश्विक ऊर्जा संकटों में से एक को जन्म दिया है। एशिया और यूरोप के वे देश जो पश्चिम एशिया से अपने तेल के एक बड़े हिस्से का आयात करते हैं, आपूर्ति रुकने और उत्पादन में कटौती से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि पेट्रोल की कीमतें अगले साल ही कुछ राहत दे सकती हैं। कच्चे तेल की कीमतों में 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद से लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। संघर्ष से पहले कच्चे तेल की कीमत लगभग 70 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी, जो बाद में बढ़कर 119 अमेरिकी डॉलर से भी अधिक हो गई। शुक्रवार को अमेरिकी कच्चा तेल 82.59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल और ब्रेंट क्रूड 90.38 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर भाव पर बंद हुआ।

पेज एक का शेष

जम्मू-कश्मीर

संवाददाताओं से कहा, रामनगर से उधमपुर जा रही बस पहाड़ी रास्ते पर नियंत्रण खो बैठी और ढलान से नीचे गिरकर सड़क पर पलट गई तथा एक ऑटो-रिक्शा भी इसकी चपेट में आ गया। मौके पर 15 यात्रियों को मृत पाया गया जबकि चार अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल दो और लोगों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई। शर्मा ने कहा कि स्थानीय निवासियों ने बचाव कार्य में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रामनगर के थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी समेत पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर सेना के जवानों के साथ संयुक्त बचाव अभियान चलाया। बाद में हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से वाहन को सीधा किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात और जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी फोन पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उधमपुर से रामनगर जा रहे एक सैन्य काफिले का नेतृत्व कर रहे एक जवान ने बताया कि बस को पहाड़ी से नीचे लुढ़कते देख उन्होंने तुरंत कार्वाई की। उसने कहा मैं काफिले का नेतृत्व कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ। वाहन करीब 100 मीटर की ऊंचाई से गिरा। हमने तुरंत क्षेत्र की घेराबंदी कर बचाव अभियान शुरू किया और कड़ी मश्क्कत से यात्रियों को निकाला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में हुए बस हादसे में कई लोगों की मृत्यु की खबर सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। मैं दुखद घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बस दुर्घटना में हुई लोगों की मौत के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री ने

कारण वे अपना गेहूं सरकारी केंद्रों पर नहीं बेच पा रहे थे। इससे किसानों में नाराजगी थी और उन्हें बिचौलियों को औने-पौने दाम पर गेहूं बेचना पड़ रहा था। किसानों की समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल हस्तक्षेप किया। नए आदेश के अनुसार अब किसान पूर्व के वर्षों की तरह बिना रजिस्ट्री के भी सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेच सकेंगे। सरकार ने इस बार रबी सीजन के लिए गेहूं की खरीद 30 मार्च से ही शुरू कर दी है। प्रदेश में 20 दिन से गेहूं की सरकारी खरीद चल रही है. अभी इन केंद्रों को 15 जून तक जारी रखा जाएगा। इस बार सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी भी बढ़ा दिया है। यह पिछले साल से 160 रुपये ज्यादा बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति कुंतल कर दिया है। अब बिना रजिस्ट्री गेहूं खरीद का आदेश जारी करने से किसानों को और भी राहत मिल गई है।

बंगाल में

दावा किया कि बंगाल को कांग्रेस, कम्युनिस्ट और टीएमसी ने कंगाल बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट और रोजगार के नए अवसर बने हैं और बंगाल में भी यही मॉडल लागू किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में तुष्टिकरण की राजनीति के कारण कानून व्यवस्था प्रभावित है। चुनावी सभाओं में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार आने पर उद्योग-धंधे बढ़ेंगे, किसानों को लाभ मिलेगा और नौजवानों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि बंगाल अराजकता से मुक्त होकर विकास की राह पर आगे बढ़े।

नारी शक्ति

की शुरूआत होगी। मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं के साथ पदयात्रा में शामिल होंगे। यह पदयात्रा मुख्यमंत्री आवास से शुरू होकर विधानसभा तक जाएगी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकताओं को जुटाने की तैयारी है। लखनऊ और आसपास के जिलों से पार्टी की महिला कार्यकर्ता इसमें भाग लेंगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी इस पदयात्रा में मौजूद रहेंगे। इसके बाद 28 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में एक विशाल महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे। बरेका मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 50 हजार महिलाओं के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा पदाधिकारियों ने इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं और इसे नारी शक्ति वंदन बिल के समर्थन में एक बड़ा जनसंदेश देने का मंच बनाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का फैसला किया है। प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप के अनुसार, संसद में विपक्ष के रवैये को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस विशेष सत्र में नारी वंदन बिल को लेकर निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। साथ ही सरकार जनता को यह संदेश देने की कोशिश करेगी कि विपक्ष महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है। भाजपा इस पूरे अभियान के जरिए न केवल राजनीतिक बढ़त हासिल करना चाहती है, बल्कि महिला मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ को भी मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सक्रिय भागीदारी से यह साफ है कि पार्टी इस मुद्दे को बड़े स्तर पर जनता के बीच ले जाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है।

राहुल मामले

हाईकोर्ट की एक नजीर आ गयी कि प्रस्तावित अभियुक्त के खिलाफ कोई आदेष देने से पहले उसे सुनना अनिवार्य है। इस केस में राहुल के खिलाफ केाई नोटिस नहीं जारी की गयी थी जिससे उनका पक्ष भी कोर्ट के सामने आता। इस स्थिति में कोर्ट ने जब 18 अप्रैल केा अपना आदेश हाई कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया तो खुली अदालत में लिखाया आदेश नहीं अपलोड किया अपितु मामले केा आगे की सुनवायी के लिए सोमवार केा लगा दिया था। सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस विद्यार्थी ने याची एस. विग्नेश शिशिर द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए कई विवादित पोस्टों का जिक्र किया। उक्त पोस्ट्स में कोर्ट पर गंभीर आरोप लगाए गए थे, पोस्ट्स में फाउल प्ले, बैक रूम एक्सरसाइज और डीप स्टेट जैसे शब्दों का उपयोग किया गया, जिससे कोर्ट की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा।

जस्टिस विद्यार्थी ने इन टिप्पणियों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि याची ने अदालत के प्रति विश्वास खो दिया है और सार्वजनिक रूप से इसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई है। जस्टिस विद्यार्थी ने अपने आदेश में आगे कहा कि इस प्रकार के आरोप न्यायालय के विरुद्ध आक्षेप लगाने के समान हैं और ऐसी स्थिति में उनके लिए इस मामले की सुनवाई जारी रखना उचित नहीं है।

बड़ा प्रशासनिक

डीएम शशांक त्रिपाठी को अयोध्या का डीएम, मुख्यमंत्री व नागरिक उड्डयन विभाग के विशेष सचिव और निदेशक नागरिक उड्डयन ईशान प्रताप सिंह को बाराबंकी का डीएम बनाया गया है। अयोध्या के डीएम निखिल टीकाराम फुंडे को सीएम का विशेष सचिव, एटा के डीएम प्रेम रंजन सिंह को अपर राज्य निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान तथा निदेशक मध्यान्ह भोजन अभिकरण, हापुड़ के डीएम अभिषेक पांडेय को अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद, अलीगढ़ के डीएम संजीव रंजन को विशेष सचिव कृषि विभाग, बांदा की डीएम जे रीभा को विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म बनाया गया है। अरुण कुमार विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म और अपर निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म को विशेष सचिव के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। फरूर्खाबाद के डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी को विशेष सचिव पीडब्ल्यूडी, सोनभद्र के डीएम बद्री नाथ सिंह को विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग के पद की जिम्मेदारी दी गई है। दीक्षा जैन सीडीओ कानपुर नगर से एसीईओ उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण कानपुर, डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार सीडीओ शाहजहांपुर से उपाध्यक्ष बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण, प्रणता ऐश्वर्या सीडीओ सीतापुर से उपाध्यक्ष मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, उत्कर्ष द्विवेदी संयुक्त मजिस्ट्रेट सोनभद्र को सीडीओ शाहजहांपुर, अभिनव जे जैन संयुक्त मजिस्ट्रेट मथुरा को सीडीओ कानपुर नगर और दीक्षा जोशी संयुक्त मजिस्ट्रेट मेरठ को सीडीओ सीतापुर बनाया गया है। इससे पहले योगी आदित्यनाथ सरकार ने रविवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया था। 40 आईएएस अफसरों के ट्रांसफर किए गए थे। इनमें 15 जिलों के डीएम को बदल दिया गया था। इनमें से 8 डीएम को एक जिले से हटाकर दूसरे जिले का डीएम बनाया गया था।

जापान में

पर, विशेषकर उंचाई वाले इलाकों में शरण लेने की अपील की है। साथ ही अलर्ट जारी करके कहा कि आने वाले लगभग एक सप्ताह तक भूकंप के बाद का प्रभाव बना रह सकता है, ऐसे में लोग सतर्क रहें। इवाते प्रांत में प्रशासन ने 11 कस्बों के लोगों को एहतियातन घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाने की सलाह दी है। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में अधिकतम तीन मीटर (करीब 10 फुट) उंची सुनामी लहरें उठ सकती हैं। इवाते और उत्तर में स्थित आओमोरी तथा दक्षिण-पूर्वी होक्काइडो में सुनामी चेतावनी जारी की गई है।

ईरान-अमेरिका

ईरान के साथ राजनयिक संपर्क तेज कर दिए हैं। तैयारियों में शामिल दो पाकिस्तानी अधिकारियों ने अपनी पहचान उजागर नहीं किये जाने की शर्त पर यह जानकारी दी, क्योंकि वे प्रेस से बात करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अमेरिकी वार्ताकार सोमवार को पाकिस्तान की राजधानी के लिए रवाना होंगे, लेकिन यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि अब इन योजनाओं में कोई बदलाव होगा या नहीं।

नासा के

मांग को संतुलित तरीके से पूरा किया जा रहा है। प्रदेश में विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की तीसरी इकाई का सफल सिंक्रनाइजेशन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं ट्रांसमिशन और वितरण प्रणाली में सुधार के तहत नए उपकेंद्र स्थापित किए गए, जर्जर लाइनों का आधुनिकीकरण हुआ और स्मार्ट तकनीकों का उपयोग बढ़ा। इससे बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर और निर्बाध हुई है, साथ ही लाइन लॉस में भी उल्लेखनीय कमी आई है

मुंबई ने गुजरात को 99 रन से हराया

आईपीएल में तिलक वर्मा का पहला शतक, 8 चौके और 7 छक्के लगाये

एजेंसी

अहमदाबाद । गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस के बीच सोमवार को आईपीएल 2026 का 30वां मुकाबला खेला गया, जिसमें मुंबई इंडियंस ने 99 रनों से बड़ी जीत हासिल की. ये मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया. जहां टॉस जीतकर गुजरात ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था. मुंबई ने तिलक वर्मा के तूफानी शतक की बदौलत गुजरात को 200 रनों का लक्ष्य दिया था. इसके जवाब में उतरी गुजरात केवल 100 रन बना सकी और 16वें ओवर में ही पूरी टीम ऑलआउट हो गई. 200 रनों के जवाब में उतरी गुजरात की शुरूआत अच्छी नहीं रही. पहली ही गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने साई सुदर्शन का विकेट झटका. ये इस सीजन का बुमराह का पहला विकेट था. इसके बाद अगले ही ओवर में हार्दिक ने बटलर को आउट कर दिया. इसके बाद गिल भी 14 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद सुंदर ने 26 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश जरूर की लेकिन सैंटनर ने उनका विकेट झटक लिया. इसके बाद गुजरात की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई. 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर केवल 100 रन के स्कोर पर गुजरात सिमट गई.इस जीत के साथ ही मुंबई की टीम अब अंक तालिका में 10वें से सीधे 7वें पायदान पर पहुंच गई है. मुंबई के 6 मैच में अब 4 अंक हैं. लेकिन उसका नेट रन रेट सीएसके और लखनऊ से बेहतर है, जिसके चलते वह 7वें नंबर पर आ गई है. वहीं, गुजरात 6 मैच में 6 अंक के साथ छठे पायदान पर है।

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 19वें सीजन के 30वें मैच में गुजरात टाइटंस को 200 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। एमआई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 199 रन बना लिए हैं। तिलक वर्मा ने 45 बॉल पर 101 रन की पारी खेली। उन्होंने आईपीएल में पहला शतक लगाया है। जीटी से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। उन्होंने पावरप्ले में सूर्यकुमार यादव (15 रन), क्विंटन डी कॉक (13 रन) और डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवार (2 रन) को पवेलियन भेजा। 18वें ओवर में तिलक वर्मा ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने अशोक शर्मा के ओवर में लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 छक्के और दो चौके शामिल रहे। पहली बॉल पर आए छक्के से तिलक ने 33 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। इसी ओवर में तिलक ने पंड्या के साथ 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी की। इतना ही नहीं, मुंबई ने 150 रन का आंकड़ा भी पूरा कर लिया। कगिसो रबाडा के 4 ओवर पूरे हो चुके हैं। 16वें ओवर में रबाडा ने अपने आखिरी ओवर में महज 4 रन दिए। उनकी इस बॉल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। रबाडा ने अपने कोटे के 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट झटके। 15वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने 19 रन खर्च कर दिए। उनकी शुरूआती 3 बॉल पर तिलक वर्मा ने एक छक्का और दो चौके लगाए। 14वें ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अशोक शर्मा की तीसरी बॉल पर बाई का एक रन आया। इसी के साथ मुंबई की पारी का 100वां रन बना। तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या नाबाद हैं। 13वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर 45 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने कगिसो रबाडा के हाथों कैच कराया। 11वें ओवर में नमन धीर ने वॉशिंगटन सुंदर की दूसरी बॉल पर छक्का लगाया। उन्होंने अगली बॉल पर एक चौका भी लगा दिया।

सुंदर के इस ओवर से 13 रन आए हैं। 10वें ओवर में राशिद खान ने महज 7 रन का ओवर डाला। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। राशिद ने पहले ओवर में 2 रन दिए थे। मुंबई की शुरूआत खराब रही है। टीम ने 46 रन बनाने में पावरप्ले में 3 विकेट गंवा दिए। रबाडा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव को बोल्ड कर दिया। इस ओवर की शुरूआती दो बॉल पर 10 रन आ गए थे। इनमें एक छक्का और एक चौका शामिल रहा। चौथे ओवर में मुंबई ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर कगिसो रबाडा ने क्विंटन डी कॉक को अपनी ही बॉल पर कैच किया। डी कॉक 13 रन बनाकर आउट हुए। रबाडा को दूसरा विकेट मिला है।

उन्होंने मालेवार को एलबीडब्ल्यू किया। तीसरे ओवर में नमन धीर ने मोहम्मद सिराज की बॉल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी और चौथी बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। सिराज के इस ओवर में 10 रन बने। मुंबई ने दूसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया है। यहां पर डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवार 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कगिसो रबाडा ने छह्ह कराया। मोहम्मद सिराज ने मुंबई की पारी का पहला ओवर डाला।

हम एक दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखते हैं : कोनोली

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कूपर कोनोली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम के अब तक के अजेय अभियान का श्रेय टीम के अंदर सकारात्मक माहौल और एक दूसरे से छोटी-छोटी चीज सीखने को दिया। कोनोली की 46 गेंद पर 87 रन की पारी और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (37 गेंदों में 93 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने रविवार को यहां सात विकेट पर 254 रन बनाए और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 54 रन की आसान जीत दर्ज की। कोनोली ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, हम सभी इस बात पर चर्चा करते हैं कि एक-दूसरे के लिए क्या कारगर है। हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी बातें सीखते हैं। हमें एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखने का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, हम सभी बेहतर होने की कोशिश कर रहे हैं। खेल का यही उद्देश्य होता है। सर्वश्रेष्ठ टीम बनना। हम एक टीम के रूप में बेहतर होने के लिए एक-दूसरे से सीख लेते हैं। कोनोली ने कप्तान श्रेयस अय्यर की टीम का शानदार तरीके से नेतृत्व करने के लिए सराहना की।

दिल्ली के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा हैदराबाद

हैदराबाद। पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। सनराइजर्स की तरफ से पिछले दो मैच में अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ियों प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार ने मौकों का पूरा फायदा उठाया है।

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हिंगे के शानदार प्रदर्शन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ ईशान मलिंगा की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उसकी टीम जीत हासिल करने में सफल रही। बल्लेबाजी सनराइजर्स का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके प्रमुख बल्लेबाज जैसे ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए हैं। बल्लेबाजी में उसका दारोमदार शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर है लेकिन इनके नहीं चल पाने पर उसके मध्यक्रम पर दबाव बढ़ जाता है। विशेषकर हेनरिक क्लासेन को सारी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। मध्यक्रम में उसके अन्य बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए हैं, लेकिन टीम को उनसे और अधिक योगदान की जरूरत है। पहले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले समीर रिजवी पिछले तीन मैच में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली की गेंदबाजी में हालांकि विविधता है और पिछले साल टीम की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति के बावजूद उसके गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने किफायती गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक पांच मैचों में सात विकेट लिए हैं। कप्तान अक्षर पटेल ने भी किफायती गेंदबाजी की है लेकिन बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव अभी तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और टी नटराजन ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

टीम इस प्रकार हैं:

सनराइजर्स हैदराबाद: ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी.

दिल्ली कैपिटल्स: अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

संक्षेप

एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर : सूरज चंद ने पुरूष एकल खिताब जीता

चेन्नई। भारत के सूरज कुमार चंद ने दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रियू को सीधे गेम में हराकर एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने आठवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 11-5, 11-9, 11-3 से हराया। मिस्र की सातवीं वरीयता प्राप्त रोकैया ओथमैन ने मलेशिया की दूसरी वरीयता प्राप्त हरलीन तान को 12-10, 11-7, 9-11, 11-7 से हराकर महिला खिताब जीता।

अतिका मीर ने इटली में दूसरा स्थान किया हासिल

लोनाटो (इटली)। भारतीय रेसिंग की नई सनसनी 11 वर्षीय अतिका मीर ने विश्व सीरीज कार्टिंग (डब्ल्यूएसके) की पहली रेस में दूसरा स्थान हासिल किया जो किसी भारतीय का इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। फॉर्मूला वन अकादमी से सहायता पाने पहली भारतीय और ओकेएनजे श्रेणी (12-14 वर्ष की आयु) में विश्व स्तर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला रेसर अतिका ने यहां साउथ गार्डा कार्टिंग में डब्ल्यूएसके यूरो सीरीज राउंड दो की शुरुआती रेस में शानदार प्रदर्शन किया। यह दूसरा अवसर है जबकि डब्ल्यूएसके में ओकेएनजे श्रेणी की किसी रेस में किसी महिला खिलाड़ी ने दूसरा स्थान हासिल किया। अतिका ने यूरोपीय सर्किट पर अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उनकी इस रेस के दौरान दर्शकों में मर्सिडीज एफवन के बॉस टोटो वोल्फ और उनके स्टार ड्राइवर जॉर्ज रसेल भी मौजूद थे।

राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 36 खिलाड़ी चुने

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में 20 अप्रैल से नौ मई तक लगाए जाने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए सोमवार को 36 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। इस कोचिंग शिविर में टीम संयोजन, फिटनेस और मैच की परिस्थितियों की तरह अभ्यास सत्र आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह शिविर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को इस साल एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेलों में भाग लेना है।

मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को हराया, खिताबी दौड़ रोमांचक

एजेंसी

मैनचेस्टर। स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं।

मैनचेस्टर सिटी को बुधवार को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी। हालैंड ने 65वें मिनट में गोल किया जो लीग में उनका 23वां गोल है और वह इस प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। रायन चेर्की ने 16वें मिनट में सिटी को बढ़त दिलाई, लेकिन आर्सेनल ने दो मिनट बाद ही काई हावर्ट्ज के गोल से बराबरी कर दी थी। इस बीच लिवरपूल और एस्टन विला ने स्टॉपेज टाइम में विजयी गोल दागने के बाद चैंपियंस लीग में जगह बनाने की तरफ कदम बढ़ाए। वर्जिल वैन डाइक ने अतिरिक्त समय के 10वें मिनट में हेडर से गोल करके लिवरपूल को एवर्टन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस मैच में मोहम्मद सलाह ने रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला गोल किया। उन्होंने लिवरपूल की तरफ से 1992 (प्रीमियर लीग युग) के बाद सर्वाधिक गोल करने के स्टीवन जेरार्ड के बराबरी की।

तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, व हरियाणा अंतिम-16 में

एजेंसी

देहरादून। जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में सोमवार को लड़कों की टीम स्पर्धाओं के शुरुआती दो दौर काफी हद तक उम्मीद के मुताबिक रहे, जिसमें खिताब के

महाराष्ट्र, पीएसपीबीए, दिल्ली एनसीओइ भी शामिल

दावेदार राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों ने अपना दबदबा कायम रखा। अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, महाराष्ट्र, पीएसपीबीए, दिल्ली, एनसीओई और हरियाणा ने एक राउंड शेष रहते ही प्री-क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली, जिससे पदक के प्रबल दावेदार के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हो गई। ऐसे में ग्रुप में दूसरा स्थान तय करने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होगी।

तमिलनाडु ने ग्रुप ए में पंजाब और चंडीगढ़ को समान रूप से 3-0 से हराया, जबकि ग्रुप बी में बंगाल ने अपने दोनों मैच जीते। टीम ने उत्तर प्रदेश को 3-0 और गुजरात को 3-1 से हराया। ग्रुप सी में जम्मू-कश्मीर ने असम को कड़ी चुनौती दी, लेकिन उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। असम ने इसके बाद मणिपुर को 3-0 से हराया, जबकि जम्मू-कश्मीर ने नगालैंड को इसी अंतर से हराया। महाराष्ट्र ने ग्रुप डी में उत्तराखंड और कर्नाटक को 3-0 से हराया। कर्नाटक और उत्तराखंड ने इसके बाद झारखंड पर समान रूप से 3-0 की जीत के साथ अच्छी वापसी की। ग्रुप ई में पीएसपीबीए का दबदबा रहा, जिसने गोवा को 3-1 और राजस्थान को 3-0 से हराया। दिल्ली ने ग्रुप एफ में छत्तीसगढ़ को आसानी से 3-0 से हराया, लेकिन ओडिशा से उसे कड़ी टक्कर मिली।

दिल्ली ने ओडिशा को 3-2 से मात दी। ग्रुप जी में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहाँ हिमाचल प्रदेश ने मध्य प्रदेश को 3-2 से हराया, जबकि एनसीओई से उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। एनसीओई ने पुडुचेरी को 3-0 से मात देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

डीपी बर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप का नूंह में होगा आगाज

नूंह। वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान और मनु गंडास जैसे शीर्ष घरेलू गोल्फरों सहित लगभग 130 पेशेवर खिलाड़ी सोमवार को यहां क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में शुरू होने वाली एक करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

ईटीपीएल में ग्लास्गो टीम की घोषणा

एजेंसी

मुंबई। पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने सोमवार को स्कॉटलैंड की ग्लास्गो मुगाफियंस फ्रेंचाइजी की घोषणा की जिसमें वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल

क्रिस गेल व मुगाप्पी ग्रुप मालिक

सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन के सह स्वामित्व वाली ईटीपीएल का पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर के बीच खेला जायेगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी के बीच 33 मैच छह शहरों ग्लास्गो, एम्सटर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटरडम में खेले जायेंगे। लीग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार ग्लास्गो टीम का स्वामित्व तंशा बत्रा के पास होगा जबकि मुगाफी ग्रुप संस्थापक साझेदार रहेगा। गेल इसके सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। ग्लास्गो टीम के बारे में अभिषेक ने कहा हम मुगाफी ग्रुप और क्रिस गेल का इस सफर में स्वागत करते हुए आनंदित हैं। यूरोप क्रिकेट के लिये सबसे रोमांचक नये क्षेत्रों में से एक है जहां खेल संस्कृति, विविधता और अपार संभावनायें हैं। हम इस लीग के माध्यम से नयी प्रतिभाओं को मंच देंगे और यूरोप को विश्व क्रिकेट का केंद्र बनायेंगे।

वहीं गेल ने कहा, ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा हो रही है। मैने दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग खेला है और मुझे यकीन है कि यह लीग खास होगी। मुगाफी ग्रुप के संस्थापक और सीईओ विपुल अग्रवाल ने कहा, दुनिया भर में क्रिकेट के प्रशंसकों की संख्या बढ रही है।

शिवम साहू बने बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के चेयरमैन

खेल संवाददाता

लखनऊ। उद्यमी व समाज सेवी शिवम विजय साहू को बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ का चेयरमैन सर्वसम्मति से चुन लिया गया है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में गत 17 अप्रैल को हुई एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा की बैठक में इस आशय का प्रस्ताव एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री ने रखा जिसका सचिव सहदेव सिंह ने समर्थन किया। इस प्रस्ताव को सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने करतल ध्वनि से अनुमोदन किया। बैठक के बाद अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री व सचिव सहदेव सिंह ने बताया कि शिवम विजय साहू की नियुक्ति से बाक्सिंग खेल को लखनऊ में नया आयाम मिलेगा और लखनऊ के बाक्सरों की सुविधाओं मे बढ़ोत्तरी होगी। मनोनयन के पश्चात नवनिर्वाचित चेयरमैन शिवम विजय साहू ने कहा कि हम बाक्सिंग के लखनऊ में और ज्यादा विस्तार के लिए काम करेंगे। हमारा प्रयास होगा कि लखनऊ के खिलाड़ियों को अधिक से अधिक एक्सपोजर मिले ताकि शहर के बाक्सर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ सके।

भारत को विश्व एथलेटिक्स ने बेहद जोखिम वाली श्रेणी में रखा

मोनाको। पिछले दो वर्षों से डोपिंग के मामले में शीर्ष पर रहने के बाद विश्व एथलेटिक्स ने सोमवार को भारत को डोपिंग के मामले में बेहद जोखिम वाला देश करार दिया जिससे एथलीटों पर अधिक सख्त डोपिंग रोधी नियम लागू होंगे। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट बोर्ड ने हाल ही में लिए गए एक फैसले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ को विश्व एथलेटिक्स के डोपिंगरोधी नियमों के नियम 15 के तहत श्रेणी बी से फिर से श्रेणी ए में रख दिया है।

65 किग्रा भार में अजेय रहे भारतीय पहलवान सुजीत

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले एक साल में 65 किग्रा भार वर्ग में लगभग अजेय रहे भारतीय पहलवान सुजीत कलकल स्वयं को अपना आदर्श और जीत का प्रबल दावेदार मानते हैं लेकिन इसके साथ ही वह एलीट वर्ग की प्रतियोगिताओं में परिणाम को लेकर अनिश्चितता क प्रति भी जागरुक हैं। सुजीत ने जून 2025 में अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में मिली जीत के बाद से सीनियर विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर प्रत्येक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।

उन्होंने हाल में बिश्केक में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनका मानना है कि प्रदर्शन में निरंतरता और आत्मविश्वास उनकी सफलता की कुंजी रहे हैं। सुजीत ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा, मैं किसी खास व्यक्ति का अनुसरण नहीं करता। मुझे अपने मुकाबले देखना पसंद हैं, वह भी विशेषकर रविवार को। आप कह सकते हैं कि मैं खुद को अपना आदर्श मानता हूं। सुजीत भले ही किसी विशेष पहलवान को अपना आदर्श नहीं मानते, लेकिन वह योगेश्वर दत्त, बजरंग पूनिया और अमित धनकड़ जैसे दिग्गज पहलवानों की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा, मैं योगेश्वर दत्त और अन्य पहलवानों को देखता था। उनसे सहनशक्ति, गति और ताकत जैसी कई चीजें सीखने को मिलती हैं, लेकिन मैं अधिकतर अपने मुकाबलों का विश्लेषण करता हूं। हमारा कार्यक्रम व्यस्त रहता है, लेकिन रविवार या विश्राम के दिनों में मैं अपने और सीनियर पहलवानों के मुकाबले देखता हूं।

इससे गलतियों की पहचान करने और उनमें सुधार करने में मदद मिलती है। सुजीत ने 65 किग्रा में अपने दबदबे के बावजूद यह मानने से इनकार कर दिया कि इस वजन वर्ग में उनका पूर्ण नियंत्रण है। उनसे पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया इस भार वर्ग में भाग लेते थे। उन्होंने कहा, ऐसा कुछ नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता। हर कोई कड़ी मेहनत करता है। जिसका दिन अच्छा होता है, वही जीतता है। ईश्वर की कृपा से मैं अब तक जीतता आया हूं और आगे भी जीतता रहूंगा तथा अपने देश को गौरवान्वित करूंगा। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि आगामी एशियाई खेल में उनके प्रदर्शन की असली परीक्षा होगी। उन्होंने कहा, मैं पिछले दो साल से किसी भारतीय पहलवान से नहीं हारा हूं। ईरान और जापान की बात करें तो एशियाई खेलों में हमें अपना स्तर पता चल जाएगा।

प्रणवी उर्स जोबर्ग लेडीज ओपन में संयुक्त 36वें स्थान पर

जोहानिसबर्ग। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स अंतिम दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से यहां जोबर्ग लेडीज ओपन में संयुक्त 36वें स्थान पर रहीं। टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय प्रणवी ने अंतिम दौर में दो बर्डी ओर एक ईगल किया लेकिन तीन बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर एक अंडर रहा। चार अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बक्शी कट हासिल करने में नाकाम रहीं। इस बीच फ्रांस की अगाथे लेस्ने ने पांच अतिरिक्त होल में कर्स्टन रुडगेली को पछाड़कर खिताब जीता। अगाथे, कर्स्टन और दक्षिण अफ्रीका की कसांड्रा एलेक्जेंडर नियमित खेल के बाद 19 अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर थीं।

आईएसएसएफ विश्व कप में दांव पर दो स्वर्ण

एजेंसी

काहिरा। भारतीय जूनियर निशानेबाज मंगलवार से यहां शुरू होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में इस सत्र में पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे जिसके पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में पदकों का फैसला होगा।

भारत इस प्रतियोगिता में 71 खिलाड़ियों को उतारेगा जिसमें 58 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य रविवार को काहिरा पहुंच गए थे। प्रतियोगिता के पहले दिन की शुरुआत पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 25 मीटर पिस्टल प्रेसिजन चरण के साथ होगी। इसके साथ ही स्कीट में पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में शुरुआती चरण के निशाने भी लगाए जाएंगे। भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छह निशानेबाजों को उतारा है, जिनमें एशियाई जूनियर रिकॉर्ड धारक और 2025 की आईएसएसएफ विश्व कप चैंपियन शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी।

उनके अलावा अनुष्का थोकुर, मान्यता सिंह, अनीशा शर्मा, अन्वी राठौड़ और पनाह भुगरा भी अपनी चुनौती पेश करेंगी। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी भारत के छह खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन और मिश्रित स्पर्धा में 2023 विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता शिव नरवाल भी शामिल है। वह तीन साल के अंतराल के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। डेफलिम्पिक्स 2025 के चैंपियन अभिनव देशवाल, अभिनव चौधरी, अभय धामा, हिमांशु राणा और 17 वर्षीय चिराग शर्मा अन्य भारतीय निशानेबाज है जो इस स्पर्धा में अपना भाग्य आजमाएंगे। क्वालीफाइंग राउंड के बाद हालांकि किसी एक देश के अधिकतम तीन खिलाड़ी ही फाइनल में जगह बना पाएंगे।

बंगाल में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल

बंगाल में भाजपा दुर्गा स्क्वॉयड बनायेगी, सातवां वेतन आयोग लागू करेगी : राजनाथ

सैंथिया (पश्चिम बंगाल)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को तृणमलू कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल को अराजकता के दौर में धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने वादा किया कि अगर बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनती है, तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा स्काड का गठन किया जाएगा और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग लागू किया जाएगा। राजनाथ ने बीरभूम जिले के सैंथिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल पर बंगाल में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल कायम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि असुरक्षा और सरकारी समर्थन की कमी के कारण उद्योग और निवेशक राज्य छोड़कर जा रहे हैं।



राजनाथ ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूछा कि देश के अन्य हिस्सों में विकास के बावजूद उनका राज्य क्यों पिछड़ रहा है। राजनाथ ने कहा कि तृणमूल सरकार के तहत भ्रष्टाचार बढ़ा है, भूमि माफिया बढ़े हैं और भाई-भतीजावाद बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सरकार बनाती है, तो गुंडे और अपराधी या तो जेल में होंगे या अपने घरों में छिपते फिरेंगे। रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि जहां अन्य राज्यों में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है, वहीं गुंडों और अपराधियों की मौजूदगी तथा राज्य सरकार से सुरक्षा के अभाव के कारण निवेशक बंगाल आने से हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल के शासन में बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति में तेजी से गिरावट आई है और राज्य में महिलाएं अब सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। राजनाथ ने ममता के बांग्ला निजेर मेयेकेई चायै का जिक्र करते हुए कहा, आज बंगाल की माताएं, बहनें और बेटियां भी सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। हत्या, लूटपाट और अन्य अपराध खुलेआम हो रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए दुर्गा स्काडै का गठन करेगी। राजनाथ ने कहा, महिलाओं पर अत्याचार के लिए हम दुर्गा स्काड बनाएंगे। महिलाओं को परेशान करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में भय का माहौलै है और लोग भाजपा के लिए खुले तौर पर समर्थन व्यक्त करने से डरते हैं। राजनाथ ने कहा कि राजनीति न्याय और मानवता पर आधारित होनी चाहिए, न कि धर्म या जाति पर। उन्होंने बेरोजगारी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि बंगाली युवा काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। राजनाथ ने बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का वादा करते हुए कहा कि भाजपा राज्य में पांच साल में पांच लाख नौकरियां उपलब्ध कराएगी। उन्होंने राज्य सरकार के कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि भाजपा सत्ता संभालने के डेढ़ महीने के भीतर सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करेगी। बांग्लादेश से घुसपैठ के मुद्दे का जिक्र करते हुए राजनाथ ने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के काम में देरी की है। जब मैं केंद्रीय गृह मंत्री था, तब मैंने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन की मांग की थी।

अन्नाद्रमुक के नेतृत्व ने भाजपा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है: राहुल

कन्याकुमारी (तमिलनाडु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अन्नाद्रमुक का नेतृत्व भ्रष्टाचार के कारण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सामने समर्पण कर चुका है।

गांधी ने कहा कि द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक), कांग्रेस और उनके सहयोगी दल तमिल भाषा, संस्कृति और इतिहास की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे (आरएसएस) भी जानते हैं कि तमिल उन्हें चुनौती दे सकते हैं। गांधी ने संघीय सिद्धांतों पर जोर देते हुए कहा कि हर राज्य की अपनी आवाज और प्रतिनिधित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा, जनता को अपने राज्य को खुद चलाना चाहिए, लेकिन भाजपा ऐसा नहीं सोचती वह एक परंपरा, एक भाषा और एक इतिहास में विश्वास करती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कहा कि तमिलनाडु पर यहां की जनता का शासन होना चाहिए। उन्होंने भाजपा पर राज्यों को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा संविधान का पालन नहीं करती वह राज्यों को कमजोर करना चाहती है। मणिपुर में हुए संघर्ष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, देखिए उन्होंने शांतिपूर्ण राज्य मणिपुर के साथ क्या किया। उसे आग में झोंक दिया गया, सैकड़ों लोग मारे गए और अब भी वहां संघर्ष जारी है। महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों पर संसद में हुई चर्चा का जिक्र करते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा का वास्तविक उद्देश्य देश की चुनावी संरचना को बदलना था। उन्होंने कहा, इसके लिए केवल यही कहा जा सकता है कि यह राष्ट्रविरोधी कदम था। गांधी ने कहा, इसीलिए हमने संसद में उस विधेयक को खारिज किया और हम किसी भी ऐसे विधेयक का विरोध जारी रखेंगे, जो देश में किसी के प्रतिनिधित्व को कम करने की कोशिश करेगा।

संक्षेप

कोर्ट ने 20 लोगों को दोषी ठहराया

असम। एक अदालत ने आठ साल पहले भीड़ द्वारा दो व्यक्तियों को बच्चा चोर होने के संदेह में पीटकर मार डालने के मामले में 20 लोगों को सोमवार को दोषी ठहराया और मामले में आरोपी 25 अन्य को बरी कर दिया। जिला सत्र न्यायाधीश डी. जे. महंत ने इस मामले में 45 आरोपियों में से 20 को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया। इनमें गैरकानूनी सभा के एक या अधिक सदस्यों द्वारा की गई हत्या, दंगा, लोक सेवक को उनके आधिकारिक कर्तव्य का पालन करने से रोकना और स्वेच्छा से चोट पहुंचाना शामिल है। अदालत ने यह भी फैसला सुनाया कि अभियोजन पक्ष इस मामले में गिरफ्तार किए गए 25 अन्य लोगों के खिलाफ अपना मामला साबित करने में विफल रहा है, जो वर्तमान में जेल में बंद हैं। आरोपियों को सजा 24 अप्रैल को सुनाई जाएगी। अधीक्षक को बरी किए गए व्यक्तियों को रिहा करने का निर्देश दिया, जबकि आरोपियों को उनके वकीलों के साथ 24 अप्रैल को सजा सुनाए जाने के लिए अदालत में उपस्थित रहना होगा। इस मामले में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन तीन अन्य आरोपी नाबालिग थे और उन्हें वर्तमान में जोरहाट किशोर सुधार गृह में रखा गया है।

सिविल सेवा दिवस पर सिविल सेवकों को संबोधित करेंगे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन मंगलवार को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर देश के नौकरशाहों को संबोधित करेंगे।

भारत में हर साल सिविल सेवा दिवस मनाया जाता है, जो सिविल सेवकों को नागरिकों के प्रति स्वयं को समर्पित करने और सार्वजनिक सेवा व उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर प्रदान करता है। सिविल सेवा दिवस प्रतिवर्ष देशभर के सिविल सेवकों के लिए नागरिकों के हित में स्वयं को समर्पित करने और लोक सेवा तथा अपने कार्य में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने का अवसर है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, वर्ष 1947 में इसी दिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए सिविल सेवकों को भारत का मजबूत स्तंभ बताया था। यह अवसर सिविल सेवकों को नागरिक-केंद्रित प्रशासन के प्रति अपनी दृढ़ता को नवीनीकृत करने का अवसर प्रदान करता है।

तृणमूल ने महिला आरक्षण का विरोध कर महिलाओं के साथ विश्वासघात किया

एजेंसी

पश्चिम बंगाल। प्रमुख नितिन नवीन ने सोमवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने 2029 से विधायिकाओं में महिला आरक्षण लागू करने के केंद्र के प्रयास का विरोध कर उनके (महिलाओं के) साथै विश्वासघातै किया है।

पूर्व मेदिनीपुर के महिषादल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि अगर यह मामलौ अल्पसंख्यकों के आरक्षणै का होता, तो ममता बनर्जी इसके समर्थन में मीलों पदयात्रा को तैयार रहतीं। उन्होंने कहा कि अब राज्य की महिलाओं के लिए समय आ गया है कि वे ऐसी सरकार को सजा दें, जो घुसपैठियों की रक्षा करती है और अपनी बेटियों को असुरक्षित छोड़ देती है। भाजपा नेता ने नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयास और तृणमूल द्वारा इसे बाधित करने के बीच के अंतर को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमारे नेता नरेन्द्र मोदी महिलाओं को शासन में उनका अधिकार दिलाने के लिए नारी

शक्ति वंदन अधिनियम लेकर आए, लेकिन ममता दीदी के सांसदों ने इसका विरोध किया। नवीन ने कहा कि यह विडंबना है कि एक महिला मुख्यमंत्री वाले राज्य में संदेशखालि से लेकर जय नगर तक बेटियों का अपमान हो रहा है। तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया कि मां, माटी, मानुष सरकार के तहत महिलाएं सबसे अधिक पीड़ित और परेशान रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला मुख्यमंत्री अपने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकतीं, तो उन्हें पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। नवीन ने तृणमूल की तुष्टीकरण की राजनीति पर हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि बंगाल में जनता की जमीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में डबल इंजन वाली भाजपा सरकार बनने पर अवैध प्रवासियों को डिलीट, डिमोट और डिपोर्ट किया जाएगा। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि 23 और 29 अप्रैल को होने वाले मतदान में लोग सनातन विरोधी ताकतों को करारा जवाब देंगे। नवीन ने सिंडिकेट संस्कृति को खत्म करने और योग्यता के आधार पर रोजगार देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में परिवर्तन की लहर चल रही है, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित बंगाल का मार्ग प्रशस्त करेगी।

घरेलू उत्पादों के लिए अमेरिका में बाजार का इच्छुक है भारत

नयी दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की बातचीत के लिए वाशिंगटन में मौजूद भारतीय अधिकारियों का एक दल अमेरिका में घरेलू वस्तुओं के लिए तरजीही बाजार पहुंच से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करेगा। गोयल ने यहां सवांददाताओं से कहा कि हमने उनके साथ मुक्त व्यापार समझौते को लगभग अंतिम रूप दे दिया है। यह द्विपक्षीय व्यापार समझौते का पहला चरण है।

उन्होंने कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह कौन सी प्रणाली हो सकती है जिसके द्वारा भारत को अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अमेरिकी बाजार में तरजीही बाजार पहुंच मिल सके। गोयल ने कहा कि भारतीय टीम वाशिंगटन में रहते हुए इन पहलुओं पर चर्चा करेगी। अमेरिकी अधिकारियों के साथ तीन दिवसीय व्यापार वार्ता के लिए भारतीय

अधिकारियों का एक दल वाशिंगटन में हैं। चूंकि अमेरिका में शुल्क परिदृश्य बदल गया है, इसलिए दोनों पक्ष समझौते की रूपरेखा पर पुनर्विचार करना चाहेंगे। समझौते की रूपरेखा पर सात फरवरी को संयुक्त बयान जारी किया गया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर लगाए गए व्यापक शुल्क के खिलाफ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद, ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाया था। उस रूपरेखा के अनुसार, अमेरिका ने भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी। उसने रूसी तेल खरीदने पर भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले 25 प्रतिशत शुल्क को हटा दिया था और शेष शुल्क में कटौती करने वाला था। समझौते के तहत 25 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की दरें तय की गई थीं। लेकिन 20 फरवरी को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने ट्रंप द्वारा लगाए गए जवाबी शुल्क के खिलाफ फैसला सुनाया। इसके बाद, राष्ट्रपति ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। इन बदलावों के मद्देनजर, भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों की फरवरी में होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई। उसके बाद वे अब वाशिंगटन में मिल रहे हैं।

भागवत ने भारत में संस्कृत के अधिक प्रचार-प्रसार पर दिया जोर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने देश में संस्कृत के अधिक प्रचार-प्रसार की सोमवार को पुरजोर वकालत की और कहा कि इसके प्रसार में वृद्धि न केवल अन्य सभी भारतीय भाषाओं को समृद्ध करेगी और उनके बीच एक सेतु का काम करेगी।

बल्कि लोगों को भारत के प्राचीन विचारों और संस्कृति से भी जोड़ेगी। भागवत ने संस्कृत भारती के नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत नाम केवल भौगोलिक नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत एक परंपरा है, एक आधार है जिस पर जीवन का प्रवाह निरंतर बना रहता है। यह एक ऐसी परंपरा है जो संपूर्ण ब्रह्मांड में जीवन को बनाए रखती है, जिसमें इसके सभी सजीव और निर्जीव घटक शामिल हैं। विश्व को इस परंपरा की निरंतर आवश्यकता है और इस आवश्यकता को पूरा करना उन लोगों का कर्तव्य है जो स्वयं को भारतीय मानते हैं। भागवत ने कहा कि इसके लिए भारत को जानना और समझना आवश्यक है, साथ ही इसके ज्ञान की संपूर्ण संपदा को भी समझना होगा, ताकि इसे जीवंत रखा जा सके और आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि ये सब करना है, तो भारत को समझने के लिए संस्कृत को समझना अनिवार्य है। भारत में अनेक भाषाएं हैं। भारत की प्रत्येक भाषा अपने आप में एक राष्ट्र भाषा है। लेकिन इन विविध राष्ट्र भाषाओं को जोड़ने वाली कड़ी क्या है? वह है संस्कृत। भागवत ने संस्कृत भारती से देश में संस्कृत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रयास करने का आह्वान किया और कहा कि इस दिशा में कार्य इतना आगे बढ़ना चाहिए कि भारत का हर व्यक्ति संस्कृत में बातचीत करने में सक्षम हो सके।

इंटरटेनमेंट...

'धुरंधर 2' ने वर्ल्डवाइड कमाये 1783 करोड़

मुंबई। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड ब्रेकिंग परफॉर्मेंस कर रही है। रणवीर सिंह स्टारर इस फिल्म ने रिलीज के 32 दिन पूरे कर लिए हैं और अब यह वर्ल्डवाइड 1783 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। फिल्म अपने पांचवें हफ्ते में भी शानदार प्रदर्शन कर रही है और जल्द ही 1800 करोड़ के क्लब में शामिल हो सकती है।

पांचवें वीकेंड में भी शानदार पकड़ फिल्म ने अपने पांचवें वीकेंड (शुक्रवार से रविवार) में कुल 13.50 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है। शुक्रवार (30वें दिन) को फिल्म ने 3 करोड़, शनिवार को 5 करोड़ और रविवार (32वें दिन) को 5.50 करोड़ रुपए कमाए। एक महीना बीत जाने के बाद भी फिल्म की कमाई में तेजी जारी है। जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी है। भारत में 1153 करोड़ का नेट कलेक्शन 'धुरंधरः द रिवेंज' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अब तक 1153 करोड़ रुपए (नेट) कमा लिए हैं। अगर ग्रॉस कलेक्शन की बात करें तो भारत में यह आंकड़ा 1360 करोड़ रुपए

तक पहुंच गया है। फिल्म के पहले हफ्ते की कमाई 690 करोड़ थी, जिसने एक मजबूत बेस तैयार किया था। इसके बाद दूसरे हफ्ते में 271 करोड़, तीसरे में 120 करोड़ और चौथे हफ्ते में 58 करोड़ रुपए का कलेक्शन रहा। धुरंधर 2 दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म भी बन चुकी है। धुरंधर 2 ने 1,742.10 करोड़ रुपए कमाने वाली अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 को पीछे छोड़ दिया। अब यह सिर्फ दंगल (2070 करोड़) और बाहुबली-2 (1,788.06 करोड़) से पीछे है। धुरंधर 2 दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। फिल्म की दुनियाभर में कमाई 1,748.91 करोड़ रुपए हो गई। धुरंधर 2 ने 1,742.10 करोड़ रुपए कमाने वाली अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 को पीछे छोड़ दिया।

अब यह सिर्फ दंगल (2070 करोड़) और बाहुबली-2 (1,788.06 करोड़) से पीछे है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के 31वें दिन भारत में 4.65 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। फिल्म का कुल भारत नेट कलेक्शन अब 1,110.47 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जबकि भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 1,329.31 करोड़ रुपए हो गया। ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होती है। ओवरसीज में फिल्म ने 31वें दिन 1.10 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का कुल ओवरसीज ग्रॉस कलेक्शन 419.60 करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

मुझे कोई काम नहीं दे रहा : अर्चना सिंह

मुंबई। फिल्म 'निकाह' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली अर्चना पूरन सिंह आज 'कपिल शर्मा शो' की जज के तौर पर पहचानी जाती हैं। हालांकि, इसी शोहरत ने उनके एक्टिंग करियर पर ब्रेक लगा दिया है। एक इंटरव्यू में अर्चना ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि कपिल के शो की व्यस्तता के कारण उन्होंने इतने प्रोजेक्ट्स को मना किया कि अब मेकर्स ने उन्हें काम ऑफर करना ही बंद कर दिया है। स्कॉटलैंड में 25 दिन की शूटिंग छोड़नी पड़ी शोशा को दिए इंटरव्यू में अर्चना ने बताया कि कुछ साल पहले उन्हें एक फिल्म के लिए स्कॉटलैंड में 25 दिनों के शूट का ऑफर मिला था। उस वक्त 'द कपिल शर्मा शो' टीवी पर आता था और साल में करीब 100 एपिसोड शूट होते थे। शो की टाइट डेट्स के कारण उनके पास किसी और फिल्म के लिए समय नहीं बचता था।

मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन के अप्रूवर बनने पर विवाद

मुंबई। 200 करोड़ रुपए के हाई-प्रोफाइल मनी लॉन्ड्रिंग केस में नया कानूनी मोड़ आया है। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी देकर खुद को अप्रूवर यानी सरकारी गवाह बनाने की मांग की है। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है,

जिस पर करोड़ों की ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार जैकलीन की अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत में आपत्ति जताई है। एऊ ने कोर्ट से कहा कि याचिका अस्पष्ट और

अधूरी है, इसलिए जवाब के लिए समय दिया जाए। कोर्ट ने ईडी की बात मानते हुए उसे जवाब दाखिल करने के लिए समय दे दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जैकलीन ने कोर्ट में कहा कि वह जांच एजेंसियों के साथ सहयोग करना चाहती हैं।

सलमान खान की फिल्म 'राजा शिवाजी' में एंट्री कन्फर्म

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट पैदा कर दी है। अभिनेता-निर्देशक रितेश देशमुख ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'राजा शिवाजी' में सलमान की एंट्री कन्फर्म कर दी है। रितेश देशमुख ने यह घोषणा हाल ही में 'बिग बॉस मराठी सीजन 6' के दौरान की। उन्होंने साफ कहा कि सलमान खान इस फिल्म में एक बड़ा और अहम रोल निभाने वाले हैं। इस खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर चर्चा तेज हो गई है और फैंस अब सलमान के किरदार को लेकर कयास लगा रहे हैं। हालांकि, फिल्म में सलमान खान किस भूमिका में नजर

आएंगे, इस पर अभी सस्पेंस बरकरार है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वह छत्रपति शिवाजी महाराज के करीबी सहयोगी जीवा महाला का किरदार निभा सकते हैं, लेकिन मेकर्स ने इस पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। 'राजा शिवाजी' एक भव्य ऐतिहासिक फिल्म है, जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, वीरता और नेतृत्व पर आधारित है।

इस फिल्म में रितेश देशमुख खुद शिवाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं और इसके निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। फिल्म की स्टार कास्ट भी काफी दमदार है। इसमें अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, विद्या बालन और जेनेलिया देशमुख समेत कई बड़े नाम शामिल हैं। सलमान खान के जुड़ने से फिल्म का स्केल और भी बड़ा हो गया है, जिससे इसे पैन-इंडिया स्तर पर जबरदस्त फायदा मिलने की उम्मीद है।



Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com